Digitized by Madhuban Trust, Delhi

वैदिक महाव्याकरण

मधुसूदन मिश्र

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

gitized by Madhuban Trust, De

वैदिक महाव्याकरणम्

मधुसूदन मिश्र

Kumar Col. Deoband

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

यह वैदिक महाव्याकरण प्रो० ह्विटनी और प्रो० मेकडोनेल की कृतियों पर आधारित है। पढ़ने वालों को लगेगा कि यह 'सिद्धान्तकौमुदी' की सुलझाई हुई वैदिक स्वर-प्रक्रिया है। यथासम्भव, पाणिनि के सूत्र भी डाल दिये गये हैं। कहीं-कहीं पाश्चात्य विद्वानों की भूलों को भी सुधारा गया है। अब बभूतु, बभूयात्, भूतु, अबभूत् आदि रूप दुरूह नहीं मालूम पड़ेंगे।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

यह वैि
प्रो० मेकडो
वालों को
सुलझाई हुई
पाणिनि के
पाश्चात्य वि
अब बभूतु,
नहीं मालूम

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

श्रीगणेशाय नमः

वैदिक महाव्याकरण

मधुसूदन मिश्र

विद्यानिधि प्रकाशन

दिल्ली

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

प्रकाशक :

विद्यानिधि प्रकाशन

डी–10/1061 (समीप श्रीमहागौरी मन्दिर)
खजूरी खास, दिल्ली–110094

© लेखक

प्रथम संस्करण : 2013

ISBN : 978-93-80651-50-7

मूल्य : 250.00

मुद्रक :
विशाल कौशिक प्रिंटर्स, दिल्ली–110093

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

दो शब्द

दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज कल भारत में वेद की पढ़ाई बन्द हो गयी है। जब से अष्टाध्यायी पद्धति को छोड़कर कौमुदी पद्धति पर आये, वेद का ज्ञान शून्य होने लगा, क्योंकि वैदिक और स्वर प्रक्रिया को एक कोने में धकेल दिया गया। पाश्चात्त्य विद्वानों ने भी पहले लौकिक संस्कृत को ही सीखा, पर तुरत वे वैदिक साहित्य की ओर मुड़े। वैदिक भाषा का साक्षात् परिचय प्राप्त कर वे वैदिक व्याकरण लिखने बैठे। उन्होंने देखा कि पाणिनि वैदिक रूपों की तो चर्चा करते हैं, पर वे उस बिन्दु पर नहीं है जहाँ से संस्कृत भाषा के प्रवाह का आरम्भ दिखायी दे। पाणिनि उस प्रवाह के बीचोंबीच हैं, पर ज्यादा आगे की ओर देखते हैं, पीछे की ओर केवल झांकते हैं।

पाश्चात्त्य विद्वान भाषा के आदिकाल तक दौड़ गये। पुराने प्रवाह को कहीं-कहीं क्षीण होते और मिटते भी देखा, किसी नये प्रवाह को जुटते भी देखा। जो रूप ऋग्वेद में फूलते-फलते दीख रहे थे वही अथर्ववेद में मुरझा रहे थे। दूसरी ओर, नये रूपों का जन्म भी हो रहा था।

सबसे पहले प्रो० ह्विटनी का ऐतिहासिक व्याकरण आया। प्रो० मेकडौनेल ने तत्कालीन तमाम व्याकरणों को समेट कर अपना वैदिक व्याकरण लिखा। उसके बाद उसका छात्रोपयोगी संस्करण भी निकाला।

पाश्चात्त्य विद्वान संस्कृत शुरू करने से पहले ग्रीक और लैटिन व्याकरण को पढ़ चुके होते थे। धीरे-धीरे वे संस्कृत व्याकरण को ग्रीक-लैटिन पद्धति पर ले गये। वैदिक व्याकरण तो पाश्चात्त्य विद्वानों की देन है। लेकिन वह ग्रीक-लैटिन पद्धति पर निकला। फलस्वरूप, भारतीय छात्र उसका पूरा लाभ नहीं उठा पाये। एक तो रोमन लिपि होने के कारण, दूसरे ग्रीक-लैटिन पारिभाषिक शब्दों से युक्त होने के कारण भारतीय छात्र उसे नहीं अपना पाये।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

वे सिद्धान्त कौमुदी की स्वर-वैदिक प्रक्रिया से ही सन्तोष करने लगे। पश्चिमी देशों में तो वेद की पढ़ाई ने जोर पकड़ा, पर वहाँ भी यह शिथिल ही होता गया। ग्रीफिथ का ऋग्वेद का अंग्रेजी अनुवाद तथा गेल्दनर का जर्मन अनुवाद आया, और उसके बाद वहाँ भी वेद का अध्ययन बन्द हो गया।

फिर भी वैदिक व्याकरण लिखकर पाश्चात्त्य विद्वानों ने हमारा बहुत उपकार किया है। हिन्दी में ऐसे वैदिक व्याकरण की आवश्यकता है जो पाश्चात्त्य वैदिक व्याकरण का अनुवाद हो, पर ऐसा न लगे कि यह 'मक्षिका स्थाने मक्षिका' है। वे पाणिनीय पद्धति को ग्रीक लैटिन पद्धति में ढाल सकते हैं तो क्या हम ग्रीक-लैटिन पद्धति को पाणिनीय पद्धति में नहीं ढाल सकते हैं? यही हमने किया है। अष्टाध्यायी में तीन सूत्र जोड़ने की हमने धृष्टता भी की है।

पाश्चात्त्य विद्वानों ने यह मान लिया था कि वैदिक भाषा बाहर से आयी। इसलिये अच्छा से अच्छा व्याकरण लिखकर भी वे वैदिक मंत्रों का अटपटा अर्थ बताने लग गये। यह तो गेल्दनर के अनुवाद से प्रकट हो जाता है। प्रो० रोथ ने कहा कि ऋग्वेद पूरी आर्य जाति की संपत्ति है और पाश्चात्त्य विद्वानों को ही उसमें माहिर होने का दावा किया। पर प्रो० रेनू का कहना ज्यादा ठीक है कि वेद के अर्थ को हमें भारतीय दृष्टिकोण से समझना होगा।

हमारा सारा वैदिक साहित्य सिन्धु सभ्यता के नागरिक जीवन की ओर झांकता दिखायी देता है। मंत्र जितना ही गूढ है, झांकी उतनी ही निराली है। ऋग्वेद का मण्डूक सूक्त हमें नौ हजार वर्ष पहले ले जाता है। ऋग्वेद २-४-५ हमें सिन्धुसभ्यता की भयंकर अगलगी की याद दिलाता है। ऋग्वेद १०-१०६ सूक्त उस सभ्यता के नागरिक जीवन का दोष-गुण बताता है। वेदों का अर्थ हमें अपने आप समझना होगा। यह व्याकरण उसी के लिये है। शायद मेरा स्वप्न साकार हो।

बुद्ध पूर्णिमा, दिल्ली — **मधुसूदन मिश्र**

६-५-२०१२

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

भूमिका

जब भाषा का प्रवाह चल पड़ता है तो वह आगे चलता ही रहता है। इस प्रवाह का अन्त तब होता है जब उसके बोलने-वाले नष्ट कर दिये जाते हैं या क्षीण होता हुआ वह प्रवाह किसी अन्य प्रवाह में विलीन हो जाता है। उस प्रवाह में तीन पड़ाव बताये गये हैं। पहले पड़ाव तक उस भाषा में व्याकरण नहीं होता। सभी शब्द परस्पर स्वतंत्र होते हैं। वाक्य छोटा होता है जिनमें शब्दों को आगे पीछे रखकर जरूरत की बातें कह देते हैं। भाषा के उस पड़ाव को पृथक्पद कहते हैं।

बदलते हुए समाज की अवश्यकताओं के अनुसार भाषा में व्याकरण आने लगता है। किसी खास भाव को व्यक्त करने के लिये कुछ खास शब्द महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं और व्याकरण के तत्त्व बनजाते हैं। जैसे, 'बन्दर' 'एक' का वाचक है। उसमें 'बहुत' का भाव लाने के लिये कहते हैं 'बन्दर-लोग'। भाषा के इस पड़ाव को कहते हैं युक्तपद। प्रागैतिहासिक संस्कृत में आ-ह. आ-स आदि रूप युक्तपद के उदाहरण हैं जिसे कोई नहीं जानते। बाद में गच्छति स्म, निपतति पुरा आदि ऐसे ही प्रयोग आये, जिन्हें भी लोग युक्तपद के उदाहरण नहीं मानते।

आगे चलकर सारे भाव व्याकरण के विशेष तत्त्वों से ही व्यक्त होने लगते हैं। पर वे तत्त्व कालक्रमेण शब्दों में इस तरह सट जाते हैं कि दोनों को अलग करते समय दोनों के अंग कुछ छिल जाते हैं। भाषा के इस पड़ाव को श्लिष्टपद कहते हैं। भाषा का यही रूप सर्वोत्तम माना जाता है। भाषा के इसी रूप में उत्तम से उत्तम विचारों की अभिव्यक्ति हुई है।

भारतीय इतिहास में सरस्वती नदी के किनारे जो सभ्यता उभरी उसकी भाषा एकाक्षरा पृथक्पदा थी। बाद में उसी भाषा में व्याकरण के तत्त्व

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

आने लगे। भाषा युक्तपदा हो गयी। यह दूसरा पड़ाव था। वैदिक भाषा उसी प्रवाह का तीसरा पड़ाव है। संस्कृत में पृथक्पद, युक्तपद और श्लिष्टपद - सभी के उदाहरण विद्यमान हैं।

वैयाकरण किसी खास बिन्दु पर रुककर उसका विश्लेषण शुरू कर देते हैं। पाणिनि जिस समय अपना व्याकरण लिख रहे थे उस समय श्लिष्टपद प्रवाह बहुत दूर तक बह चुका था। वैदिक भाषा बहुत पीछे रह गयी थी। उसके बभूतु, भूतु, बभूयात् आदि क्रियारूप अप्रचलित हो चुके थे। ऐसे रूपों का विश्लेषण पाणिनि ने आवश्यक नहीं समझा। वेद के व्याख्याता लोग अन्तिम विभक्ति के द्वारा रूपों को किसी तरह समझ लेते थे और उसका अर्थ बता देते थे। सायण 'देवो देवेभिरागमत्' का अर्थ तो समझ गये, पर गमत् में गच्छतु को देखा, उसका छत्वाभाव किया (गमतु) और फिर उकार का लोप किया (गमत्)। लेकिन इस तरह वैदिक रूपों की व्याख्या नहीं चल सकती।

पाणिनि ने संस्कृत भाषा का विश्लेषण उसे श्लिष्टपदा समझकर किया। उपनदि, अधिहरि आदि युक्तपद के उदाहरण हैं, पर उन्होंने उन्हें अव्ययीभाव समास कह कर व्याख्या की। पृथक्पद के तत्त्व ह आदि को उन्होंने देखा ही नहीं।

प्रो० ह्विटनी, मेकडौनेल आदि पाश्चात्त्य विद्वान ग्रीक और लैटिन व्याकरण जानते थे। पाणिनि से पहले की वैदिक भाषा को भी स्वयं पढ़ने लगे थे। उन्होंने देखा कि लङ् लेट् लोट् और लिङ् विभक्तियाँ केवल लट् के आधार (भव-आदि) पर ही नहीं लगती (जिससे भव-ति, अ-भव-त्, भवाति, भवतु भवेत् रूप बनते हैं), बल्कि लिट् के आधार (बभू-आदि) पर भी लगती है, जिससे बभूव, अ-बभू-त्, बभूवत्, बभूतु, बभूयात् आदि रूप बन सकते हैं, और लुङ् के आधार (भू-आदि) पर भी लगती है, जिससे अभूत्, भूतु, भूयात् रूप बनते हैं। इसीलिये ग्रीक लैटिन के आधार पर उनका नामकरण भी कर दिया। पाणिनि ने बभूतु बभूयात् आदि रूपों को देखा अवश्य होगा, पर बभूव आदि प्रचलित रूपों का उल्लेख कर चुप हो गये।

बभूतु लिट् + लोट् है, बभू-यात् लिट् + लिङ्। ग्रीक व्याकरण में ऐसे रूपों को Perfect imperative, Perfect optative कहते हैं। अ-बभू-त् जैसे लिट् + लङ् रूपों को Pluperfect कहते हैं।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

यदि अष्टाध्यायी के तृतीय अध्याय चतुर्थ पाद को निम्नलिखित तीन सूत्रों से आगे बढ़ा दिया जाये तो इन वैदिक रूपों की शास्त्रीय व्याख्या हो जायेगी-

३-४-२१८ छन्दसि लिटो लेट्-लोट्-लिङ्-लङः।
२१९ लुङोऽपि त्रय आदितः।
२२० आशीर्लिङ् च।

आज के भारत में संस्कृत व्याकरण की जानकारी सिद्धान्त कौमुदी तक सीमित है। उसमें भी, वैदिक और स्वर प्रक्रिया को एक कोने में धकेल दिया है। वैदिक प्रक्रिया को तो किसी तरह पढ़ लेते हैं, पर स्वर प्रक्रिया पर किसी की दृष्टि नहीं जाती।

स्वर के अपराध से इन्द्रशत्रु वृत्र मारा गया- यह तो सब जानते हैं। पर, कैसे?

इन्द्रशत्रु का विग्रह दो तरह से संभव है- इन्द्रस्य शत्रुः (षष्ठी तत्पुरुष) = इ॒न्द्र॒श॒त्रुः (उदात्त श पर है)। इन्द्रः शत्रुर्यस्य (बहुव्रीहि) = इन्द्र॒शत्रुः (उदात्त प्रथम अक्षर इ पर है) । तत्पुरुष विग्रह के अनुसार वृत्र की बलवत्तरता झलकती है। बहुव्रीहि विग्रह के अनुसार इन्द्र की बलवत्तरता झलकती है।

वाक्य के आदि में संबोधन आद्युदात्त होकर समास को बहुव्रीहि बना देता है। वृत्र के पुरोहित ने कहा - इन्द्र॒शत्रो वर्धस्व। वृत्र का सत्यानाश हो गया। यदि क्रिया को पहले रखता तो बात दूसरी ही होती।

वैदिक व्याकरण जानकर यदि स्वर प्रक्रिया न जाने तो ज्ञान अधूरा रह जायेगा। इसलिये व्याकरण के अन्त में स्वर प्रक्रिया को विस्तार से बताया है, वह भी यथा संभव पाणिनि के सूत्रों के सहारे। यह जानते हुए भी कि वैदिक भाषा के संबंध में पाणिनि के सूत्र पर्याप्त नहीं, उनका उद्धरण कहीं-कहीं अत्यन्त आवश्यक जान पड़ा है।

पाश्चात्त्य वैदिक विद्वान लेट् रूप भवाति और जुहवति को नियमित मानकर जुहवाति को अनियमित मानते हैं। पर पाणिनि को दोनों रूपों का पता था। इसलिये वे कहते हैं- लेटोऽडाटौ। भ्वादि और दिवादि तथा अन्य अ आधार पर तो आट् ही लगता है, पर अन्यत्र अट् और आट् दोनों।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

इस व्याकरण में शब्दरूप और धातुरूप के खानों को भरसक खाली नहीं रहने दिया है, यद्यपि वे रूप वेद में नहीं दीखते। यथा-भू लिट् + लिङ्

३ बभूयात्	बभूयाताम्	बभूयुः
२ बभूयाः	बभूयातम्	बभूयात
१ बभूयाम्	बभूयाव	बभूयाम

लिट् + लोट्

३ बभूतु	बभूताम्	बभूवतु
२ बभूहि	बभूतम्	बभूत

लुङ् + लोट्

३ भूतु	भूताम्	भुवन्तु
२ भो-धि>बोधि	भूतम्	भूत

बभूयात्, बभूतु, भूतु और बोधि के सिवा कोई रूप नहीं मिलते। पर सारे रूपों से परिचय कराना आवश्यक है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

विषयसूची

दो-शब्द	*(iii)*
भूमिका	*(v)*
वर्णमाला	१
अन्त:पद संधि	१०
शब्दरूप	१८
अव्यय, उपसर्ग और निपात	४६
धातुरूप	४८
सार्वधातुक	५३
लिट् लकार	७१
लुङ् लकार	८२
लृट - लकार	१००
क्रियात्मक विशेषण	१११
पद-संधि	११८
कारक	१२४
समास	१३०
लकारार्थ	१३३
उदात्तादिस्वर	१४२
वैदिक धातुरूप-कोष	१५२

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

वर्णमाला

(१) मनुष्य ने बोलना कैसे शुरू किया- इस पर एक-दो शब्द कह देना अप्रासंगिक नहीं होगा। जानवर तिर्यक् चलते हैं। उनकी वाक्तंत्री जिह्वा से सटी रहती है। इसलिये उनकी आवाज की शृंखला टूटती नहीं। लेकिन मनुष्य खड़ा होकर चलता है। अतः उसकी वाक्तंत्री जिह्वा से हट जाती है और आवाज की शृंखला टूट जाती है। खड़ा होकर चलने से ही वनमानुस पहली बार आदमी की तरह बोला होगा।

(२) सबसे पहले अ इ उ स्वरों का उच्चारण हुआ। वह भी तीन मात्रा वाले स्वरों का। दूर से पुकारने पर स्वर में तीन मात्रा होती है। घट कर स्वरों की मात्रा दो और फिर एक हुई। ह्रस्व तथा दीर्घ स्वरों का भेद शुरू हुआ। इसके बाद ए ओ स्वर आये, और अन्त में सन्ध्यक्षर अइ आइ अउ आउ बने। अ इ उ ए ओ अइ आइ अउ आउ बहुत पुराने, भाषा के आदि काल के, स्वर हैं। इनमें से प्रथम पाँच तो ह्रस्व दीर्घ के जोड़े वाले भी थे। स्वर के बाद कंठ पर ह का उच्चारण भी हुआ। तब सिसकारी वाली ध्वनि श ष स का। फिर अनुनासिक ञ म ङ ण न का जन्म हुआ। स्पर्शों में सबसे पहले अघोष च ट त क प आये। दो स्वरों के बीच ये घोष ज ड द ग ब हो गये। फिर घोष ह के संयोग से ये महाप्राण झ ढ ध घ भ हुए। अघोष ह के संयोग से अघोष अल्पप्राण च ट त क प ही महाप्राण छ ठ थ ख फ हुए।

(३) प्रागैतिहासिक संस्कृत की वर्णमाला निम्नलिखित थी - स्वरः अ इ उ ए ओ अइ अउ आइ आउ। प्रथम पाँच साधारण स्वरों के दीर्घ रूप भी थे। व्यंजनः ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द छ फ ख ठ थ च ट त क प श ष स ह। सभी व्यंजन स्वर के सहारे बोले जाते थे।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(क) ये सभी वर्ण यथासंभव गुण और उच्चारण स्थान के विचार से सजाये गये। कालक्रमेण ए ओ तो लुप्त होने लगे, पर र ल ही स्वर का रूप भी धारण करने लगे। सन्ध्यक्षर सिमटने या सिकुड़ने लगे। उस वर्णमाला के बदले हुए रूप, जो वैदिक भाषा के आधार हैं, माहेश्वरसूत्र कहलाते हैं, और इस प्रकार हैं-

(१) अ इ उ (२) ऋ लृ (३) ए ओ (४) ऐ औ (५) ह य व र (६) ल (७) ञ म ङ ण न (८) झ भ (९) घ ढ ध (१०) ज ब ग ड द (११) ख फ छ ठ थ च ट त (१२) क प (१३) श ष स (१४) ह

(ख) पाणिनि ने सभी सूत्रों के आगे एक-एक व्यंजन लगाया, जो बीच के अक्षरों को समेटने के लिये था। प्रथम पाँच स्वर दीर्घ भी होते हैं, और ये सभी स्वर सानुनासिक भी होते हैं।

(४) इस वर्णमाला का और सुलझा हुआ स्वरूप निम्नलिखित है, जो आजतक प्रचलित है।

(क) साधारण स्वर १ ह्रस्व २ दीर्घ १ २ १ २ १ २ १ २
अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ॡ

(ख) सन्ध्यक्षर ए ओ ऐ औ

इन संध्यक्षरों को बोलते हैं जैसा लिखा गया है, पर देखते हैं क्रमशः अइ अउ आइ आउ।

व्यंजन	अघोष		घोष		
	अल्पप्राण	महाप्राण	अल्पप्राण	महाप्राण	अनुनासिक
स्पर्श					
कंठ्य कवर्ग	क	ख	ग	घ	ङ
तालव्य चवर्ग	च	छ	ज	झ	ञ
मूर्धन्य टवर्ग	ट	ठ	ड	ढ	ण
दन्त्य तवर्ग	त	थ	द	ध	न
ओष्ठ्य पवर्ग	प	फ	ब	भ	म

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(घ) अन्त:स्थ तालव्य य मूर्धन्य र दन्त्य ल दन्तोष्ठ्य व

(ङ) ऊष्म तालव्य श मूर्धन्य ष दन्त्य स

कंठ्य घोष ह अघोष : (विसर्ग)

नासिक्य — ÷ (अनुस्वार)

ऐतिहासिक विवरण

(५) स्वर

(क) भाषा के इतिहास के आदिकाल में अ विवृत स्वर था, आ की ही तरह मुह खोलकर एक मात्रा से बोला जाता था। इसलिये दो विवृत ह्रस्व अ मिलकर दीर्घ आ बन जाते थे। लेकिन कालक्रमेण यह अध खुले या बन्द (संवृत) मुह से बोला जाने लगा — यह संवृत हो गया। इसकी जाति ही बदल गयी। जो विवृत अ ऋग्वेद के पुराने मंत्रों में ए ओ के बाद ज्यों का त्यों रह जाता था वही बादवाले मंत्रों में संवृत होने के कारण लुप्त होने लगा।

(ख) कुछ समय बाद अ और अ मिलकर अ ही रहने लगा, क्योंकि यह विवृत नहीं था। बहुत दिनों बाद कात्यायन ने इसका उल्लेख भी किया (शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम्)। पाणिनि अपने अन्तिम सूत्र (अ अ) से बता देते हैं कि अ व्याकरण में विवृत ही है, यद्यपि बोलचाल में यह संवृत है। संवृत अ + अ = अ, क्योंकि इसे बताने का कोई दूसरा तरीका नहीं है। इसका प्लुत रूप भी अ ही है, लेकिन तीन मात्रा दिखाने के लिये इसके आगे ३ लिख देते हैं- आगच्छ कृष्ण ३, अत्र गौश्चरति। प्लुत की संधि अगले स्वर से नहीं होती है। संवृत दीर्घ अ को दिखाने की जरूरत नहीं।

(ग) विवृत ह्रस्व अ मौलिक स्वर तो है ही, यह आ के ह्रस्व होने से भी बनता है। यदि दो आ आमने सामने आ जाते हैं तो मंत्र पाठ में पहले को ह्रस्व होना पड़ता है- मा+अपे: (मत जाओ) = मापे: को तोड़कर म आपे: पढना पड़ता है। संहिताकारों ने संधि कर दी थी। मंत्र पाठ में उसे अलग करना पड़ा।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(६) दीर्घ आ स्वर मौलिक भी है और दो विवृत अ के मिलने से भी बना है। प्राय: अन् भी आ हो जाता है- जन् जायते, खन् खात। मंत्रों में कभी छन्द के विचार से अ भी आ हो जाता है - सचस्वा नः स्वस्तये। पदपाठ में इसलिये सचस्व कर देते हैं।

(७) इ मौलिक स्वर तो है ही, कभी ए ऐ के नीचे उतरने (ह्रस्वादेश) से भी बनता है - सेव् सिषेवे, रै अरि। यह य के संप्रसारण से भी होता है - यज् इयज्। कभी आ भी इ हो जाता है - धा धित।

(८) ई मौलिक स्वर भी है और दो इ के योग से भी बना है -यज् इ - इज् = ईज्। कभी-कभी या के सिकुड़ने से भी ई बनता है - कुर्यात्: कुर्वीत। कभी आ भी ई हो जाता है - पा पीत।

(क) इ भी कभी छन्द के विचार से दीर्घ हो गया है- दृतिं न शुष्कं सरसी शयानम्। सरसी वस्तुतः यहाँ सरसि है। लेकिन न पदपाठ वाले ऐसा कहते हैं, न आधुनिक विद्वान।

(९) उ मौलिक स्वर है, पर कभी-कभी ओ औ को नीचे उतारा जाता है- गो द्विगु, ढौक् डुढौके।

(१०) ऊ मौलिक स्वर है, दो उ का योग भी है, तथा वा औ के सिकुड़ने से भी बना है - वेद में नु के साथ नू भी है, खासकर पाद के आदि में।

(११) ऋ मौलिक स्वर नहीं है। आगे पीछे के उदात्त के कारण निकटवर्ती र ल ही ऋ बन गया है- प्रछति > पृछति, रछति > ऋछति। अवेस्ता रतु वेद ऋतु।

(१२) ॠ तो आ ई ऊ के देखादेखीं से बने हैं। देवानाम्, मनुनीनाम् साधूनाम्: पितृणाम्।

(१३) ऌ तो ऋ का दन्त्य रूप है। ॡ एक काल्पनिक जोड़ा है।

(१४) सन्ध्यक्षर ए ऐ ओ औ के मौलिक रूप हैं क्रमशः अइ आइ अउ आउ। इसलिये किसी स्वर के पहले ये क्रमशः अय् आय् अव् आव् हो जाते हैं।

(क) लेकिन कुछ ए ओ ऐसे नहीं हैं - अस् + धि = एधि, षष् + दश = षोडश।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(ख) कुछ ऐ औ तो आ+इ ई और आ + उ ऊ द्वारा बने हैं - आ + ईक्षत = ऐक्षत, आ + उज्झत् = औज्झत्। भूतकाल का आगम मूलरूप से आ ही था। व्यंजन के पहले अ हो गया - अभवत्।

(१५) स्वरों का चढ़ाव-उतराव

ऐसा लगता है कि ए (अइ) ओ (अउ) बीच की स्थिति है। इन्हें गुण स्वर कहते हैं। इनमें से अ हटा लेने पर ह्रस्व स्वर इ उ तथा अ जोड़ने से वृद्धि स्वर (अ-अइ = आइ) ऐ और (अ - अउ = आउ) औ बनते हैं।

साधारण स्वर	इ	उ	ऋ	ऌ
गुण स्वर	अइ(ए)	अउ(ओ)	अर्	अल्
वृद्धि स्वर	आइ (ए)	आउ(औ)	आर्	(आल्)

(क) ऋ की सीढी पर अर् गुण है, आर् वृद्धि।

(ख) ऌ की सीढ़ी पर अल् गुण हैं। (आल् वृद्धि)।

(ग) अब स्वरों की सीढी इस प्रकार है -

ह्रस्व	अ	इ	उ	ऋ	(ऌ)
दीर्घ	आ	ई	ऊ	ॠ	(ॡ)
गुण	-	ए	ओ	अर्	अल्
वृद्धि	-	ऐ	औ	आर्	(आल्)

(घ) पाणिनि अ को गुण तथा आ को वृद्धि कहते हैं। ऐसा न कहने पर राज+ऋषि = राजर्षि प्र+ऋच्छति = प्रार्छति नहीं हो सकता था।

(१६) य व र ल का इ उ ऋ ऌ में बदलना सम्प्रसारण कहलाता है। इ उ ऋ ऌ का य व र ल में बदलना क्षैप्र सन्धि कहलाता है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(१७) य का उच्चारण लगभग इअ होता था। इसलिये य के पहले ऋ प्रायः रि हो जाया करता है - कृ + य = क्रिय। य के पहले इ का दीर्घ होना इसी कारण है - जि+यन्ते = जीयन्ते। उ का दीर्घ होना देखा-देखी से है - स्तु स्तूयते।

(१८) यदि अन्तःस्थ के बाद कोई व्यंजन आता है तो अन्तःस्थ के पहले वाला इ उ दीर्घ हो जाता है - दिव् + य-ति = दीव्यति। पुर्+न = पूर्ण, गिर् + सु = गीर्षु।

(१९) कई धातुओं के ए ऐ ओ औ अन्यत्र आ जैसा व्यवहार रखते हैं - गै गान, ध्यै ध्यान। अव-सो अवसान। औ आव् भी सिकुड़ कर ऊ हो जाता है- धाव् धूत।

(२०) अगले उदात्त के प्रभाव से पूर्ववर्ती अ आ लुप्त हो जाता है-

दुधार्मि दुध्मसि

अस्ति स्तः

कभी आ ह्रस्व अ होकर रह जाता है-

पाद् पदा

(२१) कभी आ ह्रस्व इ या दीर्घ ई में बदल जाता है- स्था स्थित, पा पीत, पुनाति-पुनीतः।

व्यंजन

(२२) व्यंजनों का विभाजन स्पर्श, अन्तःस्थ और ऊष्म के रूप में है। फिर ये या तो घोष हैं या अघोष। स्पर्शों का विभाजन तो पुनः अल्पप्राण और महाप्राण के रूप में भी है। उच्चारण स्थान के विचार से तो इनका विभाजन है ही।

(क) घोष अल्प प्राण (ग ज ड द ब) मौलिक तो हैं ही पर इनके महाप्राण (घ झ ढ ध भ) भी दुहराने पर अल्प्राण हो जाते है - धा दधा, भा बभा।

(ख) अघोष महाप्राण भी मौलिक हैं, पर दुहराने पर अल्प्राण हो जाते हैं- फल् पफल्, स्था तस्था।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(ग) घोष अल्पप्राण से शुरू होने वाले शब्द यदि अन्तिम वर्ण पर अपनी महाप्राणता खो देते है तो वह महाप्राणता पहले अक्षर पर आ जाती है - दुह्+स् = धुक्, दभ् + स् = धप्, बुध् + स् = भुत्।

(२३) यद्यपि कवर्ग और चवर्ग - दोनों मौलिक हैं, दुहराने पर कवर्ग चवर्ग में बदल जाता है- कर् चकर्, गम् जगम्। लेकिन शब्द बनने की प्रक्रिया में चवर्ग भी कवर्ग बन जाता है- पच् पाक, भुज् भोग।

(२४) एक शब्द के भीतर दो महाप्राण वर्ण नहीं रह सकते। इसीलिये तो दुहराने पर महाप्राण अल्पप्राण बन जाते हैं। शब्दों की बनावट में भी ऐसा होता है- भो+धि = बोधि, विध् + अथ = विदध, इत्यादि। इसे ग्रासमन का नियम कहते हैं।

(२५) टवर्ग के स्पर्श मौलिक हैं, पर ऋग्वेद में ही इनका उच्चारण मूर्धा से खिसककर दाँत के नीचे आने लगा था। कहते हैं, ऋग्वेद का तवर्ग दन्तमूलीय है। संस्कृत तक आते आते सारे टवर्ग तवर्ग हो गये। फिर भी इनका वंश समाप्त नहीं हुआ और वे जीवित रहे। प्राकृत में तो ये फिर संख्या में बढ़ने लगे। ऋग्वेद में दो स्वरों के बीच ड ळ हो जाता है और ढ ळ ह। यजुर्वेद में उन्हें सीधे ल और ल्ह लिख देते हैं।

(२६) टवर्ग इतने बलवान हैं कि तवर्ग को अपनी ओर खींच लेते हैं। ईड् + ते = ईट्टे।

मौलिक होते हुए भी तवर्ग कभी टवर्ग से खींच जाता है, कभी चवर्ग से - तत् + च = तच्च, तत् + जलम् = तज्जलम्।

(२७) दुहराने पर कवर्ग तो चवर्ग में बदल जाता था, पर जिस समय गंगा (गम् - गम् - आ = सदा बहने वाली) नदी का नामकरण हुआ उस समय यह प्रवृत्ति जा चुकी थी। यह घटना ऋग्वेद के युग से पहले की है।

(२८) चवर्ग के वर्ण स्पर्श तो हैं ही, और इसी कारण इनकी अदला-बदली कवर्ग से होती है, पर चवर्ग स्पृष्ट-संघर्षी भी है - च = त्श, छ = त्श्ह, ज = द्ज़, झ = द्ज़्ह। इनकी अदला-बदली कवर्ग से नहीं होती। ये टवर्ग में बदल जाया करते हैं- प्राछ् - प्राट्, राज् - राट्। झ का

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

प्रतिनिधि संस्कृत में ह हो गया: अझम् = अद्ज़्हम् वेद में अहम् अवेस्ता में अज़म् पुरानी फारसी में अदम्। चवर्ग का एक ही वर्ण कहीं स्पर्श था, कहीं स्पृष्टसंघर्षी। इसलिये उनका विकास अलग-अलग ढंग से हुआ। स्पृष्टसंघर्षी-च छ ज झ का त् और द् तत्त्व ट् और ड् भी था। तदनुसार, श् भी ष् था। इसीलिये तो प्राछ् = प्राट्ष्ह् प्राट् हो जाता है; राज् = राड्ज् राट् हो जाता है। प्रत्यय वाले न के पहले प्रछ्=प्रत्श्ह, केवल प्रश् रह जाता है (प्रश्न)। विश् का श् भी किसी च के गर्भ से निकला है। इसलिये विश् से विट्, लेकिन दिश् से दिक्। त्र प्रत्यय के पहले राज् = राड्ज़् राष् रह जाता है। (राष्ट्र)।

(क) स्पृष्ट संघर्षी होने के कारण ही ऋग्वेद के मंत्रों में छ को संयुक्त वर्ण मानते हैं और उसके पहले ह्रस्व स्वर भी गुरु माना जाता है। इसलिये ऋग्वेद में गछति को गच्छति लिखने की जरूरत नहीं। काठक संहिता में स्पृष्टसंघर्षी छ की संयुक्तवर्णता को श्छ द्वारा व्यक्त करते हैं। इसलिये गछति = गच्छति = गश्छति।

(३०) य र ल व अन्त:स्थ कहलाते हैं। ये सभी घोष हैं। इनका सम्प्रसारण इ ऋ ऌ उ के रूप में होता है। व्यंजन के रूप में ये स्पर्श और ऊष्म से भिन्न संधर्षी हैं। इनमें थोड़ी महाप्राणता भी है, क्योंकि ह के साथ व् ब् हो जाता है, य भी ज्। जिह्वा से जिव्हा होने पर यह जीभ हो गया। मह्य से मय्ह होने पर यह मुज्झ हो गया। हिन्दी मुझे।

(३१) संस्कृत में ऊष्म श ष स अघोष हैं। इसके घोष रूप भी थे। शब्दों की बनावट में वे आये और कुछ विकार करके चले गये - शास् + धि = शाज़् + धि = शाधि (यहाँ ज् चुपचाप चला गया)। लेकिन अ - स्तो - स् - ध्वम् > अ - स्तो-ज़् + ध्वम् = अस्तोढ्वम्। तालव्य ज़् का उदाहरण दुर्लभ है।

(३२) बहुत से उदाहरणों में ह स्पृष्टसंघर्षी झ (= द्ज़्ह, ड्ज्ह) से बिखर कर आया है। इसलिये सह् + त की संधि में अगला त प्रथम तत्त्व के कारण घोष, द्वितीय तत्त्व के कारण मूर्धन्य और तृतीय तत्त्व के कारण महाप्राण ढ बनकर पूर्ववर्ती तत्त्वों को खा गया है। (साढ)। प्रागैतिहासिक

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

काल में वैदिक ह कहीं घ था, कहीं झ। द से शुरू होने वाले शब्द में यह घ था, अन्यत्र झ- ऐसा लगता है। गाह् का ह् कभी भ् था। (गाहते: गभीर)। उपानह्, का ह ध् था (उपानत्)। ह् का पदान्त रूप बता देता है कि इसका मूल स्रोत क्या था।

(क) माहेश्वर सूत्र में ह दो बार आया है। पहला ह घोष है। यह शब्द के शुरू में रहता है; जैसे हस्, हन्। दूसरा ह अघोष है। वह धातु के अन्त में रहता है - सह्। संस्कृत में जहाँ भी यह आया है अन्य सजातीय भाषाओं में उन्हीं जगहों पर कहीं क् है, कहीं श्। अघोष ह और श सजातीय हैं। एक ही ध्वनिग्राम के तत्त्व हैं। इसीलिये श् पदान्त में कभी क् हो जाता है- दिश् - दिक्।

ये सब बातें अशास्त्रीय हैं। पर इनको भी जानना चाहिये।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

अन्तःपद संधि

(३३) शब्दों की आन्तरिक बनावट में, जब प्रकृति के अन्तिम और प्रत्यय के आदिम वर्ण मिलते हैं, तो इस संधि को अन्तःपद संधि कहते हैं। कभी-कभी प्रकृति के ही दो वर्ण आपस में मिलते हैं। वर्णों के मिलने की चार अवस्थायें होती हैं-

स्वर+स्वर

स्वर+व्यंजन

व्यंजन+स्वर

व्यंजन+व्यंजन

(३४) प्रकृति के अन्त में तो कोई भी स्वर हो सकता है, पर प्रत्यय के आदि में ऋ ऌ स्वर कभी नहीं होते। प्रकृति के अन्त में कोई भी व्यंजन हो सकता है, लेकिन प्रत्यय के आदि में केवल निम्नलिखित व्यंजन होते हैं- त थ ध न भ म य र व स ।

स्वर+स्वर

(३५) अनेकाक्षर शब्दों में अ आ + अ आ = आ, इ ई + इ ई = ई, उ ऊ + उ ऊ = ऊ-देव + अस् = देवाः, लता + अस् = लताः, इ-इज् = ईज्, उ - उच् = ऊच्।

(३६) असवर्ण स्वर के पहले, इ ई य् हो जाता है, उ ऊ व् हो जाता है, और ऋ र् हो जाता है- मति + आ = मत्या, धेनु + आ = धेन्वा, नदी + आ = नद्या, वधू + आ = वध्वा, पितृ + आ = पित्रा।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(क) एकाक्षर शब्दों में ऐसी स्थिति में इ ई इय् हो जाता है, उ ऊ उव् हो जाता है, ॠ इर् हो जाता है, लेकिन पवर्ग के बाद वाला उर् धी + आ = धिया, भू + आ = भुवा, गॄ + अ = गिर- , पॄ + अ = पुर- ।

(४०) अ आ + इ ई = ए, अ आ + उ ऊ = ओ, तथा अ आ + ए ऐ = ऐ, अ आ + ओ औ = औ - देव+इन = देवेन, देव + ऐस् = देवैः, देव + औ = देवौ।

(४१) कभी-कभी अ और ओ के बीच में -य् चला आता है। देव + ओस् = देवयोः, लता + ओस् = लतयोः (आ ह्रस्व अ हो जाता है)।

(४२) लेकिन कभी-कभी तो अ + ए = ए, अ + ओ = ओ - एध + ए = एधे, तितउ > तितओ = तितो। कभी तो अ + अ = अ भव + अन्ति = भवन्ति।

(क) दूसरी ओर, भूतकाल वाला आगम आ + धातु का इ ई = ऐ, आ + उ ऊ = औ, आ + ॠ = आर् - आ + इच्छत् = ऐच्छत्, आ + उनत् = औनत् , आ + ॠच्छत् = आर्च्छत्।

(४३) प्रत्यय वाले किसी स्वर के पहले प्रकृति का ए ऐ ओ औ क्रमशः अय् आय् अव् आव् हो जाता है- ने + अन = नयन, पो+अन = पवन, नै + अक = नायक, पौ + अक = पावक। गौ + अस् = गावः।

(क) लेकिन कभी-कभी प्रत्यय का आदिम अ लुप्त हो जाता है- मुने + अस् = मुनेस् (मुनेः), गो + अस् = गोस् (गोः)। वास्तव में, अस् का दूसरा रूप - स् है, जैसे अम् का दूसरा रूप - म्: फल-म्, देव-म्, मुनि-म्, वाच् + अम् = वाचम्, पाद् + अम् = पादम्। लेट् लकार का असि कभी सि ही रह जाता है - पॄ पर्षि, वह् + सि = वक्षि, यज् + सि = यक्षि।

शब्दों की आन्तरिक बनावट में कुछ विरोधी नियम आया करते हैं, क्योंकि हम यहाँ बने-बनाये शब्दों को तोड़कर फिर जोड़ते हैं। भवन्ति वस्तुतः भव-न्ति है, लेकिन प्रत्ययों की एकरूपता के लिये हम न्ति को अन्ति मान लेते हैं।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

स्वर + व्यंजन

(४४) प्राय: य व म के पहले अ दीर्घ आ हो जाता है - देव + य = देवाय, भव+मि = भवामि, भव+वस् = भवाव:।

(४५) य के पहले इ उ दीर्घ हो जाता है, पर ऋ रि में बदल जाता है— जि जीयते, स्तु स्तूयते, कृ क्रियते। लेकिन स्मृ स्मर्यते।

(४६) इर् उर् में बदले हुए ॠ का इ उ किसी व्यंजन के पहले दीर्घ हो जाता है- कॄ किर्+य-ते = कीर्यते, कॄ + किर् न = कीर्ण, पॄ पुर् पूर्यते, पूर्ण। लेकिन कुर् + यात् = कुर्यात्-यही एक अपवाद है।

व्यंजन + स्वर

(४७) प्रत्यय वाले स्वर के पहले प्रकृति का अन्तिम व्यंजन नहीं बदलता — जगत्+आ = जगता, ककुभ् + इ = ककुभि। य के पहले भी व्यंजन नहीं बदलते — गम् + यात् = गम्यात्।

(४८) किसी अन्त:स्थ और अनुनासिक के पहले भी प्रकृति के अन्तिम व्यंजन नहीं बदलते, पर य को छोड़कर अन्यत्र कुछ अपवाद तो हैं ही। जैसे - अद् + न = अन्न, मृद् + मय = मृन्मय, जगम् + वस् = जगन्वस्, अ - गम् + म = अगन्म।

एक सामान्य नियम है कि तवर्ग के वर्ण टवर्ग के कारण टवर्ग हो जाते हैं, चवर्ग के कारण चवर्ग हो जाते हैं — ईड् + ते = ईट्ट, द्विड् - धि = द्विड्ढि, याच् + ना = याच्ञा, यज् + न = यज्ञ।

पदान्त में दो व्यंजन नहीं रह सकते। इसलिये गच्छन्त् + स् = गच्छन्। यदि दो व्यंजन आधार के अंश है तब तो रह जाते हैं - उर्ज् + स् = उर्क्, सुहार्द् + स् = सुहार्त्।

(क) कभी श् + स् की स्थिति में यह - ङ् क् स् - हो जाता है और केवल ङ् बचता है - कीदृश् + स् = कीदृङ्।

(ख) कभी ङ् + सु की स्थिति में एक क् घुस आता है और - सु को - षु बना देता है - लुङ् लङ् लृङ्-क्-षु अड्डुदात्त: = लुङ्लङ्लृक्ष्वड्डुदात्त:।

(ग) चूंकि हर नियम का कोई न कोई अपवाद है, खासकर वेद की

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

भाषा में, इसलिये पाणिनि ने कहा है अयस्मयादीनि च्छन्दसि। जैसे - ऋच् + वत् = ऋक्वत् (पदत्वात्कुत्वं भत्वाञ्झश्त्वाभावः) नियमतः, या तो ऋच्वत् होता या ऋग्वत्।

(४९) त थ के पहले

(क) च् ज् हो जाता है क् - उच् + त = उक्त, भुज् + त = भुक्त।
(ख) द् अघोष त् हो जाता है - अद् + ति = अत्ति, अद् + थस् = अत्थः।
(ग) ड् भी अघोष हो जाता है, पर त थ ही मूर्धन्य हो जाता है - ईड् + ते = ईट्-टे।
(घ) छ् श् क्ष् और स्पृष्टसंघर्षी ज् हो जाता है ष्, जो त थ को ही मूर्धन्य बना देता है - पृछ् + त = पृष्ट, विश् + त = विष्ट, चक्ष् + ते = चष्टे, अ-चक्ष् + थास् = अचष्ठाः, राज् + त्र = राष्ट्र।

(५०) त थ स्वयं

(क) घोष महाप्राण के आगे ध हो जाते हैं जिस कारण पूर्ववर्ती महाप्राण अल्पप्राण हो जाता है - बुध् + त = बुद्-ध, लभ् + त = लब्ध। केवल धा का अबल रूप दध् ऐसा नहीं करता - दध् + ते = धत्ते (आगे देखें)।

(१) अन्तिम ह् कहीं घ का प्रतिनिधि है, कहीं स्पृष्टसंघर्षी झ् का। इसलिये दह् + त > दघ्-त=दग्ध। स्पृष्टसंघर्षी झ् = ड्ज़्ह् वेद में ह् होकर आया है, इसलिये इसके बाद वाला त थ मौलिक तत्त्वों के कारण घोष-महाप्राण मूर्धन्य ढ हो जाता है और पूर्ववर्ती ह् को ढ् बनाकर उसे निगल जाता है। पूर्ववर्ती स्वर यदि ह्रस्व है तो दीर्घ हो जाता है। इसीलिये, लिह् + त लिढ् + ढ = लीढ। लेह् + ति > लेढ् - ढि = लेढि।

(ख) ष् के बाद मूर्धन्य हो जाते हैं - द्वेष् + ति = द्वेष्टि, द्विष् + थ = द्विष्ठ।

(५१) स के पहले

(क) घोष स्पर्श अघोष और अल्पप्राण हो जाते हैं — अद् + सि = अत्सि, लभ् + स्य = लप्स्य, रूणध् + सि = रूणत्सि।
(ख) यदि पहले अक्षर पर घोष अल्पप्राण है तो अगले घोष महाप्राण के

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

अघोष अल्पप्राण होने पर पहले अक्षर का अल्प प्राण महाप्राण हो जाता है - धा दध् + से = धत्से, दध् + ते = धत्ते, अ-दध् + त = अधत्त, बुध् + सु = भुत्सु, बोध् + स्य = भोत्स्य।

(ग) च् ज् ह् श् ष् क्ष् भी क् हो जाता है और स को मूर्धन्य बना देता है - वच् + सि = वक्षि (वक्षि), युनज् + सि = युनक्षि (युनक्षि), लेह् + स्य = लेक्ष्य (लेक्ष्य), वेश् + स्य = वेक्ष्य (वेक्ष्य-), द्वेष् + सि = द्वेक्षि (द्वेक्षि), चक्ष् + से = चक्षे (चक्षे)

(घ) न् म् अनुस्वार हो जाता है - हन् + सि + हंसि, रम् + स्य = रंस्य।

(ङ) कभी-कभी पूर्ववर्ती स् त् हो जाता है — वस् + स्यति = वत्स्यति, जिघस् + सु = जिघत्सु।

(५२) स् स्वयं

(क) दो स्पर्शों के बीच लुप्त हो जाता है - उद् + स्थान - उत्थान, अच्छिद् - स् - त = अच्छित्त।

(ख) अ आ से भिन्न स्वर के बाद मूर्धन्य हो जाता है- मुनिषु, ऋतु-षु लेकिन लतासु राजसु।

(ग) क् र् के बाद भी मूर्धन्य हो जाता है - दिश् + सु दिक्षु (दिक्षु), गिर् + सु = गीर्षु।

(घ) बीच में अनुस्वार या विसर्ग के रहने पर भी मूर्धन्य हो जाता है - हविस् हवींषि हविःषु। पुम् + सु = पुंषु होना चाहिये, पर अथर्ववेद प्रतिशाख्य पुंसु बताता है। पुंसा आदि रूप तो ठीक है, क्योंकि पुंस् आधार से बना है। लेकिन पुंषु में सु तो विभक्ति है।

(ङ) शब्दों के अन्त में विसर्ग हो जाता है - देव + स् = देवः।

(५३) प्रत्यय का न्

(क) र् ष् के बाद मूर्धन्य हो जाता है - कृष् + न = कृष्ण, पुर् + न = पूर्ण। बीच में स्वर, अन्तःस्य, कवर्ग, पवर्ग हो तो भी - हरिणा, विषेण, रामायण इत्यादि।

(ख) कभी कभी तो पूर्ववर्ती शब्द का र् अगले न् को मूर्धन्य बना देता है - पूर्वाह्ण, पर वृत्र-हन् से वृत्रघ्ना आदि में ऐसा नहीं हुआ।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(ग) च् ज् के बाद तालव्य हो जाता है - याच् + ना = याच्ञा, यज् + न = यज्ञ (यज्ञ)। लेकिन प्रश् (= प्रछ्) + न = प्रश्न। न के लगने पर स्पृष्ट-संघर्षी छ् (= त् श् ह्) बिखर जाता है।

(५४) प्रत्यय यदि एक ही व्यंजन वाला (अपृक्त) हो तो प्रकृति के अन्तिम व्यंजन के बाद वह लुप्त हो जाता है। लेकिन पूर्ववर्ती व्यंजन भी ज्यों का त्यों नहीं रहता। तब

(क) च्, स्पर्श ज्, श् और ह् हो जाता है क् — वाच् + स् = वाक्, रुज् + स् = रुक्, दिश् + स् = दिक्, मुह् + स् = मुक्, दुह् + स् = धुक्।

(ख) छ्, स्पृष्टसंघर्षी ज् और ष् हो जाता है ट् — प्राछ् + स् = प्राट्, राज् + स् = राट्, द्विष् + स् = द्विट्।

(ग) स्पृष्टसंघर्षी झ् से बिखरा हुआ ह् भी ट् हो जाता है- लिह् + स् = लिट्। किसी स्पृष्टसंघर्षी च् (त्श्) से बिखरा हुआ श् भी ट् हो जाता है - विश् + स् = विट्।

(घ) तवर्ग के सभी वर्ण और ध् का प्रतिनिधि ह् भी त् हो जाता है - जित् + स् = जित्, मथ् + स् = मत्, सुहृद् + स् = सुहृत्, युध् + स् = युत्, उपानह् + स् = उपानत्।

(ङ) पवर्ग के वर्ण प् में बदलते हैं — ककुभ् + स् = ककुप्।

(च) र् स् विसर्ग हो जाते है - द्वार् + स् = द्वाः, मनस् + स् = मनः।

(छ) ञ्च् ङ्क् होकर केवल ङ् रह जाता है - प्राञ्च् + स् = प्राङ्क् > प्राङ्।

(ज) अनुस्वार न् हो जाता है - विद्वांस् + स् = विद्वान्। दम् + स् (= अस्) = दन् (पतिर्दन् = दम्पति)।

(५५) अन्तिम घोष महाप्राण के अघोष अल्प्राण बन जाने पर पहले अक्षर का घोष अल्पप्राण महाप्राण बन जाता है - दह् + स् = धक्, बुध् + स् = भुत्।

(५६) प्रत्यय के रूप में भ् शब्दरूप का तत्त्व है, ध् धातुरूप का। ध् भ् के पहले सभी व्यंजन क् ट् त् प् की स्थिति पर आ जाते हैं और फिर

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

घोष ग् ड् द् ब् हो जाते हैं - दिश् दिक् + भिस् = दिग्भिः, बुध् भुत् + भिस् = भुद्भिः, द्विष् द्विट् + धि = द्विड्ढि, अ-दुह् - ध्वम् = अधुग्ध्वम्।

(५७) सप्तमी बहुवचन - सु के पहले भी ऐसा ही होता है - दिश् दिक् + सु = दिक्षु (दिक्षु), बुध् + सु = भुत्सु।

(५८) इस प्रसंग में पाणिनि के द्वारा बताये गये प्रत्ययों के बारे में कुछ कह देना आवश्यक है। प्रायः सभी प्रत्यय अनुबन्ध से युक्त हैं — प्रत्यय के आगे या पीछे या दोनों ओर कोई स्वर या व्यंजन होते है जो इत् (चले जाने वाले) कहलाते हैं। इस पुस्तक में प्रायः पाणिनीय प्रत्ययों का उल्लेख है। उन्हें असली रूप में पहचानना आवश्यक है। इसके लिये कुछ नियमों को जानना जरूरी है।

प्रत्ययों का अन्तिम व्यंजन लुप्त हो जाता है (हलन्त्यम्) – अच् = अ, यत् = य। लेकिन विभक्ति वाले तवर्ग के वर्ण, स् और म् लुप्त नहीं होते (न विभक्तौ तुस्माः) - आत् देवात्, भिस् मुनिभिः, साधुभ्याम्। प्रत्यय का सानुनासिक स्वर भी लुप्त हो जाता है — प्राचीन काल में व्याकरण को बोलकर पढ़ाते थे और तुमुन् को तुमुँन् बोलते थे। छात्र समझ जाते थे कि मु का स्वर लुप्त होने वाला है और तुमुन् वास्तव में तुम् ही है। बाद में लिखित रूप में तुमुन् ही आने लगा, लेकिन उकार फिर भी लुप्त ही रहता था। तब छात्रों ने समझा कि तुमुन् भी तुमुँन् ही है (प्रतिज्ञानुनासिक्याः पाणिनीयाः)। तद्धित प्रत्ययों को छोड़कर अन्यत्र आदिम ल् श् और कवर्ग लुप्त हो जाते हैं - ल्यप् = य, शप् = अ, खच् = अ, घञ् = अ, शतृ = अत्, शानच् = आन, लेकिन तद्धित प्रत्यय लच् = ल, शल् = श, कप् = क। (लशक्वतद्धिते)। प्रत्यय का चवर्ग और टवर्ग भी लुप्त हो जाता है (चुटू) - चानश् = आन, शानच् = आन, ट = अ, ड = अ। प्रत्यय का ष् भी लुप्त हो जाता है- षाकन् = आक (षः प्रत्यय स्य)।

इन नियमों के कारण कुछ प्रत्यय शून्य होते हैं - च्लि में च् ल् इ सभी लुप्त है। क्विप्, क्विन्, ण्वि में भी कुछ नहीं बचता। ये शून्य प्रत्यय है। पर इन प्रत्ययों के लगने से धातु संज्ञा बन जाते हैं - भुज् + क्विप् = भुज् (खाने वाला), भज् + ण्वि = भाज्। जहाँ धातु के बाद कुछ नहीं लगता है,

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

वहाँ भी पाणिनि शून्य प्रत्यय लगाते है - अट् + शप् + ति = अटति, लेकिन् अद् + ० + ति = अत्ति।

ये अनुबन्ध कुछ बदलाव लाकर ही जाते हैं। संक्षेप में, क् ङ् धातु स्वर को अपनी ही अवस्था में रहने देते हैं, अथवा घटा भी देते हैं - कृ + क्त = कृत, भुज् + क्तिन् = भुक्ति, गम् + क्त = गत, हन् + क्त = हत। ख् के कारण पूर्ववर्ती शब्द में अनुस्वार लग जाता है - विह + गम् + खच् = विहंगम। घ् से चवर्ग कवर्ग में बदल जाता है - पच् + घञ् = पाक, रुज् + घञ् = रोग। ण् ञ् के कारण धातुस्वर में वृद्धि होती है - कृ+ण्यत् = कार्य, भू + ण्यत् = भाव्य। मध्यवर्ती स्वर में गुण होता है - विद् + यत् = वेद्य। ड् से अन्तिम व्यंजन सहित स्वर का लोप होता है - जन् + ड = ज। त् से प्रत्यय पर स्वरित स्वर रहता है - कृ + तव्यत् = कर्तव्यं। म् से धातु के बीचोबीच प्रत्यय घुस जाता है - युज् + श्नम् = यु-न-ज् सृज् + अम् = सृ-अ-ज् (स्रज्)।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

शब्द रूप

(५९) वैदिक भाषा में शब्द पाँच तरह के हैं — संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया और अव्यय।

(क) अव्यय वे शब्द हैं जिनका बदलना बन्द हो गया है। वैदिक भाषा का अपना लम्बा इतिहास है। पूर्ववर्ती भाषा के कोई वाक्य ही घिसपिट कर अव्यय हो गये। कोई शब्दरूप ही नहीं, धातुरूप भी घिस-पिट कर अव्यय हो गया है। शब्दों का घिसना पिटना आगे भी चलता रहा। कई अप्रचलित शब्दरूप भी कालक्रमेण अव्यय हो गये; जैसे सहसा, शनैः शनैः, इत्यादि।

(ख) क्रिया का संबंध एक ओर काल और अर्थ से है, दूसरी ओर कर्ता या कर्म के पुरुष और वचन से।

१. काल हैं भूत, वर्तमान और भविष्य। इनके भी भेद-उपभेद हैं। अर्थ हैं आज्ञा, इच्छा, निश्चय, संभावना इत्यादि।

२. पुरुष तीन हैं- प्रथम पुरुष, मध्यम पुरुष और उत्तम पुरुष।

३. वचन तीन हैं - एकवचन, द्विवचन और बहुवचन।

क्रिया के रूप प्रत्येक काल और अर्थ में इन तीन पुरुषों और वचनों के अनुसार अलग-अलग होते हैं। रूपों में भेद विभक्ति के कारण होते हैं, और क्रिया के विभिन्न रूपों को धातुरूप कहते हैं।

(ग) संज्ञा और सर्वनाम वाक्य में क्रिया के संबंध से और आपसी संबंध से भी आठ रूपों में प्रकट होते हैं, जिन्हें कारक कहते हैं।

१. कारक आठ हैं - (१) कर्ता, (२) कर्म, (३) करण, (४) सम्प्रदान, (५) अपादान, (६) संबंध, (७) अधिकरण,

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(८) संबोधन। कर्ता और कर्म ही मुख्य कारक हैं। अन्य कारक तो इनके गिरते हुए रूप हैं।

२. आठ कारकों के रूप विभक्ति से बनते हैं, जिनके नाम क्रमश: ये हैं - (१) प्रथमा (२) द्वितीया (३) तृतीया (४) चतुर्थी (५) पंचमी (६) षष्ठी (७) सप्तमी। संबोधन के रूप प्रथमा विभक्ति से ही बनते हैं लेकिन उदात्त स्वर प्रथम अक्षर पर चला आता है जिस कारण कभी-कभी रूप में भी परिवर्तन हो जाता है। एकवचन वाले संबोधन रूप को संबुद्धि कहते हैं।

संज्ञा और सर्वनाम के तीन लिंग होते हैं - स्त्रीलिंग, पुंलिंग और नपुंसकलिंग।

(घ) विशेषण संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताते हैं और रूपों में उन्हीं के अनुसार चलते हैं।

विशेषण की तरह ही संख्या वाचक शब्द होते हैं। प्रथम चार संख्या तो लिंग का भेद भी दिखाते हैं। इसके बाद लिंग का भेद बन्द हो जाता है, पर विभिन्न कारकों के अनुसार वे बदलते ही हैं।

(ङ) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और संख्या वाचक शब्दों के विभिन्न कारकीय रूपों को शब्दरूप कहते हैं।

शब्द रूप के विचार से संज्ञा और विशेषण एक जैसे हैं, सर्वनाम उनसे थोड़ा भिन्न चलते हैं, और संख्यावाचक शब्द कुछ और भिन्न।

(६०) संज्ञा और विशेषण

ये या तो स्वरान्त हैं या व्यंजनान्त। फिर दोनों या तो एकाक्षर हैं या अनेकाक्षर। इस प्रकार संज्ञा और विशेषण चार तरह के हैं —

१. एकाक्षर स्वरान्त

२. एकाक्षर व्यंजनान्त

३. अनेकाक्षर स्वरान्त

४. अनेकाक्षर व्यंजनान्त

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(६१) विभक्तियाँ निम्नलिखित हैं —

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	१ स्	८औ, आ	११ अस्
द्वितीया	२ अम्	औ, आ	१२ अस्
तृतीया	३ आ	९ भ्याम्	१३ भिस्
चतुर्थी	४ ए	भ्याम्	१४ भ्यस्
पंचमी	५ अस्	भ्यास्	१५ भ्यस्
षष्ठी	६ अस्	१० ओस्	१६ आम्
सप्तमी	७ इ	ओस्	१७ सु

(क) रूप के विचार से विभक्तियाँ उतनी ही हैं जो संख्याओं से दिखायी गयी हैं। केवल संबुद्धि रूप कभी-कभी कुछ बहक जाता है, जिसकी संख्या १८ है।

(१) किसी शब्द के अधिक से अधिक १८ रूप हो सकते हैं। पर बहुत से शब्दों में तो १-२, ५-६, ११-१२ और १४-१५ रूप एक ही जैसे होते हैं। अतः रूपों की संख्या घट कर १४ तक आ सकती है। इन विभक्तियों में भी कुछ में कभी-कभी परिवर्तन आते हैं, जैसे ६ अस् = स्।

(२) नपुंसक इकारान्त और उकारान्त शब्दों में १-२ रूप पर विभक्ति नहीं हैं। पर अकारान्त के आगे -म् है। ऋकारान्त न० शब्द संहिताओं में नहीं है। अकारान्त न० शब्दों के लिये ८ पर विभक्ति - ई है, इकारान्त और उकारान्त शब्दों के लिये - नी। अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त शब्दों के लिये ११-१२ पर विभक्ति -नि है, जिसके पहले स्वर दीर्घ हो जाता है। वेद में यह - नि हट भी जाता है। व्यंजनान्त शब्दों के लिये तो न० विभक्ति ८ पर ई है, ११-१२ पर इ, लेकिन तब अन्तिम व्यंजन के पहले एक अनुनासिक या

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

अनुस्वार चला आता है। अन्य न० रूप पुं०, की तरह होते हैं। इ उ के आद ४-७ तथा १० पर एक - न् - घुस आता है।

(३) पुं० और स्त्री० व्यंजनान्त शब्दों के १-२, ८ और ११ रूप सबल होते हैं। शेष रूप अबल। लेकिन जहाँ अबल और मध्यम भेद उपस्थित होते हैं वहाँ ९, १३-१४ और १७ रूप मध्यम हैं, शेष अबल।

(४) न० व्यंजनान्त शब्दों का ११-१२ रूप सबल है, ८ अबल और १ मध्यम।

(ख) उदात्त संबोधन के प्रथम अक्षर पर होता है, अन्यत्र चाहे जहाँ कहीं रहा हो। फिर सबल रूपों में यह अंग (आधार) पर होता है, अन्यत्र विभक्ति पर।

(६२) एकाक्षर स्वरान्त शब्द

ये शब्द वे ही हैं जो पहले कभी लगभग वैसे ही रूप वाले धातु थे। उनके अन्त में आ, ई, ऊ, ऐ, ओ औ स्वर होते हैं। उनमें से कुछ पुं० हैं, कुछ स्त्री०। पुं० जा (बच्चा), त्रा (बचाने वाला), दा (देने वाला)। स्त्री० क्षा (घर) खा (कूआँ) ग्ना (नारी)।

(क) आकारान्त शब्द का आ १-२, ८, ११ को छोड़कर अन्यत्र स्वरादि विभक्तियों के पहले लुप्त हो जाता है। लेकिन तुमर्थक रूपों में आ रह जाता है - परा-दा + ए = परादै (= परा-दातुम्), प्र-ख्या+ए = प्रख्यै (= प्रख्यातुम्)।

(ख) ईकारान्त और ऊकारान्त एकाक्षर शब्द दो तरह के हैं – एक का ई ऊ स्वर के पहले य् व् हो जाता है: प्रधी, प्रध्यम्, वर्षाभू वर्षाभ्वम्। दूसरे का ई ऊ स्वर के पहले इय् उव् हो जाता है : सुधी सुधियम्, स्वयंभू स्वयंभुवम्। वेद में दूसरे तरह के ही ई ऊ हैं। यदि स्वर के पहले इन्हें य् व् ही लिखा है तो भी वे इय् उव् ही पढ़े जाते हैं: सेनानी सेनान्यम् = सेनानियम्, आधी आध्यम् = आधिअम्।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

संयुक्त वर्ण के बाद वाले ई ऊ तो सर्वत्र इय् उव् ही होते हैं: यज्ञ-प्री यज्ञप्रियम्, सत्यब्रू सत्यब्रुवम्।

१ रूप पर पुं० में विसर्ग रहता है, स्त्री० में नहीं भी रहता है।

	जा (स्त्री० पुं०)	धी (स्त्री०)	भू (स्त्री०)
१-१८	जा: जा	धी:	भू:
२	जाम्	धियम्	भुवम्
३	जा	धिया	भुवा
४	जे	धिये	भुवे
४-६	ज:	धिय:	भुव:
७	(जि)	(धियि)	भुवि
८	जौ जा	धियौ, धिया	भुवा
९	जाभ्याम्	धीभ्याम्	भूभ्याम्
१०	(जो:)	धियो:	भुवो:
११-१२	जा:	धिय:	भुव:
१३	जाभि:	धीभि:	(भूभि:)
१४-१५	जाभ्य:	(धीभ्य:)	(भूभ्य:)
१६	(जाम्)	धियाम् धीनाम्	भुवाम्
१७	जासु	धीषु	(भूषु)

किसी कारण से, ऋग्वेद में, धियाम् से अधिक धीनाम् का प्रयोग है। कोष्ठगत रूप प्रयोग में नहीं दीखते।

(ग) रै, गो, नौ के रूप एक ढंग पर चलते हैं। १, ८, ११ रूपों में तो गो भी गौ हो जाता है, और द्यो भी द्यौ। १६ में गो के बाद नाम् भी लगता है। २, १२ में गो का पुराना आधार गा आ जाता है। वहीं द्यो का आधार द्या है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

	रै	गो	द्यो	नौ
१-१८	(राः)	गौः	द्यौः	नौः
२	राम्	गाम्	द्याम्	नावम्
३	राया	गवा	(द्यवा)	नावा
४	राये	गवे	(द्यवे)	(नावे)
५-६	रायः	गोः	द्योः	नावः
७	(रायि)	गवि	द्यवि	नावि
८	(रायौ)	गावौ गावा	द्यावा	(नावौ)
९	(राभ्याम्)	(गोभ्याम्)	(द्योभ्याम्)	(नौभ्याम्)
१०	(रायोः)	(गवोः)	(द्यवोः)	नावोः
११	रायः	गावः	द्यावः	नावः
१२	रायः राः	गाः	(द्याः)	नावः
१३	(राभिः)	गोभिः	(द्योभिः)	नौभिः
१४-१५	(राभ्यः)	गोभ्यः	(द्योभ्यः)	(नौभ्यः)
१६	रायाम्	गवाम् गोनाम्	(द्यवाम्)	(नावाम्)
१७	रासु	गोषु	द्योषु	(नौषु)

(१) रायः १२ में उदात्त कहीं पहले अक्षर पर है, कहीं दूसरे अक्षर पर। सामवेद में एक वार राः भी है। २ पर संस्कृत में रायम् है।

(२) प्रागैतिहासिक णरष का वैदिक रूपान्तर ११ नरस् से नृ शब्द की कल्पना हुई, जिसके वैदिक रूप इस प्रकार हैं - १ (ना) २ नरम् ३ (नरा) ४ नरे ५-६ नरः ७ नरि ८ नरौ ९ (नृभ्याम्) १० (नरोः) ११ नरः १२ नॄन् १३ नृभिः १४-१५ नृभ्यः १६ नराम् नृणाम् १७ नृषु १८ (नः)।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(६३) एकाक्षर व्यंजनान्त शब्द

एकाक्षर व्यंजनान्त शब्द प्राय: तीनों लिंगों के हैं। वेद की भाषा में उनकी संख्या भी कम नहीं है, जैसा कि संस्कृत में हो गया। कुछ तो व्यंजनान्त धातु ही हैं। कुछ ह्रस्व स्वरान्त धातुओं में त् लगने से बने हैं। कुछ में दो अक्षर हैं, पर व्यवहार में वे एकाक्षर ही हैं, जैसे - यकृत्, शकृत्, कपृथ्, शरद् ककुभ्, अनक्ष्।

(क) निम्नलिखित १८ व्यंजन इन एकाक्षर शब्दों के अन्त में हैं – च् छ् ज् ड् त् थ् द् ध् न् प् भ् म् र् व् श् ष् स् ह्।

(ख) इन व्यंजनान्त शब्दों के बाद जब प्रथमा एकवचन का स् लगता है तो स् तो लुप्त ही हो जाता है, लेकिन अन्तिम

१. च् और स्पर्श ज् हो जाता है क्।
२. स्पृष्टसंघर्षी छ् और ज् तथा स्पृष्टसंघर्षी च् से विकसित श् हो जाता है ट्।
३. ड् हो जाता है ट्।
४. त् थ् द् ध् हो जाता है त्।
५. प् भ् हो जाता है प्।
६. र् स् हो जाता है विसर्ग।
७. कुछ श् हो जाता है क्, कुछ ट्।
८. ष् हो जाता है ट्।
९. घ् का प्रतिनिधि ह् हो जाता है क्, स्पृष्टसंघर्षी झ् से विकसित ह् हो जाता है ट्, तथा ध् का प्रतिनिधि ह् हो जाता है त्।
१०. न् ज्यों का त्यों रह जाता है; म् हो जाता है न्; तथा गौण रूप से आया हुआ अनुस्वार भी न् ही हो जाता है। ञ् बदलता है ङ् में।

इस प्रकार ३३ व्यंजन की जगह पर केवल क् ट् त् प् ङ् न् म् और विसर्ग रह जाता है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(ग) भकारादि (९, १३-१५) विभक्तियों के पहले क् ट् त् प् घोष ग् ड् द् ब् हो जाता है।

(घ) सु (१७) विभक्ति स्वयं क् र् के बाद मूर्धन्य षु हो जाता है।

(ङ) कुछ एकाक्षर शब्दों के भी १-२, ८, ११ रूप सबल हो जाते हैं। न० ११-१२ रूप सबल होते हैं।

	वाच्	स्रज्	प्रछ् पृछ्	राज्
१-१८	वाक्	स्रक्	प्राट्	राट्
२	वाचम्	स्रजम्	पृछम्	राजम्
३	वाचा	स्रजा	पृछा	राजा
४	वाचे	स्रजे	पृछे	राजे
५-६	वाचः	स्रजः	पृछः	राजः
७	वाचि	स्रजि	पृछि	राजि
८	वाचौ वाचा	स्रजौ	पृछौ	राजौ
९	वाग्भ्याम्	स्रग्भ्याम्	पृड्भ्याम्	राड्भ्याम्
१०	वाचोः	स्रजोः	पृछोः	राजोः
११-१२	वाचः	स्रजः	पृछः	राजः
१३	वाग्भिः	स्रग्भिः	पृड्भिः	राड्भिः
१४-१५	वाग्भ्यः	स्रग्भ्यः	पृड्भ्यः	राड्भ्यः
१६	वाचाम्	स्रजाम्	पृछाम्	राजाम्
१७	वाक्षु	स्रक्षु	पृट्सु	राट्सु

आपृच् न० १-२ आपृक्

क्रुञ्च् १ क्रुङ् ८ क्रुञ्चौ प्रछ् १ प्राट्

भज् न० ११ भाञ्जि

उशिज् १. उशिक् २. उशिजम् ३. उशिजा ४. उशिजे ६. उशिजः ८. उशिजा १०. उशिजोः ११-१२. उशिजः १३. उशिग्भिः १४. उशिग्भ्यः १६. उशिजाम् ।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

उर्ज् १ उर्क्

संस्कृत भाषा के इतिहास में तनस् (सन्तान) से तन् (फैलना) धातु की कल्पना हुई, क्योंकि सन्तान से ही वंश फैलता है। इस तन् को पहले ओ से फैलाया तनोति तनोषि तनोमि। तनोति के - नो - को लेकर सु आदि धातुओं ने सुनोति सुनोषि सुनोमि आदि रूपों को जन्म दिया। आ से फैले हुए तनाति आदि रूप तो नहीं मिलते, पर क्रीणाति क्रीणामि आदि रूपों में इसी की झलक है। तनति के-न-से युज् युनक्ति आदि रूपों का जन्म हुआ। जिस धातु ने तनादि, स्वादि, रूधादि और क्र्यादि गणों को जन्म दिया वही स्वयं चार-पाँच धातुओं में सिमटकर रह गया।

(९६) क्र्यादिगण

इस गण में धातु के बाद ना लगता है - क्री क्री-णा। व्यंजनादि अबल विभक्तियों के पहले क्री-णी-तथा स्वरादि के पहले क्रीण् - होता है।

रूपावली

ल

३ क्रीणाति	क्रीणीतः	क्रीणन्ति	क्रीणीते	क्रीणाते	क्रीणते
२ क्रीणासि	क्रीणीथः	क्रीणीथ	क्रीणीषे	क्रीणाथे	क्रीणीध्वे

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

१ क्रीणामि	क्रीणीवः	क्रीणीमः	क्रीणे	क्रीणीवहे	क्रीणीमहे

लङ्

३ अक्रीणात्	अक्रीणीताम्	अक्रीणन्	अक्रीणीत	अक्रीणाताम्	अक्रीणत
२ अक्रीणाः	अक्रीणीतम्	अक्रीणीत	अक्रीणीथाः	अक्रीणाथाम्	अक्रीणीध्वम्
१ अक्रीणाम्	अक्रीणीव	अक्रीणीम	अक्रीणि	अक्रीणीवहि	अकीणीमहि

लेट्

३ क्रीणातिक्रीणात्	क्रीणातः	क्रीणान्	क्रीणाते	क्रीणैते	क्रीणान्त
२ क्रीणासिक्रीणाः	क्रीणाथः	क्रीणाथ	क्रीणासे	क्रीणैथे	क्रीणाध्वै
१ क्रीणानि	क्राणाव	क्रीणाम	क्रीणै	क्रीणावहै	क्रीणामहै

लोट्

३ क्रीणातु	क्रीणीताम्	क्रीणन्तु	क्रीणीताम्	क्रीणाताम्	क्रीणताम्
२ क्रीणीहि	क्रीणीतम्	क्रीणीत्	क्रीणीष्व	क्रीणाथाम्	क्रीणीध्वम्

लिङ्

३ क्रीणीयात्	क्रीणीयाताम्	क्रीणीयुः	क्रीणीत	क्रीणीयाताम्	क्रीणीरन्
२ क्रीणीयाः	क्रीणीयातम्	क्रीणीयात	क्रीणीथाः	क्रीणीयाथाम्	क्रीणीध्वम्
१ क्रीणीयाम्	क्रीणीयाव	क्रीणीयाम	क्रीणीय	क्रीणीवहि	क्रीणीमहि

जी जिना-जिनी-जिन्-, जू जुना - जुनी-जुन् पू पुना-पुनी-पुन् ।

ग्रभ् ग्रह् गृभ्णा - गृभ्णी गृभ्ण्, गृह्णा-गृह्णी-गृह्ण् ज्ञा जाना - जानी - जान्, बन्ध् बध्ना-बध्नी - बध्न् - मन्थ् मथ्ना - मथ्नी - मथ्न् - स्कंभ् स्कभ्ना - स्कभ्नी स्कभ्न्, स्तंभ् स्तभ्ना - स्तभ्नी - स्तभ्न् - अश् अश्ना- अश्नी - अश्न् -

ज्ञा जाना जानी - जान्

पृ पृणा-पृणी - प्रीण् तथा पृण भी

मृ मृणा-मृणी - मृण् तथा मृण - भी

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

अश्, ग्रह्, बन्ध्, स्तम्भ् के लोट् मध्यम पु० एकवचन रूप हैं- अशान गृहाण बधान स्तभान।

ज्ञा धातु का मौलिक रूप जान् था, जिसे आ से आगे बढ़ा कर जानाति आदि रूप बने। ज स्पृष्ट संघर्षी द्ज था, इसलिये प्राचीन फारसी में यह दान् के रूप में विकसित हुआ। आधुनिक फारसी में जानामि की जगह मीदानम् है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लिट् लकार

(९७) लिट् का आधार धातु के दुहराने से बनता है। अभ्यास के सामान्य नियम बताये जा चुके हैं।

लिट् के लिये विशेष नियम यह है कि पहले अक्षर पर ऋ ॠ ऌ की जगह अ या आ होता है —

कृ चकृ - तृ ततृ-, क्लृप् चाक्लृप् ।

दुहराने वाले स्वर की संधि हो जाती है —

अस् अ-अस् = आस्, अन् अ-अन् = आन्, आप् अ-आप् = आप्, ऋ अ-अर् = आर्।

एकवचन वाले रूपों में जब धातु स्वर गुण हो जाता है तो पूर्ववर्ती इ के आगे य् तथा उ के आगे व् चला आता है - इ इ-इ-थ इ-ए-थ = इयेथ, इष् इ-इष्-अ इ-एष्-अ = इयेष, उच् उ-उच्-अ उ-ओच्-अ = उवोच।

अन्य रूपों में तो दीर्घ सन्धि हो जाती है। - इष् इ-इष्-उस् = ईषुः, उच् उ-उच् इ से = ऊचिषे।

य व वाले कुछ धातुओं का पहले अक्षर पर सम्प्रसारण हो जाता है - त्यज् तित्यज्, यज् इयज् व्यच् विव्यच्, स्यन्द् सिष्यन्द्, वच् उवच्, वद् उवद् वप् उवप्, वह् उवह्, स्वप् सुष्वप्। कुछ ऐसे धातुओं में सम्प्रसारण नहीं भी होता है — वच् ववच्, यम् ययम्, वन् ववन्, वस् ववस्।

कुछ आधार पर ह्रस्व की जगह दीर्घ स्वर आजाते हैं - धृ दधर्

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

दाधार, नम् नानाम, कन् चाकन्, सह् सासह्, सु सूसु, गृ जागृ, धी दीधी, क्लृप् चाक्लृप्, तुज् तूतुज्, इत्यादि।

(९८) दुहराये हुए धातुओं में निम्नलिखित पर० और आ० विभक्तियाँ लगती हैं —

३	अ	अतुस्	उस्	ए	आते	इरे
२	थ	अथुस्	अ	से	आथे	ध्वे
१	अ	व	म	ए	वहे	महे

पर० एकव० विभक्तियाँ सबल हैं, शेष अबल।

व्यंजनादि विभक्तियों के पहले व्यंजनान्त धातुओं के बाद प्रायः इ आ जाता है - वच् उवोचिथ, ऊचिम।

कहीं-कहीं इरे का इ हट जाता है- क्लृप् चाक्लृप्रे, विद् विविद्रे।

(९९) स्वरादि विभक्तियों के पहले इ ई तो य् में बदलता है लेकिन संयुक्त व्यंजनों के बाद वाला इय् में — भी बिभी+उस् = बिभ्युः, श्रि शिश्रि + उस् = शिश्रियुः। उ ऊ सब हालत में उव् में ही बदलता है- यु युयु + ए = युयुवे, श्रु श्रु + ए = शुश्रुवे। ऋ तो र् में बदलता है, लेकिन ॠ इर् में — कृ चकृ + ए = चक्रे, तृ तितृ + उस् = तितिरुः, स्तृ तिस्तिरे।

(१००) सबल अंग

ह्रस्व स्वर वाले व्यंजनान्त धातु सबल रूपों में गुण स्वर धारण करते हैं - दिश् दिदेश, उच् उवोच, कृत् चकर्त। यदि अन्त में संयुक्त व्यंजन हैं तो नहीं बदलते - जिन्व् जिजिन्व।

प्रथम पुरुष एकव० में अन्तिम स्वर वृद्धि धारण करते हैं - नी निनाय, श्रु शुश्राव, कृ चकार। मध्यवर्ती अ लेकिन आ हो जाता है, यदि आगे एक ही व्यंजन हो - हन् जघान, गम् जगाम, जन् जजान। लेकिन तक्ष् ततक्ष। मध्यमपु० में उनका गुण होता है- इ इयेथ, उच् उवोचिथ, तुद् तुतोदिथ, कृ चकर्थ, नी निनेथ, स्तु तुष्टोथ। उत्तमपु० में संस्कृत में गुण

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

वृद्धि या अ आ दोनों होता है - नी निनाय निनय, गम् जगाम जगम, लेकिन वेद में गुण या अ ही, दोनों नहीं - नी निनय, कृ चकर, गम् जगम।

आकारान्त धातु का प्रथमपु० एकव० रूप औ होता है — धा दधौ, दा ददौ, लेकिन प्रा पप्रा पप्रौ दोनों।

(१०१) अबल अंग

इ ई, उ ऊ तथा ऋ वाले धातु अबल रूपों में ज्यों के त्यों रह जाते हैं - युज् युयुज्म, विद् विविदे, कृ चकृम।

स्वरादि विभक्तियों के पहले, एक व्यंजन के बाद वाला इ ई तो य् में और ऋ र् में बदलता है, लेकिन संयुक्त व्यंजन के बाद रहने पर इ ई इय् में ऋ इर् में बदलता है - जि जिग्युः भी बिभ्युः, कृ चक्रुः, लेकिन श्रि शिश्रिये। उ ऊ हमेशा उव् में और ॠ हमेशा इर् में बदलता है - यु युयुवे, श्रु शुश्रुवे, तृ तितिरुः स्तृ तिस्तिरे।

कुछ मध्यवर्ती अ वाले धातु दुहराते तो नहीं हैं पर अबल रूपों में अ को ए में बदल कर सिकुड़ जाते हैं - तप् तेपुः, पच् पेचुः। शक् शेकुः, लभ् लेभिरे। दभ्, नम्, पत्, यम्, शप्, रभ्, सप् ऐसे धातु हैं। अथर्ववेद में तन् और सच् आ जाते हैं - तेने, सेचुः।

निम्नलिखित धातुओं का मध्यवर्ती अ लुप्त हो जाता है खन् चख्नुः, गम् जग्मुः, घस् जक्षुः हन् जघ्नुः, जन् जज्ञे जज्ञिरे, तन् तत्नुः,पन् पप्नुः मन् मम्ने, वन् वव्नुः।

निम्नलिखित धातुओं में सम्प्रसारण होता है — यज् इ-इज् = ईज्, वच् उ-उच् = ऊच्, वद् उ-उद् = ऊद्, वप् उ-उप् = ऊप्, वस् उ-उस् = ऊष् वह् उ-उह् = ऊह्, स्वप् सुष्वप् सुषुप्, ग्रभ् जगृभ् ग्रह् जगृह्। क्रन्द् तंस् आदि का अनुनासिक लुप्त हो जाता है - चक्रद ततस।

आकारान्त धातु का आ लुप्त हो जाता है - धा दधिम दधुः ।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

१०२ रूपावली

तुद् सबल आधार तुतोद् अबल आधार तुतुद्

३	तुतोद	तुतुदतुः	तुतुदुः	तुतुदे	तुतुदाते	तुतुदिरे
२	तुतोदिथ	तुतुदथुः	तुतुद	ततुत्से	तुतुदाथे	तुतुद्ध्वे
१	तुतोद	तुतुद्व	तुतुद्म	तुतुदे	तुतुद्वहे	तुतुद्महे

कृ चकार् चकर् चकृ

३	चकार	चक्रतुः	चक्रुः	चक्रे	चक्राते	चक्रिरे
२	चकर्थ	चक्रथुः	चक्र	चकृषे	चक्राथे	चकृध्वे
१	चकर	चकृव	चकृम	चक्रे	चकृवहे	चकृमहे

धा दधा दध् दधि

३	दधौ	दधतुः	दधुः	दधे	दधाते	दधिरे
२	दधाथ	दधथुः	दध	दधिषे	दधाथे	दधिध्वे
१	दधौ	दधिव	दधिम	दधे	दधिवहे	दधिमहे

नी निनै-निने-निनी

३	निनाय	निन्यतुः	निन्युः	निन्ये	निन्याते	निनीरे
२	निनेथ	निन्यथुः	निन्य	निनीषे	निन्याथे	निनीध्वे
१	निनय	निनीव	निनीम	निन्ये	निनीवहे	निनीमहे

स्तु तुष्टौ-तुष्टो-तुष्टु

३	तुष्टाव	तुष्टुवतुः	तुष्टुवुः	तुष्टुवे	तुष्टुवाते	तुष्टुविरे
२	तुष्टोथ	तुष्टुवथुः	तुष्टुव	तुष्टुषे	तुष्टुवाथे	तुष्टुध्वे
१	तुष्टव	तुष्टुव	तुष्टुम	तुष्टुवे	तुष्टुवहे	तुष्टुमहे

तप् तताप् ततप्, तेप्

३	तताप	तेपतुः	तेपुः	तेपे	तेपाते	तेपिरे

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

२ ततप्थ	तेपथुः	तेप	तेपिषे	तेपाथे	तेपिध्वे
१ ततप	तेपिव	तेपिम	तेपे	तेपिवहे	तेपिमहे

वच् उवाच् उवच् ऊच्

३ उवाच	ऊचतुः	ऊचुः	ऊचे	ऊचाते	ऊचिरे
२ उवक्थ	ऊचथुः	ऊच	ऊचिषे	ऊचाथे	ऊचिध्वे
१ उवच	ऊचिव	ऊचिम	ऊचे	ऊचिवहे	ऊचिमहे

गम् जगाम् जगम् जग्म्

३ जगाम	जग्मतुः	जग्मुः	जग्मे	जग्माते	जग्मिरे
२ जगन्थ	जग्मथुः	जग्म	जग्मिषे	जग्माथे	जग्मिध्वे
१ जगम	जग्मिव	जग्मिम	जग्मे	जग्मिवहे	जग्मिमहे
	जगन्व	जगन्म		जगन्वहे	जगन्महे

(१०३) अनियमित रूप

भज् का सबल रूप बभाज तो ठीक है, पर अबल रूपों में यह भी सिकुड़ गया है - भेजतुः भेजुः।

बन्ध् का अनुनासिक भी लुप्त हो गया है - बबन्ध, लेकिन बेधुः (अथर्व०)।

यम् से ययाम, येमे

वन् से ववान, वव्ने

वस् से वावसे

विद् दुहराता नहीं - ३ वेद विदतुः विदुः २ वेत्थ विदथुः वेद १ वेद विद्व विद्म। ऐसे कुछ और भी धातुरूप हैं- तक्ष् तक्षथुः, स्कंभ् स्कंभथुः, चित् चेततुः यम् यमतुः यमुः, निन्द् निन्दिम, अर्ह् अर्हिरे।

कुछ धातुओं में कुत्व हो जाता है - चि चिकाय, जि जिगाय, चित् चिकेत, हन् जघान जघ्ने।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

ह्व के बिगड़े हुए रूप - ३ जभार - जभ्रुः २ जभर्थ, इत्यादि भृ धातु की शंका उत्पन्न कर देते हैं। वास्तव में जह्वार ही विगड़ कर जभार हो गया है। लेकिन बभ्रे में तो भृ ही मालूम पड़ता है।

३ आह आहतुः आहुः २ आत्थ आहथुः ये पाँच रूप पुराने हैं — आ (भूतकाल)+ह (कहना) = आह।

कुछ धातु दुहराने की जगह आन् - से जुट जाते हैं - अंश् आनंश् आनश्, अञ्ज् आनञ्ज् आनज्, अर्च् आनर्च् आनृच्।

भू का आधार है बभू - और स्वरादि विभक्ति के पहले व् आ जाता है - ३ बभूव बभूवतुः बभूवुः २ बभूविथ बभूथ बभूवथुः बभूव, बभूव बभूविव बभूविम।

सू से ससूव, च्यु से चिच्यु चुच्यु, द्युत् से दिद्युत्।

(१०४) लिट् के इन्हीं दुहराये हुए आधारों पर वेद की प्राचीन भाषा में लङ्, लेट्, लोट्, लिङ् और अशीर्लिङ् की विभक्तियाँ लगती हैं।

(१०५) लिट् + लङ्

पूरे वेद में इन रूपों की संख्या लगभग साठ है। भू के तो एक भी रूप नहीं मिलते, लेकिन यदि बनाकर दिखाये जायें तो इस प्रकार होंगे -

आधार बभू-बभूव् पर०			
३	अ-बभू-त्	अ-बभू-ताम्	अ-बभू-वुः
२	अबभूः	अ-बभू-तम्	अ-बभू-त
१	अ-बभू-वम्	अवभूव	अ-बभू-म

गम् आधार जगम् जग्म्

पर०			
३	अजगन्	अजग्मिताम्	अजग्मुः
२	अजगन्	अजग्मितम्	अजग्मित
१	अजगमम्	अजग्मिव	अजग्मिम

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

केवल २.३ एकव० अजगन् रूप मिलता है।

	आ०		
३	अजग्मित	अजग्माताम्	अजग्मिरन्
२	अजग्मिथाः	अजग्माथाम्	अजग्मिध्वम्
१	अजग्मि	अजग्मिवहि	अजग्मिमहि

केवल ३ बहुव० अजग्मिरन् रूप मिलता है।

इ (जाना) के लिट् + लङ् वाले केवल एकवचन के रूपों को ध्यान से देखें। स्वरादि धातु के लिये आगम आ है।

आधार इ-इ ३ आ-इ-ए-त् = ऐयेत्

२ आ-इ-ए-स् = आ-इये: = ऐये:

१ आ-इ-ए-अम् आ-इययम् = ऐययम्

केवल २ एकव० ऐये: रूप ही मिलता है। आगम आट् के साथ इ की सन्धि से वृद्धि ऐ बनता है (आटश्च)।

किसी धातु के सारे रूप तो मिलते नहीं, यथाप्राप्त रूप धातुओं के निर्देश के साथ प्रस्तुत किये जाते हैं। कुछ रूपों में आगम अ नहीं भी है।

परस्मैपद

एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
३ अ-जगम्+त्=अजगन्		च्यु अचुच्यवुः
चित् अ-चिके-त्, अचिकेतत्		मंद् अममन्दुः अममदुः
रन् रारन् अचिकितत्	वाश् अवावशीताम्	
स्तभ् तस्तंभत्		
ग्रभ् अ-जग्रभीत्		
२ अ-जगम् + स् = अजगन्	मुच् अमुमुक्तम्	गम् अजगन्त
नम् ननमः		अजगन्तन

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

विश् अविवेशीः		च्यु अचुच्यवीतन
भुज् अबुभोजीः		भृ अजभर्तन
१ चक्ष् अचचक्षम्	-	-
ग्रभ् अजग्रभम्		
स्तु अतुष्टवम्		
कृ चकरम्		
चित् चिकेतम्		

आत्मनेपद

३ दिश् दिदिष्ट	-	कृ अचक्रिरन्
		गम् अजग्मिरन्
		पच् अपेचिरन्
		वृत् अववृत्रन्
		सृज् अससृग्रन्
		त्विष् अतित्विषन्त
		कृप् चकृपन्त
		धृष् दधृषन्त
२ गृ जुगूर्थाः	-	-
स्वप् सुषुप्थाः		
१ श्रु अशुश्रवि	-	-

(१०६) लिट् + लेट्

परस्मैपद				आत्मनेपद			
३ चित् चिकेतत्	-	-	-	३ तप्	ततपते	-	-
हन् जघनत्	-	-	-	जुष्	जुजोषते	-	-
कन् चाकनत्	-	-	-	युज्	युयोजते	-	-

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

	तन्	ततनत्	-	ततनन्	शम्	शशमते	-	-
	स्तु	तुष्टवत्	-	-	धृष्	दधृषते	-	दधृषन्त
	भृ	जभरत्	-	-	वृध्	वावृधते	-	-
	प्री	पिप्रयत्	-	-	कन्	-	-	चाकनन्त
	दिश्	दिदेशत्	-	-	तन्	-	-	ततनन्त
	रन्	रारणत्	-	-	क्रम्	-	-	चक्रमन्त
	बुध्	बुबोधति	-	-	अंश्	-	-	
	मुच्	मुमोचति	-	-				
		मुमोचत्	-	-				
	शू	शूशुवत्	-	-				
	विद्	विविदत्	-	-				
	धृष्	दधर्षति	-	-				
	वृत्	ववर्तति	-	-				
		ववृतत्	-	-				
	सह्	सासहत्	-	-				
	स्पृश्	पस्पर्शत्	-	-				
	प्रथ्	-	-	पप्रथन्				
२	तन्	ततनः	-	-	-	-	-	-
	बुध्	बुबोधः	-	-				
	प्रथ्	पप्रथः	-	-				
	कन्	चाकनः	-	-				
	चित्	चिकितः	चिकेतथः	-				
	जुष्	जुजोषः	जुजोषथः	जुजोषथ				
	प्री	पिप्रियः	-	-				

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

	रन्	रारणः	-	-			
	मुच्	मुमुचः	-	-			
१	अञ्ज्	अनजा आनजा	-	१	अंश्	-	अनशामहै (=आनशामहै)
	तन्	-	-	ततनाम			
	कन्	-	-	चाकनाम			
	शू	-	-	शूशवाम			

(१०७) लिट् + लोट्

परस्मैपद				आत्मनेपद			
३ भू	बभूतु	(बभूताम् बभूवतु)		३	-	-	-
मुच्	मुमोक्तु	-	-		-	-	-
२ शास्	शशाधि	-	-	२	वृत्	ववृत्स्व	- ववृद्ध्वम्
मुच्	मुमुग्धि	मुमुक्तम्	-				
दिश्	दिदिड्ढि	-	दिदिष्टन				
वृत्	-	-	ववृत्तन				
वृज्	-	विवृक्तम्	-				
चित्	चिकिद्धि	-	-				

(१०८) लिट् + लिङ्

३ भू	बभूयात्	(बभूयाताम्	बभूयुः)	३ वृत्	ववृतीत	-	-
गम्	जगम्यात्	(जगम्याताम्)	जगम्युः				
अञ्ज्	अनज्यात्	-	-				
वृत्	ववृत्यात्	-	-				

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

२	भू	बभूयाः	-	-	२	वृध्	वावृधीयाः	-	-
	वृत्	ववृत्याः	-	-					
	गम्	-	जगम्यातम्	-					
१	अंश्	आनश्याम्	-	-	१	वृत्	ववृतीय	-	ववृतीमहि
	गम्	जगम्याम्	-	-					
	रिच्	रिरिच्याम्	-	-					
	वृत्	ववृत्याम्	-	ववृत्याम					

लिट् + आशीर्लिङ्

१	सह्		-	-	सह्	सासहीष्ठाः	-	

ये सारे वैदिक रूप अथर्ववेद से ही दुर्लभ होने लगते हैं। ब्राह्मण ग्रन्थों में छिटपुट कहीं-कहीं मिल जाते हैं। उपनिषदों में तो इनकी कल्पना तक नहीं रह जाती।

(१०९) अनुप्रयुक्त लिट्

अथर्ववेद में एकबार गम् धातु को अय से आगे बढ़ाकर एक स्त्री० शब्द गमया बनाया। इसके द्वितीया एकवचन वाले रूप को कृ के लिट् वाले रूप के साथ जोड़ा - गमयां चकार = भेजा। ब्राह्मण साहित्य में कुछ नये प्रयोग आने लगे- बोधयां चकार, बोबुधां चकार, बभुत्सां चकार। फिर गुरु स्वर वाले कुछ एकाक्षर धातु भी आगये - आसां चकार, एधां चकार- उज्झां चकार। फिर तो अस् और भू वाले भी लिट् के रूप जुटने लगे - गमयामास, गमयांबभूव।

पाणिनि बहुत सारे धातुओं का उल्लेख करते हैं और अन्त में कहते हैं - कृञ्चानुप्रयुज्यते लिटि।

संस्कृत में साधारण धातु को यदि प्रेरणार्थक बनाते हैं तो इसी का प्रयोग करते हैं - रामो वनं जगाम पिता रामं वनं गमयामास।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लुङ् लकार

(११०) लुङ् के भी आधार कई विकरणों से बनते हैं। पाणिनि ने 'च्लि लुङि' कहने के बाद ही झट से कह दिया 'च्ले सिच्'। उन्हें रुकना चाहिये था। च्लि का मतलब है शून्य, और गा, स्था, दा, धा, भू और पा के बाद तो कुछ लगता ही नहीं। उनके आधार शून्य विकरण से बनते हैं। सिच् के लोप करने की जरूरत ही नहीं थी।

कुछ धातुओं में विकरण अ लगता है। कुछ अन्य दुहराते हुए धातुओं में भी - अ - विकरण लगता है।

(क) अतः लुङ् के आधार के लिये पहले च्लि, अङ् और चङ् विकरणों का नाम लिया जा सकता है।

(ख) पाणिनि ने संस्कृत को ध्यान में रखकर कहा है कि जिन धातुओं के उपधा में इ उ ऋ स्वर तथा अन्त में श् ष् ह् व्यंजन हैं उनमें - स विकरण लगता है। भूतकाल वाला अ- आगम तो शुरु में रहता ही है। लेकिन व्यंजनों में ज् भी देखा गया है तथा उपधा या अन्त में दूसरे स्वर भी। वस्तुतः मौलिक आधार था धातु + स। भू से अ-भू-ष-त् रूप है, रा से अ-रा-स-त्, यज् से अ-य क्ष-त्।

१. कुछ धातुओं के बाद -स- दुहरा कर सस हो जाता है; सस- से घिसकर अस् - हो जाता है जो कुछ व्यंजनान्त धातुओं में लगता है (मन्द् मन्दस्, इत्यादि)। कुछ धातुओं के बाद सिष- घिसकर इष- हो जाता है। कुछ धातुओं के बाद तो-स्-ही रह जाता है, जो दो स्पर्शों के बीच लुप्त भी हो जाता है। अतः इस लुङ् प्रक्रिया में आठ तरह के आधार बन जाते हैं - १. शून्य (०) २.-अ-३. अभ्यास सहित अ (चङ्) ४.-स-५. सिष् ६. अस् ७. इष् ८.-स्-(सिच्)।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

२. इनमें अ (२) अभ्यास सहित -अ- (३) और-स-(४) तो- अ-वर्ग के कहे जायेंगे। शेष विषम वर्ग के। यहाँ भी एक तरह से सार्वधातुक आधार की झलक आ जाती है, उन सारी जटिलताओं के साथ ही।

३. लुङ् के आधार में लेट् लोट् और लिङ् विभक्तियों के अलावा आशीर्लिङ् विभक्तियाँ भी लगती है, जो इस प्रकार हैं —

	पर०				आ०		
३	यात्	यास्ताम्	यासुस्	३	ईष्ट	-	-
२	यास्	यास्तम्	यास्त	२	ईष्ठास्	-	-
१	यासम्	यास्व	यास्म	१	-	-	-

वेद में तो केवल एकव० ३ और १ तथा बहुव० १, और आ० एकव० ३.२ रूप मिलते हैं।

अ-वर्ग

१. अ - आधार (अस्यति वक्ति ख्यातिभ्योऽङ्)

(१११) धातु के बाद -अ- लगाया जाता है और धातु में कोई परिवर्तन नहीं होता। ऐसा लगता है कि तुदादि गण यहाँ भी आ गया है।

विद् विद

३	अविदत्	अविदताम्	अविदन्	अविदत	अविदेताम्	अविदन्त
२	अविदः	अविदतम्	अविदत	अविदथाः	अविदेथाम्	अविदध्वम्
१	अविदम्	अविदाव	अविदाम	अविदे	अविदावहि	अविदामहि

विनियोगार्थ

इन्हीं रूपों से यदि अ- आगम हटा दिया जाये तो वे आज्ञार्थक हो जाते हैं। यथाप्राप्त रूप ये हैं -

३	विदत्	-	विदन्	विदत	-	विदन्त

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

२	विदः	-	-	-	-	
१	विदम्	-	-	-	-	विदामहि

लुङ्+लेट्

३	विदाति विदात्	विदातः	विदान्	विदाते	विदैते	विदान्त
२	विदासि विदाः	विदाथः	विदाथ विदाथन	विदासे	विदैथे	विदाध्वे
१	विदानि विदा	विदाव	विदाम	विदै	विदावहै	विदाम है

लुङ् + लोट्

सद् सद

३	सदतु	सदताम्	सदन्तु सदत	सदताम्	सदेताम्	सदन्ताम्
२	सद	सदतम्	सदतन	सदस्व	सदेथाम्	सदध्वम्

लुङ् + लिङ्

३	विदेत्	विदेताम्	विदेयुः	विदेत	विदेयाताम्	विदेरन्
२	विदेः	विदेतम्	विदेत	विदेथाः	विदेयाथाम्	विदेध्वम्
१	विदेयम्	विदेव	विदेम	विदेय	विदेवहि	विदेमहि

लुङ् + आशीर्लिङ्

३	-	-	-	विदेष्ट (अथर्व०)	-	-
२	-	-	-	-	-	-
१	-	-	-	-	-	-

कुछ आधार अनियमित हैं - ख्या ख्य, व्या व्य, ह्वा ह्व, दा द, धा ध, स्था स्थ, शास् शिष, क्रन्द् क्रद, तंस् तस, ध्वंस् ध्वस, भ्रंश् भ्रश, रन्ध् रध, स्रंस् स्रस। दृश् से दर्श और दृश।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

चङ्

२ अभ्यास सहित अ - आधार

(११२) (णिश्रिद्रुस्रुभ्यः कर्तरि चङ्)

यह आधार धातुओं के दुहराने से बनता है। पहले अक्षर पर अ आ ऋ ॠ ऌ की जगह इ आ जाता है और पहला अक्षर गुरु होता है - जन् जीजन, नश् नीनश, कृष् चीकृष, पृ पीपर, भू बूभुव, गृ जीगर, स्वप् सीष्वप, हीड् जीहिड, वाश् वीवश। पहले अक्षर पर गुरु स्वर रखने से मौलिक धातुस्वर भी ह्रस्व हो जाता है। लेकिन कुछ अपवाद भी हैं - दीप् दिदीप, इत्यादि।

लुङ्

जन् जीजन

पर०	३ अजीजनत्	अजीजनताम्	अजीजनन्
	२ अजीजनः	अजीजनतम्	अजीजनत
	१ अजीजनम्	अजीजनाव	अजीजनाम
आ०	३ अजीजनत	अजीजनेताम्	अजीजनन्त
	२ अजीजनथाः	अजीजनेथाम्	अजीजनध्वम्
	१ अजीजने	अजीजनावहि	अजीजनामहि

कभी अ आगम नहीं रहता है - भी बीभयत्, श्नथ् शिश्नथत्, शिश्नत्। कहीं आधार का अन्तिम अ ही नहीं रहता है — श्रि अशिश्रेत्। ३ बहुव० में कभी अन्, कभी उस्-स्रंस् असिस्रसन्, सद् असीषदन्, भज् अबीभजुः।

विनियोगार्थ

लेकिन हम यह भी जानते हैं कि अ आगम रहित रूप आज्ञार्थक हो जाते हैं —

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

पर०	३	च्यु	चुच्यवत्	-	रम् रीरमन्
		धृ	दीधरत्	-	शुच् शूशुचन्
		स्वद्	सिष्वदत्	-	
	२	क्षिप्	चिक्षिपः	ह्वृ जिह्वरातम्	-
		स्पृश्	पिस्पृशः	-	-
		राध्	रीरधः	-	-
		साध्	सीषथः	-	-
	१	क्रुध्	चुक्रुधम्	-	-
		धृ	दीधरम्	-	-
आ०	३	-	-	स्वप्	सिष्वपन्त
	२	-	-	-	
	१	-	-	-	

लुङ् + लेट् पर०

३	क्लृप् चीक्लृपाति	-	-
	स्पृश् पिस्पृशाति	-	-
	साध् सीसधाति	-	-
	वच् वोच् वोचत्	-	-
२	तप् तीतपासि	-	-
१	राध् रारधा	-	रम् रीरमाम
			साध् सीसधाम
			क्रुध् चुक्रुधाम

लुङ् + लोट् पर०

वच् ववच् वउच् = वोच् वोच - (वच उम्)

३	वोचतु	-	श्रथ् शिश्रथन्तु	
			पृ पूपुरन्तु	
२	वोचतात् गृ जिगृतम् वोचतम्		गृ	जिगृत वोचत
	धृ दिधृतम्			दिधृत
			पत्	पप्तत
			सूद्	सुषूदत

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लुङ् + लिङ्				
पर०	३	वोचेत्	वोचेताम्	वोचेयुः
	३	वोचेः	वोचेतम्	वोचेत
		रिष् रीरिषेः		
	१	वोचेयम्	वोचेव	वोचेम
आ०	३	-	-	-
	२	-	-	-
	१	वोचेय	-	वोचेमहि

लुङ् + आशीर्लिङ् आ०			
३	रिष् रीरिषीष्ट	-	-
२	सह् सासहीष्ठाः	-	-

३ स-आधार

(११३) (शल इगुपधादनिटः क्सः)

वैदिक भाषा के आदि काल में इस-स-विकरण की कोई सीमा नहीं थी। किसी भी धातु के बाद यथासंभव यह जोड़ा जा सकता था। भू के बाद (परि + अ - भू - ष - त्), रा के बाद (रा - स - ताम्, - रा- स - न्ताम्), धी के बाद (धी - ष - माण)। तथापि इस के सारे रूप नहीं मिलते, क्योंकि यह कई आधारों में बिखर गया।

धातुस्वर में कोई परिवर्तन नहीं होता, पर अन्तिम व्यञ्जन श् ष् ह् ज् के साथ मिलकर स ही सर्वत्र क्ष हो जाता है।

लुङ्									
परस्मैपद					आत्मनेपद				
३	भू	अभूषत्	-	-	३	दुह्	अधुक्षत	-	-
	दिश्	अ-दिक्षत्	-	-			धुक्षत		

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

	मिश्	अमिक्षत्	-	-		दुक्षत			
	स्पृश्	अस्पृक्षत्	-	अस्पृक्षन्					
	क्रुश्	अक्रुक्षत्	-	-		मृज्	-	-	अमृक्षन्त
	दुह्	अदुक्षत्	-	दुक्षन्					
		अधुक्षत्	अधुक्षताम्	अधुक्षन्					
				धुक्षन्					
	पिष्	-	-	पिक्षन्					
	रुह्	अरुक्षत्	-	अरुक्षन्					
	वृज्	अवृक्षत्	-	-					
	लिह्	अलिक्षत्	-	-					
	त्रा	-	अत्रासताम्	-					
२	द्रुह्	अद्रुक्षः	-	-	२	कृष्	अकृक्षथाः	-	-
	दुह्	अधुक्षः	-	-					
	क्रुश्	अक्रुक्षः	-	-					
	मृज्	अमृक्षः	-	मृक्षत					
	रुह्	अरुक्षः	-	-					
१	वृज्	अवृक्षम्	-	अवृक्षाम	१	-	-	-	
	मृज्	-	-	अमृक्षाम					
	रुह्	-	-	अरुक्षाम					

आगम रहित आज्ञार्थक

(विनियोगार्थ)

	परस्मैपद					आत्मनेपद			
३	द्विष्	द्विक्षत्	-	-	३	दुह्	दुक्षत	-	-
							धुक्षत	-	धुक्षन्त

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

२ दुह्	दुक्षः	-	-	२	-	-	-	
मृश्	मृक्षः	-	-					
मृज्	-	-	मृक्षत					
१ दृश्	दृक्षम्	-	-	१	-	-	-	
मृज्	मृक्षम्	-	-					

लुङ् + लेट्

लुङ् + लोट्

३ यज्	-	यक्षताम्	-	३	रा	रासताम्	-	रासन्ताम्
२ नी	नेष	-	-	२	दुह्	धुक्षस्व	-	-
पृ	पर्ष	-	-					
मृज्	-	मृक्षतम्	-					

लुङ् + लिङ्

लुङ् + आशीर्लिङ्

जिस आधार से वंश का प्रारंभ हुआ वही पंगु होकर रह गया। शाखाये तो खूब फैलीं। एक शाखा हुई सिष्, दूसरी सस्>अस्, तीसरी इष्- और चौथी स् -।

४ सिष् - आधार

(यमरमनमातां सक् च)

(११४) कुछ आकारान्त तथा न् म् व्यंजनान्त धातुओं के आगे सिष् - विकरण लगता है। वे हैं - गा; ज्ञा, प्या, या, हा, वन् रम्। बाद में ध्या, घ्रा, वा, ह्वा भी सम्मिलित हो जाते हैं।

पर०	३	या	-	अयासिष्टाम्	अयासिषुः
		गा	-	-	अगासिषुः

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

	२	या	-	-	अयासिष्ट
	१	या	अयासिषम्	-	-

आगम रहित आज्ञार्थक

(विनियोगार्थ)

पर०	३	हा	-	हासिष्टाम्	हासिषुः
	२	-	-	हासिष्टम्	हासिष्ट
	१	रम्	रंसिषम्	-	-

लुङ् + लेट्

पर०	३	गा	गासिषत्	-	-
		या	यासिषत्	-	-
	२		-	-	-
	१		-	-	-

लुङ् + लोट्

पर०	३		-	-	-
	२	या	-	यासिष्टम्	यासिष्ट

लुङ् + लिङ्

आ०	३		-	-	-
	२		-	-	-
	१	वन्	वंसिषीय	-	प्या प्यासिषीमहि

लुङ् + आशीर्लिङ्

आ०	३	-	-	-

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

२	या	यासिषीष्ठाः	-	-
१	-	-	-	-

५ इष्-आधार

(११५) परस्मैपद एकवचन में प्रथमपु० और मध्यमपु० विभक्तियों के पहले इष् सिकुड़कर ई हो जाता है। क्रम् क्रमिष् क्रमी -

लुङ्					
३ अक्रमीत्	अक्रमिष्टाम्	अक्रमिषुः	३ अक्रमिष्ट	अक्रमिषाताम्	अक्रमिषत
२ अक्रमीः	-	-	२ अक्रमिष्ठाः	-	-
१ अक्रमिषम्	-	अक्रमिष्म	१ अक्रमिषि	-	-
अक्रमीम्					
वध् वधीम्	-	-			
ग्रभ् अग्रभीम्	-	अग्रभीष्म			
ग्रह् अग्रहिषम्	-	-			

आगमरहित आज्ञार्थक
(विनियोगार्थ)

३ अश् अशीत्	-	-	३ यु यविष्ट	-	-
तृ तारीत्	-	-			
जॄ -	-	जारिषुः			
२ अव् अवीः	-	-	२ मृष् मर्षिष्ठाः	-	-
तृ तारीः	तारिष्टम्	-			
युध् योधीः	-	-			
सू सावीः	-	-			
मृध् -	मर्धिष्टम्	-			

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

	वध्	-	वधिष्ट						
			वधिष्टन						
१	शंस्	शंसिषम्	-	-	१	राध्	राधिषि	-	-
	श्रम्	-	-	श्रमिष्म		व्यथ्	-	-	व्यथिष्महि

लुङ् + लेट्

३	कृ	कारिषत्	-	-	३	सन्	-	-	सनिषन्त
	बुध्	बोधिषत्	-	-					
	सन्	-	-	सनिषन्					
२	अव्	अविषः	-	-	२		-	-	-
	कन्	कानिषः	-	-					
१	दू	दविषाणि	-	-	१	याच्	-	-	याचिषामहै

लुङ् + लोट्

३	अव्	अविष्टु	अविष्टाम्	-		-	-	-	-
२		अविड्ढि	अविष्टम्	अविष्टन		-	-	-	-

लुङ् + लिङ्

		-	-	-	३		-	-	-
		-	-	-	२		-	-	-
		-	-	-	१	एध्	एधिषीय	-	-
						गम्	ग्मिषीय	-	-
						रुच्	रुचिषीय	-	-
						सह्	-	सहिषीवहि	-
						तृ	-	-	तारिषीमहि

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लुङ् + आशीर्लिङ्					
३	-	-	-	३ जन् जनिषीष्ट -	-
				२ मुद् मोदिषीष्ठाः-	-
	-	-	-	१ -	-	-

६ अस् - आधार

(११६) इस आधार से लकार वाले कोई रूप दृष्टिगोचर नहीं होते। कुछ व्यंजनान्त धातु के आगे अस् - लगाकर उसमें - आन प्रत्यय जोड़ते हैं। इस प्रकार कुछ आत्मनेपद क्रियात्मक विशेषण बनते हैं — मन्द् मन्दस् मन्दसान, यम् यमस् यमसान, वृध् वृधस् वृधसान, ऋञ्ज् ऋञ्जस् ऋञ्जसान, इत्यादि।

७ स् - आधार

(च्लेः सिच्)

(११७) स् - विकरण लगने पर परस्मैपद में धातु स्वर में वृद्धि होती है, अ आ हो जाता है। आत्मनेपद में धातु स्वर इ ई उ में गुण होता है, अन्य ज्यों के त्यों रहते हैं।

परस्मैपद एकवचन में ऋ के आर् हो जाने पर विकरण -स्- सहित विभक्ति का ३ त् और २ स् लुप्त हो जाता है। नहीं तो दोनों के बीच में- ई- घुसाकर इनकी रक्षा हो जाती है - भृ भार्-स्-त्/स् = अ-भार् = अभाः, कृ कार् अ-कार्+स्+ई-त् = अकार्षीत्। यह दूसरी प्रक्रिया अथर्ववेद से शुरु होती है।

लुङ्

भृ भार्ष् बुध् बुध् भुत्स्

३ अभाः	आभार्ष्टाम्	अभार्षुः	३ अबुद्ध	अभुत्साताम्	अभुत्सत
२ अभाः	अभार्ष्टम्	अभार्ष्ट	२ अबुद्धाः	अभुत्साथाम्	अभुद्ध्वम्
१ अभार्षम्	अभार्ष्व	अभार्ष्म	१ अभुत्सि	अभुत्स्वहि	अभुत्स्महि

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

स्तु स्तोष्

३ अस्तौषीत्	अस्तौष्टाम्	अस्तौषुः	३ अस्तोष्ट	अस्तोषाताम्	अस्तोषत
२ अस्तौषीः	अस्तौष्टम्	अस्तौष्ट	२ अस्तोष्ठाः	अस्तोषाथाम्	अस्तोढ्वम्
१ अस्तौषम्	अस्तौष्व	अस्तौष्म	१ अस्तोषि	अस्तोष्वहि	अस्तोषमहि

आगम रहित आज्ञार्थक

(विनियोगर्थ)

पर० एकवचन १ स्तु स्तोषम् जि जेषम् यू यौषम् यूषम् या येषम् गा गेषम् स्था स्थेषम्

बहुवचन जि जेष्म गा गेष्म दा देष्म यु यौष्म

लुङ् + लेट्

स्तु स्तोष्

३ स्तोषति	स्तोषत्	स्तोषतः	स्तोषन्	३ स्तोषते	-	स्तोषन्ते
२ स्तोषसि	स्तोषः	स्तोषथः	स्तोषथ	२ स्तोषसे	स्तोषाथे	-
१ स्तोषाणि		स्तोषाव	स्तोषाम	१ स्तोषै	-	-
				दृश् २ दृक्षसे		
				पृच् पृक्षसे		

लुङ् + लोट्

आ० २ एकव० सह्-स्-स्व = साक्ष्व

लुङ् + लिङ्

आ०	३	भज्	भक्षीत	-	मन् मंसीरत
	२	-	त्रा त्रासीथाम्	-	
	१	दा	दिषीय	-	-
		रा	रासीय	-	वन् वंसीमहि वसीमहि

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

भज्	भक्षीय	-	भक्षीमहि
मन्	मंसीय	-	मंसीमहि
मुच्	मुक्षीय	-	दुह् धुक्षीमहि
सह्	साक्षीय	-	सक्षीमहि

लुङ् + आशीर्लिङ्

३	दृ	दर्षीष्ट	-	-
	मन्	मंसीष्ट	-	-
	मृच्	मृक्षीष्ट	-	-
२	मन्	मंसीष्ठाः	-	-
१	-	-	-	-

८ शून्य आधार

(च्लि लुङि)

(११८) बहुत से धातु विना विकरण के ही लुङ् विभक्तियों से मिल जाते हैं।

स्था

३ अस्थात्	अस्थाताम्	अस्थुः	३ अस्थित	-	अस्थिरन्
२ अस्थाः	अस्थातम्	अस्थात	२ अस्थिथाः	-	-
१ अस्थाम्	अस्थाव	अस्थाम	१ -	-	अस्थिमहि

कृ

३ अकः	अकर्ताम्	अक्रन्	३ अकृत	अकृताम्	अक्रत
२ अकः	अकर्तम्	अकर्त	२ अकृथाः	-	अकृध्वम्
१ अकरम्	-	अकर्म	१ अक्रि	अकृवहि	अकृमहि

भू

३ अभूत्	अभूताम्	अभूवन्

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

२ अभूः अभूतम् अभूत अभूतन

१ अभूवम् अभूव अभूम

पर० ३ एकवचन क्रम् अक्रन् गम् अगन् गन् घस् अघः चित् अचेत्

तन् अतन् दृ अदः भिद् अभेत् भ्राज् अभ्राट्

मुच् अमोक् म्यक्ष् अम्यक् वृत् अवर्त् स्तृ अस्तः

नश् आनट् वृ आवः वस् आवः वृज् वक्

३ बहुव० घस् अक्षन् गम् अग्मन्

आ० ३ एकव० गम् अगत बहुव० अग्मत

२ अगथाः - -

१ - - - द्विव० अगन्वहि बहुव० अगन्महि

तन् ३ एकव० अत्नत

दा २ एकव० अदिथाः

स्था अस्थिथाः

धा ३ एकव० अधित १ बहुव० अधिमहि अधीमहि

घस् ३ एकव० घस्+त घ्-स्-त घ् ध = ग्ध

ऋ बहुवचन २ अर्त आर्त ३ अ-अर्-अत = आरत

३ बहुव० क्लृप् अक्लृप्रन् ग्रभ् अगृभ्रन् जुस् अजुस्रन्

दृश् अदृश्रन् पद् अपद्रन् बुध् अबुध्रन्

दृश् अदृश्रन् पद् अपद्रन् बुध् अबुध्रन्

युज् अयुज्रन् वस् अवस्रन् विश् अविश्रन्

वृत् अवृत्रन् सृज् असृग्रन् स्था अस्थिरन्। दृश् से अदृश्रम् भी, बुध् से अबुध्रम् भी, सृज् से असृग्रम् भी।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

आगम रहित आज्ञार्थक

(विनियोगार्थ)

३	भू	भूत्	-	भूवन्	३	ऋ	अर्त	-	-
	श्रि	शिश्रेत्	-	-		अश्	अष्ट	-	-
	नश्	नक् नट्	-	-		विज्	विक्त	-	-
	वृ	-	-	व्रन्		वृ	वृत	-	-
	क्रम्	-	-	क्रमुः			-	-	-
	धा	-	-	धुः			-	-	-
२	भू	भूः -	-		२	नुद्	नुत्थाः	-	
	जि	जेः	-	-		मृ	मृथाः	-	-
	भी	भेः	-	-		मृष्	मृष्ठाः	-	-
	दघ्	धक्	-	-		रिच्	रिक्थाः	-	-
	भिद्	भेत्	-	-					
	रुज्	रोक्	-	-					
१	कृ	करम्	-	-	१	नश्	नंशि	-	-
	दृश्	दर्शम्	-	-		धा	-	-	धीमहि
	भू	भुवम्	-	भूम					
	भुज्	भोजम्	-	-					
	दघ्	-	-	दघ्म					
	हू	-	-	होम					
	छिद्	-	-	छेद्म					

लुङ् + लेट्

३	करति करत्	करतः	करन्ति	करन्	३ करते	-	-
२	करसि करः	करथः	-	-	२ करसे	-	-
१	कराणि करा	-	कराम	-	१ -	-	-

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

२ एकव० में कभी विभक्ति सि है।

यज् यक्षि(यज् + सि = असि)

वह् वक्षिं(वह् + सि = असि)

पृ पर्षि(पृ + सि = असि)

लुङ् + लोट्

३ गम् गन्तु गन्ताम् गमन्तु ३ - - -

धा धातु - धान्तु - - -

भू भूतु - - - - -

श्रु श्रोतु - श्रवन्तु - - -

पा - पाताम् -

वह् - वोढाम् -

२ कृ कृधि कृतम् कर्तम् कृत कर्त कर्तन २कृ कृष्व - कृध्वम्

गम् गधि गहि गतम् गन्तम् गत गन्त गन्तन

भू बोधि भूतम् भूत, भूतन

दा - दातम् -

पृ पूर्धि - -

वह् - - वोढ्वम्

युध् योधि - -

शक् शग्धि - - सच सक्ष्व - -

सा साहि - - वन् वस्व - -

वृ - वर्तम् - रा रास्व - -

दघ् - दग्धम् - यज् यक्ष्व - -

वह् - वोढम् - मद् मत्स्व - -

श्रु - श्रुतम् श्रुत श्रोत युज् युक्ष्व -

धा - - धातन धिष्व - -

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लुङ् + लिङ्

३	भू	भूयात्	(भूयाताम्	भूयुः)	३	ऋ	अरीत	-	-
	अश्	-	-	अश्युः					
	धा	-	-	धेयुः					
२		भूयाः	(भूयातम्	भूयात)	२		-	-	-
	गम्	गम्याः	-	-					
	ऋध्	ऋध्याः	-	-					
	अश्	अश्याः	-	-					
१	अश्	अश्याम्	-	अश्याम	१	अश्	अशीय	-	अशीमहि
	वृज्	वृज्याम्	-	-		दध्	-	-	द्धीमहि
	दा	देयाम्	-	-		नश्	-	-	नशीमहि
	भू	-	-	भूयाम					
	स्था	-	-	स्थेयाम					
	कृ	-	-	क्रियाम					
	ऋध्	-	-	ऋध्याम					

लुङ् + आशीर्लिङ्

३	अश्	अश्याः	-	-	३	पद्	पदीष्ट	-	-
	गम्	गम्याः	-	-		मुच्	मुचीष्ट	-	-
	दघ्	द्ध्याः	-	-		-	-	-	-
	पा	पेयाः	-	-		-	-	-	-
२	भू	-	भूयास्तम्	भूयास्त	२	-	-	-	-
१		भूयासम्	-	-	१	-	-	-	-
	कृ	-	-	क्रियास्म					

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

ऌ - लकार

(११९) -स्- और-इष्-विकरण वाले लुङ् के आधार को जब -य- से आगे बढ़ाते हैं तो वह ऌ - लकार का आधार बनता है। उसमें लट् की विभक्ति लगाकर ऌट् के रूप बनाते हैं, और लङ् की विभक्ति लगाकर ऌङ् के रूप। ऌट् भविष्यकाल का वाचक है, ऌङ् भविष्यात्मक भूत का। ऌङ् में धातु के पहले अ आगम भी लगता है।

ऌट् और ऌङ् का द्वन्द्व हू-ब-हू लट् और लङ् की छाया है। इस प्रकार, संस्कृत के सारे धातु -स्य और इष्य आधार वाले दो दलों में बँट गये हैं।

प्ररेणार्थक (गमय - कारय - आदि) तथा ऋकारान्त धातु कृ भृ आदि में तो इष्य - ही लगता है। प्रेरणार्थक का अन्तिम अ हट जाता है तथा ऋ का गुण हो जाता है - गमय गमयिष्य, कृ करिष्य इत्यादि।

धातु का अन्तिम इ उ तथा उपधा वाला ह्रस्व इ उ ऋ गुण रूप में आ जाता है - जि जेष्य नी नेष्य, भू भविष्य, कृत् कर्त्स्य, वृत् वर्तिष्य, इत्यादि।

(१२०) ऌट् के रूप तो वेद में परस्मैपद और आत्मनेपद दोनों में मिलते हैं।

कृ करिष्य

३	करिष्यति	करिष्यतः	करिष्यन्ति
२	करिष्यसि	करिष्यथः	करिष्यथ
१	करिष्यामि	करिष्यावः	करिष्यामः
३	करिष्यते	करिष्येते	करिष्यन्ते
२	करिष्यसे	करिष्येथे	करिष्यध्वे

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

१	करिष्ये	करिष्यावहे	करिष्यामहे

(१२१) लृङ् के रूप तो संहिता में आने ही लगे थे। ऋग्वेद में एक ही रूप मिलता है - अभरिष्यत्। इसके सारे रूप इस प्रकार हैं -

३	अभरिष्यत्	अभरिष्यताम्	अभरिष्यन्
२	अभरिष्य:	अभरिष्यतम्	अभरिष्यत
१	अभरिष्यम्	अभरिष्याव	अभरिष्याम

आत्मनेपद के भी कुछ रूप मिलते हैं। ब्राह्मण साहित्य में इसका प्रयोग बढ़ता है।

लुट् लकार

(१२२) क्रिया में तृ प्रत्यय जोड़कर कर्तृवाचक संज्ञा बनाते हैं। प्रथम पुरुष में तो प्रथमा वाले रूप ही पर्याप्त हैं।

गम् गन्तृ

३	गन्ता	गन्तारौ	गन्तार:

मध्यम और उत्तम पुरुष में प्रथमा-एकवचन वाले रूप में अस् धातु के लट् वाले रूप जोड़ देते हैं—

२	गन्तासि	गन्तास्थ:	गन्तास्थ
१	गन्तास्मि	गन्तास्व:	गन्तास्म:

ये तो परस्मैपद के रूप हैं। आत्मनेपद के रूप भी मिलते हैं — भू २. एकव० भवितासे, १. बहुव० भवितास्महे।

कर्मवाच्य

(१२३) कर्म और भाव वाच्य के रूप आत्मनेपद विभक्तियों से बनते हैं —

कर्तृवाच्य	कर्म या भाव वाच्य
स चकार	तेन चक्रे
स करिष्यति	तेन करिष्यते

(१२४) लेकिन दो जगह कुछ और बातें होती हैं।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

सार्वधातुक आधार उदात्त -य- प्रत्यय से बनता है जिसके बाद उसमें लट् लङ् लेट लोट् लिङ् की आत्मनेपद विभक्तियाँ लगती हैं (सार्वधातुके यक्)। इस - य - के लगने पर —

१. धातु का अन्तिम आ ई में बदल जाता है — दा दीय, धा धीय, मा मीय। लेकिन संयुक्त व्यंजन के बाद वाला आ ज्यों का त्यों रह जाता है— ज्ञ ज्ञाय, ध्या ध्याय ।
२. धातु का अन्तिम इ उ दीर्घ हो जाता है - जि जीय, स्तु स्तूय।
३. ऋ रि में बदल जाता है - कृ क्रिय, लेकिन स्मृ स्मर्य।
४. ॠ इर् उर् द्वारा ईर् ऊर् हो जाता है - शॄ शीर्य - पॄ पूर्य।
५. व्यंजनान्त धातुओं का बीच वाला अनुनासिक लुप्त हो जाता है - अञ्ज् अज्य, बन्ध् बध्य, भञ्ज् भज्य, शंस् शस्य।
६. कुछ धातुओं में सम्प्रसारण होता है - यज् इज्य, वच् उच्य, ग्रह् गृह्य।
७. प्रेरणार्थक क्रियाओं का अय हट जाता है - भज् भाजय भाज्य।

रूपावली

हु हूय

लट्

३	हूयते	हूयेते	हूयन्ते
२	हूयसे	हूयेथे	हूयध्वे
१	हूये	हूयावहे	हूयामहे

लङ्

३	अहूयत	अहूयेताम्	अहूयन्त

आगमरहित आज्ञार्थक लङ्

३	सू सूयत

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लेट्

३	वह् उह्याते	-	-
	भृ भ्रियाते	-	-
	कृ क्रियाते	-	क्रियान्तै

लोट्

३	हूयताम्	हूयेताम्	हूयन्ताम्
२	हूयस्व	हूयेथाम्	हूयध्वम्

ऋग्वेद और अथर्ववेद में लिङ् के रूप नहीं मिलते।

तन् तायते, खन् खायते, जन् जायते, मृ म्रियते, धृ ध्रियते कर्मवाच्य के नहीं भाववाच्य के रूप है।

ऋग्वेद में, स्तवते = स्तूयते, हवते = हूयते श्रु से ३ बहुव० शृण्विरे = श्रूयन्ते।

(१२५) लुङ् प्रथमपु० एकव० में कर्म या भाववाच्य के लिये सबल विभक्ति -इ- है, जिसके पहले धातु के अन्तिम स्वर इ उ ऋ की वृद्धि तथा उपधा स्वर का गुण होता है - कृ अकारि (अक्रि भी), श्रि अश्रायि, स्तु अस्तावि; विद् अवेदि, बुध् अबोधि, दृश् अदर्शि। जन् अजनि, वह् अवहि, गम् अगमि। आ और इ के बीच में-य्-चला आता है - दा अदायि, धा अधायि।

आगम रहित आज्ञार्थक लुङ्

श्रु श्रावि (सुना जाये), धा धायि (रखा जाये), जार नामधातु जारय से जारयायि (उसका अलिंगन किया जाये)।

बनावटी क्रियायें

प्रेरणार्थक (णिजन्त)

(१२६) वेद में चुरादि गण की कल्पना तक नहीं थी। कुछ साधारण धातु ही -अय द्वारा फैल जाते थे। अर्थ में थोड़ा परिवर्तन तो आ ही जाता है - पत् (उड़ना) पतति = उड़ता है, पतयति = उड़ा करता है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

अय के पहले जिन धातुओं के स्वर दीर्घ, गुण या वृद्धि अवस्था में आ जाते थे वे प्रेरणार्थक होते थे। जैसे - रुच् रोचय, विद् वेदय - ऋद् अर्दय, तृप् तर्पय, क्लृप् कल्पय, क्रुध् क्रोधय, अम् आमय, नश् नाशय, पत् पातय, क्षि क्षयय, भू भावय, धृ धारय, श्रु श्रवय श्रावय, जॄ जरय-जारय दा दापय, स्था स्थापय, धा धपय, ज्ञा-ज्ञपय ऋ अर्पय, भी भीषय, पा पायय, दुष् दूषय।

लकारों के द्विवचन वाले रूप वेद में नहीं मिलते है। मध्यमपु० भी कम मिलते हैं।

रूपावली

लट्

प्र+ईर् १ प्रेरयामि
यत् यातय ३ यातयति
वृध् वर्धय ३ वर्धयन्ति बहुव०
शुभ् शुभय ३ बहुव० शुभयन्ते
मद मादय मदयन्ते

लङ्

वृत् वर्तय ३ अवर्तयत् एकव० तृप् तर्पय ३ अतर्पयन्त बहुव०
वृध् वर्धय ३ अवर्धयन्त बहुव०

आगम रहित आज्ञार्थक लङ्

तृप् तर्पयन्त = तर्पयन्तु

लेट्

प्र-चुद् ३ एकव० प्रचोदयात्
मद् ३ मादयैते द्विव०
२ मादयध्वे बहुव०

लोट्

यु यवय ३ बहुव० यवयन्तु
मद् मादय २ मादयध्वम् बहुव०
चत् चातय २ चातयस्व एकव०

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लिङ्

धृ ३ धारयेत् धारयेताम् धारयेयुः धारयेत धारयेयाताम् धारयेरन्। महाभारत में कारयेत की जगह कारयीत। कारयीरन्। ये प्रयोग ब्राह्मण में दीखते हैं।

लृट्

इष् १ एषयिष्यामि वस् २ वास यिष्यसे

धृ ३ धारयिष्यति वृ ३ वारयिष्यते

ये ही चार रूप संहिताओं में मिलते हैं।

अनुप्रयुक्त लिट्

गमयां चकार

लुङ्

चङ् ज्ञा ज्ञापय ३ अजिज्ञिपत्

स्था स्थापय अतिष्ठिपत्

जि जापय - ३ अजिजपत्

इष् व्यथ् व्यथय २ व्यथयीः - -

ध्वन् ध्वनय ३ ध्वनयीत् - ध्वनयिषुः

व्यथ् १ व्यथयिषम् - -

नामधातु

(१२७) संज्ञा या विशेषण का क्रिया के रूप में प्रयोग ही नामधातु कहलाता है। यह ऋग्वेद और अथर्ववेद में भी दीखता है। इसके लिये मुख्य प्रत्यय - य है जो प्रेरणार्थक-अय से ज्यादा भिन्न नहीं है - मंत्र मंत्रय, अर्थ अर्थय, गोपा गोपाय, पृतना पृतनाय। पूर्ववर्ती इ उ दीर्घ हो जाता है - कवि कवीय, ऋजु ऋजूय, वसु वसूय, शत्रु शत्रूय। जार जारय, देव देवय, अश्व अश्वाय, ऋत ऋताय, अध्वर अध्वरीय, तविष तविष्य।

भिषज् भिषज्य, कभी-कभी भिषज् + ० + ति = भिषक्ति

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लट्

पर० ३ नमस्यति नमस्यतः नमस्यन्ति
आ० एकव०३ नमस्यते २ नमस्यसे १ नमस्ये

लङ्

पर० ३ अनमस्यत् अनमस्यताम् अनमस्यन्
आ० अनमस्यत अनमस्येताम् अनमस्यन्त

आगम रहित आज्ञार्थक लङ्

पर०२ एकवचन नमस्यः ३ बहुव० नमस्यन्

लेट्

पर० एकव०३ नमस्यात् २ नमस्याः १ नमस्या
आ० ३ नमस्याते २ नमस्यासे १ -

लोट्

पर० एकव० ३ नमस्यतु २ नमस्य
आ० ३ - २ नमस्यस्व बहुव० नमस्यध्वम्

लिङ्

पर० एकव० ३ नमस्येत् २ नमस्येः १ नमस्येयम्
आ० ३ नमस्येत २ - -

लुङ्

वृष वृषाय २ बहुव० अवृषायिष्ट

आगम रहित आज्ञार्थक लुङ्

पाप पापय २ बहुव० पापयिष्ट

सन्नन्त

(१२८) इच्छा का बोध कराने के लिये साधारण धातुको दुहराकर उसके आगे -स लगाते हैं। धातु के दुहराने का विशेष नियम यह है कि पहले अक्षर पर अ आ ऋ ऌ की जगह इ होता है —

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

नी निनीष, भू बुभूष, दा दिदास, पा पिपास, ज्या जिज्यास, भिद् बिभित्स, दृश् दिदृक्ष। श्रु शुश्रूष, स्तु तुष्टूष, कृ चिकीर्ष। गा जिगीष पा पिपीष, धा दिधिष। पत् पिपतिष, गम् जिगांस (ऋग्वेद) जिगमिष, (अथर्व०), हन् जिघांस, वन् विवास, सन् सिषास। ध्वृ दुधूर्ष। दा दित्स, धा धित्स। दभ् दिप्स, लभ् लिप्स। गुह् जुगुक्ष - जघुक्ष, शास् शिष् शिक्ष-शीक्ष। चि चिकीष, जि जिगीष, घस् जिघत्स। तृ तुतूर्ष, बाध् बीभत्स, मन् मीमांस, यज् इयक्ष, (संस्कृत यियक्ष), नश् निनक्ष। अश् अशिशिष, एध् एदिधिष।

रूपावली

वन् विवास

लट्

पर०	३ विवासति	विवासतः	विवासन्ति
	२ विवाससि	विवासथः	विवासथ
	१ विवासामि	विवासावः	विवासामः
आ० एकव०	३ विवासते	२ विवाससे	१ विवासे
बहुव०	३ विवासन्ते	२ विवासध्वे	१ विवासामहे

लङ्

पर० एकव०	३ अविवासत्	२ अविवासः	१ अविवासम्

आगम रहित आज्ञार्थक लङ्

पर०	३ एकव०	विवासत्
आ०	३ बहुव०	विवासन्त

लेट्

पर० एकव०	३ विवासात्	२ विवासाः	१ विवासानि
बहुव०	विवासान्	-	-

लोट्

पर०	३ विवासतु	विवासताम्	विवासन्तु

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लिङ्

पर०	३ विवासेत्	-	-	
आ० एकव०	३ -	२ -		१ विवासेय

लिट्

लुङ्

पर० एकव०	चित्	२ अचिकित्सीः	हन् अजिघांसीः
आ० एकव०	मन्	२ अमीमांसिष्ठाः	

यङन्त यङ्लुगन्त

(१२९) कुछ व्यंजनादि एकाक्षर धातुओं को दुहरा देते हैं, लेकिन पहले अक्षर पर दीर्घ या गुण स्वर ही होते हैं- निज् नेनिज्, दिश् देदिश्, नी नेनी, शुच् शोशुच्, नु नोनू, भू बोभू, काश् चाकश्, पत् पापत्, गम् जागम्, जंगम्, गृ जागृ, दृ दादृ, धृ दाधृ, चल् चाचल्, कृ चर्कृ, चर्किर्, कृष् चर्कृष्, दृ दर्दृ दर्दिर्, चर् चर्चर्, फर् पर्फर्, चल् चल्चल्, नम् नंनम्, जंभ् जंजभ्, दंश् दंदश्, स्तन् तंस्तन्, गम् गनीगम्, हन् घनीघन्, क्रन्द् कनीक्रन्द्, कनिक्रद्, स्कन्द् कनिस्कन्द्, चनिस्कन्द्, भृ भरीभृ, वृत् वरीवृत्, नु नवीनु, धू दविधव्, द्युत् द्यविद्युत्, बाध् बाबध्, वाश् वाश् गृ जर्गर् - जल्गुल्, चर् चर्चुर्, तृ तर्तुर् तर्तर्, गाह् जंगह्, बाध् बद्बध्, गृ जर्गुर्, ह्वर् जह्वर् > जर्भुर्।

इन अभ्यस्त आधारों पर कहीं तो पर० या आ० विभक्तियाँ सीधे जोड़ दी जाती हैं, और कहीं इन्हें य से आगे बढ़ाकर केवल आत्मनेपद विभक्ति लगाते हैं। अतः ये आधार दो तरह के हो जाते हैं - यङन्त और यङ्लुगन्त।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

रूपावली

यङन्त आधार

लट्

एकव०	३ दिश् देदिश्यते नी नेनीयते मृज् मर्मृज्यते			
	२ स्कु चोस्कूयसे			
	१		-	-
बहुवचन	३ मृज् मर्मृज्यन्ते			

यङ्लुगन्त आधार

निज् नेनिज्

लट्

पर०	३ नेनेक्ति	नेनेजीति	नेनिक्तः	नेनिजति
	२ नेनेक्षि		नेनिक्थः	—
	१ नेनेज्मि	नेनेजीमि	- नेनिज्मः	नेनिज्मसि
आ	३ नेनिक्ते		नेनिजाते	नेनिजते
	२	-	-	-
	१ नेनिजे	-	-	
नम् पर०	३ नंनमीति	-	-	

लङ्

पर०	३ दृ	अदर्दः	वृ अवरीवः	हू अजोहवीत्
				बहुव० दृ दर्दिरुः
	२ गृ	अजागः	-	-
	१ काश्	अचाकशम्	-	मृज् मर्मृज्म
आ०	३ दिश्	देदिष्ट	-	मृज् मर्मृजत

लेट्

पर०	३ नेनिजत्	-	नेनिजन्

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

	२ नेनिजः	-		-	
	१ नेनिजानि	नेनिजाव		नेनिजाम	
आ०	३ नेनिजते	नेनिजैते		नेनिजन्त	

लोट्

गृ	३ जागर्तु	जागरीतु	जागृताम् -	
	२ जागृहि		जागृतम्	जागृत
	जागृतात्			
	जागरीहि			

उपनिषद् में एकवार जागृत की जगह जाग्रत है।

लिङ्

पर०	३ विष्	वेविष्यात्	-	-
	२ -	-	-	-
	१ -	-	गृ	जागृयाम जाग्रियाम

लिट्

एकव०	३ जागार	२	-	१ जागर

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

क्रियात्मक विशेषण

(१३०) लकार से संबद्ध क्रियात्मक विशेषणों का उल्लेख तो उन्हीं के साथ हो जाना चाहिये था, क्योंकि इन क्रियात्मक विशेषणों में भी पर० और आ० का भेद है। पर क्रियात्मक विशेषण क्रिया होते हुए भी विशेषण की तरह अपना कारकीय रूप दिखाते हैं। अतः उनका अलग ही प्रसंग होता है।

सार्वधातुक आधार से संबद्ध क्रियात्मक विशेषण परस्मैपद में अत् (शतृ) प्रत्यय द्वारा बनते हैं, आत्मनेपद में अकारान्त आधार (भव, दीव्य, तुद, आदि) से मान द्वारा और अन्य आधार (इ, जुहु, सुनु, रुन्ध्, कुरु तथा क्रीण् आदि) से आन द्वारा। उदाहरण-भव भवत् भवन्त्, भवमान; पश्य पश्यत् पश्यन्त्, मन्य मन्यमान; तुद् तुद तुदन्त् तुदमान; जुहु जुह्वान, इ इयान, सुनु सुन्वान, रुध् रुन्धत् रुन्धान, कृ कुरु कुर्वत् कुर्वाण, क्री क्रीणत् क्रीणान, इत्यादि।

लिट् लकार से संबद्ध क्रियात्मक विशेषण भी पर० में वस् (क्वसु) प्रत्यय से और आ० में आन (कानच्) प्रत्यय से बनते हैं — कृ चकृवस् चक्राण, गम् जगन्वस् जग्मिवस् जग्मान, चित् चिकित्वस्, जि जिगीवस्, रिच् रिरिक्वस्, स्था तस्थिवस्, अञ्ज् अनजान, यज् ईजान, स्था तस्थान, इत्यादि।

लुङ् लकार से संबद्ध क्रियात्मक विशेषण भी पर० में अत् प्रत्यय द्वारा और आ० में अकारान्त आधार से मान द्वारा तथा अन्यत्र आन द्वारा बनते हैं - कृ क्रत् क्राण, गम् गमत् ग्मत्, दह् दक्षत् धक्षत्, विद् विदत् पा पात्, सह् सक्षत् मन्द् मन्दस् मन्दसान, धी धीषमाण, इत्यादि।

लृट् लकार से संबद्ध क्रियात्मक विशेषण पर० में अत् प्रत्यय से

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

तथा आ० में मान प्रत्यय से बनते हैं - कृ करिष्य करिष्यत् करिष्यन्त् करिष्यमाण इत्यादि। वेद में ऐसे क्रियात्मक विशेषण नाममात्र के हैं। इनका फूलता-फलता प्रयोग लौकिक संस्कृत में दिखायी देता है।

लकारों से असंबद्ध क्रियात्मक विशेषण सीधे धातुओं से बनते हैं। वे हैं- भूतकालिक निष्ठा और भविष्यात्मक कृत्य।

निष्ठा

(१३१) धातु में उदात्त अबल प्रत्यय त लगता है। कभी-कभी धातु और प्रत्यय के बीच में इ चला आता है। धातुस्वर प्राय: ज्यों के त्यों रहते हैं, पर अन्तिम आ प्राय: इ या ई हो जाता है, कुछ धातुओं का अनुनासिक हट जाता है, तथा कुछ धातुओं में सम्प्रसारण होता है। त वाला रूप मुख्य रूप से कर्म वाच्य का है - या यात, जि जित, नी नीत, हु हुत, भू भूत, कृ कृत। वच् उक्त, भुज् भुक्त, नश् नष्ट, दुह् दुग्ध, सृज् सृष्ट। गम् गत, हन् हत, अञ्च् अक्त। धा धित हित, शास् शिष्ट। एक वार जघस् + त से जघ् स् + त द्वारा जघ् - ध = जग्ध। दा दात, लेकिन दद् + त = दत्त, कुछ उपसर्गों के बाद त्तः व्यात्त परीत्त देवत्त। ध्वन् ध्वान्त, क्रम् क्रान्त, शम् शान्त, भ्रम् भ्रान्त, ध्मा ध्मात ध्मित। खन् खात, जन् जात, वन् वात, सन् सात। ग्रभ् गृभीत ग्रह् गृहीत।

इन रूपों को कर्तृवाच्य का स्वरूप देने के लिये अथर्ववेद में पहली वार वत् जोड़ा गया - अश् अशित अशिता-वत्। इसके बाद ही तवत् प्रत्ययान्त कर्तृवाच्य के रूपों को प्रयोग शुरु हुआ। पर ब्राह्मण में भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ ही हैं। संस्कृत में ही इसका प्रयोग कुछ बढ़ पाया, यद्यपि यहाँ भी गत्यर्थक धातु के साथ त कर्तृवाच्य का ही है - स गतः स गतवान्।

त की जगह बहुत से धातुओं में न लगता है - ली लीन, दू दून, द्रा द्राण, हा हीन, गृ गीर्ण, मृ मूर्ण, जृ जीर्ण, भिद् भिन्न, स्कन्द् स्कन्न, व्रश्च् वृक्ण, रुज् रुग्ण।

कहीं-कहीं तो त और न वाले दोनों रूप है - विद् वित्त विन्न, नुद् नुत्त

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

नुन्न, श्या शीत शीन, पृ पूर्त पूर्ण, शृ शीर्ण शूर्ण शूर्त, पृच् पृक्त पृग्ण, सद् सत्त सन्न।

कृत्य

(१३२) इस नाम से कई प्रत्यय है - य, त्य, आय्य, एन्य, त्व, तव्य, अनीय।

इन्हें धातुओं में सीधे जोड़ दिया जाता है। ये भी कर्म वाच्य से ही संबद्ध हैं। ये सभी सबल प्रत्यय हैं, जिस कारण धातुस्वर में गुण वृद्धि होती है।

य

दा देय, भू भव्य भाव्य, हु हव्य, द्विष् द्वेष्य, युध् योध्य, वच् वाच्य, ईड् ईड्य।

त्य

यह ह्रस्व स्वरान्त धातु में लगता है - इ इत्य, श्रु श्रुत्य, कृ कृत्य।

आय्य

पन् पनाय्य, विद् विदाय्य, श्रु श्रवाय्य, पन् पनय पनयाय्य, स्पृह् स्पृहयाव्य, धा दिधिष दिधिषाय्य।

एन्य

द्विष् द्विषेण्य, युध् युधेन्य, दृश् दृशेन्य, वृ वरेण्य।

त्व

कृ कर्त्व, हि हेत्व, सु सोत्व, सन् सनित्व, भू भवित्व भवीत्व।

तव्य

जन् जनितव्य, हिंस् हिंसितव्य।

अनीय

जीव् उपजीवनीय, मंत्र् आमंत्रणीय

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

तव्य और अनीय तो अथर्ववेद में शुरु हुआ, लेकिन यही संस्कृत में छा गया (तव्यत्तव्यानीयर:)। पहले वाले प्रत्यय तो ऋग्वेद तक ही सीमित रहे। आय्य का उच्चारण आयिअ, एन्य का एनिअ तथा त्व का तुअ होता है। वरेण्यम् को वरेणिअम् पढ़ते हैं, तभी आठ अक्षर पूरा होता है (तत्सवितुर्वरेण्यम्)।

क्रियात्मक अव्यय

(१३३) पूर्वकालिक क्रिया

जाकर, खाकर, पीकर इत्यादि क्रिया रूप को पूर्वकालिक क्रिया कहते है। इसका मुख्य प्रत्यय है त्वा, जो त की तरह ही अबल और उदात्त स्वर वाला है -

भू भूत्वा, पा पीत्वा, मा मित्वा, भिद् भित्त्वा, युज् युक्त्वा, श्रु श्रुत्वा, हन् हत्वा, हा हित्वा, यज् इष्ट्वा, घस् जघस् + त्वा >जघ् स् + त्वा = जघ् + ध्वा = जग्ध्वा, तॄ तीर्त्वा, तृह् तृढ्वा, रुह् रुढ्वा, हिंस् हिंसित्वा, ग्रह् गृहीत्वा इत्यादि। ये रूप भाषा के समस्त इतिहास में व्याप्त हैं।

लेकिन त्वी प्रत्यय ऋग्वेद तक ही सीमित है — कृ कृत्वी, गम् गत्वी, वृज् वृक्त्वी, हा हित्वी, जन् जनित्वी।

त्वाय प्रत्यय भी ऋग्वेद तक ही सीमित है — गम् गत्वाय, घस् जग्ध्वाय, दृश् दृष्ट्वाय, हन् हत्वाय, इत्यादि।

जब धातु उपसर्ग से युक्त होता है तो व्यंजनान्त और दीर्घस्वरान्त धातुओं में य और ह्रस्वरान्त धातुओं में त्य लगता है - आ - अच् आच्य, अभि-वप् अभ्युप्य, अभिक्रम् अभिक्रम्य अभि गॄ अभि-गूर्य, सं-ग्रभ् संगृह्य, नि-चाय् निचाय्य, आ-दा आ-दाय, वि-तॄ वितूर्य, उद् - वह् उदुह्य, सं-गॄ संगीर्य, उप-दा उप-दद्य, सं-भू संभूय, उत् स्था उत्थाय, भज् भाजय विभाज्य इत्यादि।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

उपसर्ग की जगह कहीं-कहीं अव्यय है - पुनर्दाय, मिथस्पृध्य, इत्यादि।

कुछ तो किसी कर्म से संबद्ध है - कर्ण-गृह्य, पाद-गृह्य, हस्त-गृह्य।

त्य वाले रूप - आ-इ एत्य, अभि-जि अभिजित्य, आ-दृ आदृत्य, उप-श्रु उप-श्रुत्य, अरंकृत्य, अख्खली कृत्य, नमस्कृत्य।

कुछ अनुनासिकान्त धातु भी अपने अनुनासिक को हटा कर ह्रस्व स्वरान्त हो जाते हैं और तब उनमें त्य प्रत्यय लगता है - वि-हन् विहत्य, आ-गम् आगत्य, उद्-यम् उद्यत्य।

ऋग्वेद में य त्य वाले रूपों का उच्चारण या त्या होता है।

णमुल् (अम्)

संहिताओं में तो नहीं, पर ब्राह्मण ग्रन्थों में अपने धात्वर्थ से जुड़ी कुछ संज्ञायें द्वितीया विभक्ति अम् के साथ प्रयोग में आने लगती हैं — सम्-आ-लभ् समालंभम्, अभि-सम्-सृ अभिसंसारम्। इनके पहले कोई कर्म हुआ करता है - शाखां समालंभम् (डाल पकड़कर) महानागम् अभिसंसारम् (बड़े साँप की ओर बढ़कर)।

पाणिनि ने तो इन्हें क्रिया के ही अर्थ से संबद्ध माना और 'वार-वार' अर्थ की ओर संकेत किया। आभीक्ष्ण्ये णमुल्। संस्कृत में तो इसके बहुत सुन्दर प्रयोग मिलते हैं। स्मारं स्मारं नमति शिवम्, विप्रदर्शम्, ब्राह्मण भोजम्, इत्यादि।

क्रियार्था क्रिया

(१३४) वेद में कुछ शून्य (क्विप्, क्विन्, ण्वि इत्यादि) प्रत्यय से और कुछ तु ति इ अधि सन् तृ प्रत्ययों से बने हुए कृदन्त शब्द कई कारकों के एकवचन में 'के लिय' अर्थ में प्रयुक्त होते थे। द्वितीया, चतुर्थी, पंचमी-षष्ठी और सप्तमी एकवचन वाले रूप ही देखने में आते हैं।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

द्वितीया

शून्य प्रत्यय वाले शब्दों के द्वितीयान्त रूप ये हैं — समिध् समिधम्, आ-रभ् आरभम्, सं-पृच् संपृचम्, आरुह् आरुहम्, शुभ् शुभम् प्रतृ प्रतिरम्, प्रति-धा प्रतिधाम् प्र-मी प्रमियम्।

तु प्रत्ययान्त - वा ओतु ओतुम्, दा दातु दातुम्, प्रछ् प्रष्टु प्रष्टुम् प्र-भृ प्रभर्तु प्रभर्तुम्, अनु-प्र-वह् अनुप्रवोढुम् अद् अत्तुम्, कृ कर्तुम्, दृश् द्रष्टुम्, याच् याचितुम्, स्पृध् स्पर्धितुम, खन् खनितुम्।

क्रियार्था क्रिया के यही रूप संस्कृत तक जीवित रह पाये। इन रूपों के अन्तिम भाग तुम् को ही संस्कृत व्याकरण में तुमुन् नाम से जाना जाता है।

चतुर्थी

शून्य प्रत्ययान्त - प्र-दा प्रदै, प्र-हि प्रह्ये मी मिये, भू भ्वे भुवे, तृ तिरे, मह् महे, मिह् मिहे, भुज् भुजे, दृश् दृशे, ग्रभ् ग्रभे, इध् इधे, वच् वाचे, व्यध् विधे, स्यन्द् स्यदे।

अस् प्रत्ययान्त-इ इयस् इयसे, अयस् अयसे, चक्ष् चक्षस् चक्षसे, चर् चरस् चरसे, भी भियस् भियसे। इ प्रत्ययान्त - तुज् तुजि तुजये, दृश् दृशि दृशये, मह् महि मह्ये, युध् युधि युधये, सन् सनि सनये, ग्रह् गृहि गृहये, चित् चिति चितये।

ति प्रत्ययान्त - इष् इष्टि इष्टये, पा पीति पीतये, वी वीति वीतये, सन् साति सातये, इ इति इत्यै।

तु प्रत्ययान्त - अद् अत्तु अत्तवे, इ एतु एतवे, वा ओतु ओतवे, एतु एतवै, ओतु ओतवै, गम् गन्तु गन्तवै, पा पातु पातवै।

अधि प्रत्ययान्त - इ इयधि इयध्यै, गम् गमधि गमध्यै, चर् चरधि चरध्यै।

मन् प्रत्ययान्त - त्रा त्रामन् त्रामणे,
वन् प्रत्ययान्त् - तृ तुर्वन् तुर्वणे।

पंचमी - षष्ठी

शून्य प्रत्ययान्त आ-तृद् आतृदः, अव-पद् अवपदः, निमिष् निमिषः

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

तु प्रत्ययान्त - इ एतु एतोः, गम् गन्तु गन्तोः

सप्तमी

शून्य प्रत्ययान्त - वि-वस् व्युष् व्युषि, सम् - चक्ष् सं चक्षि, दृश् दृशि।

तृ-प्रत्ययान्त - धृ धर्तृ धर्तरि, विधर्तरि

सन् प्रत्ययान्त - नी नेषन् नेषणि, पृ पर्षन् पर्षणि अभि-भू अभि-भूषन् अभिभूषणि।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

पद-संधि

(१३५) वाक्य के भीतर शब्दरूप, धातुरूप तथा अव्यय आदि अन्यान्य शब्दों के आपस में मिलने से जो पदान्त और पदादि वर्णों में विकार होता है उसे पद-संधि या वाक्यगत संधि कहते हैं।

(क) स्वर-संधि

१. सामान्यतः दो साधारण स्वर, ह्रस्व या दीर्घ, आपस में मिलकर दीर्घ हो जाते हैं — सु + उपायनः सूपायनः, इह + अवसे = इहावसे, रथेन + आ = रथेना।

लेकिन ऋग्वेद में कभी-कभी आ + अ, उ ऊ + उ ऊ की संधि नहीं होती है — मनीषा अग्निः, विळू उत, सु ऊतये, स्वधा अवस्तात्।

दूसरी ओर संहिता में की गयी संधि को भी तोड़कर पढ़ना पड़ता है - चासात् को च आसात् चार्चत को च अर्चत, मापेः को म आपेः, हीन्द्र को हि इन्द्र पढ़ते हैं।

२. अ आ + इ इ = ए, अ आ + उ ऊ = ओ, अ आ + ए ऐ = ऐ, अ आ + ओ औ = औ — आ + इह = एह, पिता +इव = पितेव, उप + इहि = उपेहि, आ + इहि = एहि, चर्म इव उद्भिः = चर्मेवोद्भिः। स्तनयित्नुना आ इहि (पदपाठ) में पहले आ + इहि = एहि, तब स्तनयित्नुना + एहि = स्तनयित्नुनैहि होनी चाहिये थी, लेकिन हुआ स्तनयित्नुनेहि। यही तो वैदिकता है। पाणिनि इसी आधार पर कहते हैं- एङि पररूपम्। इन्द्र आ इहि = इन्द्रेहि (संहिता पाठ)।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

दूसरी ओर, उपसर्ग आ + ऋ = आर् उप ऋच्छति = उपार्च्छति, आ + ऋच्छतु = आर्च्छतु। प्र + इषयुः = प्रैषयुः।

कभी-कभी तो संहितापाठ में सन्धि को रोकने के लिये पूर्ववर्ती स्वर को आनुनासिक बना देते हैं — उपस्था + एका = उपस्थाँ एका। यथा + एषः यथाँ एषः, अक्रत+एमि = अक्रतँ एमि। दो पादों को मिलाते समय ऐसी सन्धि रोकी जाती है।

३. भिन्न स्वर के पहले, इ ई >य्, उ ऊ > व्, लेकिन पढ़ते समय सन्धि को तोड़ ही देते हैं — व्युषाः को वि उषाः, विदथेष्वञ्जन् को विदथेषु अञ्जन् पढ़ा जाता है। विज्ञातृ + एतत् = विज्ञात्रेतत् एक ही उदाहरण शतपथ ब्राह्मण में है। ऋग्वेद में, ह्वयाम्यग्निम् को ह्वयामि अग्निम् ही पढ़ते हैं। भूत्वस्मे को भूतु अस्मे। स्वस्तये को भी सुअस्तये और वरेण्यम् को वरेणिअम् पढ़ते हैं।

४. पुराने मंत्रों में ए ओ के बाद अ लुप्त नहीं होता, क्योंकि अ विवृत है, संवृत नहीं। देवासो अप्तुरः, वाजे अद्रिम् को ज्यों का त्यों पढ़ते हैं। कई जगह जहाँ संहिताकारों ने संधि कर भी दी है और अ का लोप कर दिया है वहाँ अ को ले आना पड़ता है — सूनवे अग्ने को सूनवेऽग्ने लिखा है, पर सूनवे अग्ने ही पढ़ना पड़ता है। मृळीके अस्य सुमतौ स्याम। ठीक इसके उल्टे, सो अर्यः में अ को रहने दिया है, लेकिन पढ़ना पड़ता है - सोऽर्यः।

जब ए ओ के बाद अ का उच्चारण होता है तब ए ओ का उच्चारण ह्रस्व हो जाता है। यो अहिम् में यो का ओकार ह्रस्व है। यच्छुभयन्ते अञ्जिभिः में एकार ह्रस्व है।

वेद का एक सामान्य नियम है कि यदि दो स्वर लगातार आते है तो पहले दीर्घ का उच्चारण ह्रस्व हो जाता है - मापेः = मा अपेः > म आपेः, वाज्यक्षः = वाजी अक्षः > वाजि अक्षः, देव्युद्वतः = देवी उद्वतः > देवि उद्वतः, देव्यायती = देवी आयती > देवि आयती।

५. स्वरों के पहले ए ओ क्रमशः अय् अव् हो जाता है। लेकिन तब य् लुप्त हो जाता है अग्ने + इह = अग्नय् इह > अग्न इह। ते ओजसा

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

= त ओजसा। व् केवल उ ऊ के पहले लुप्त होता है- वायो उक्थेभिः = वायव् उक्थेभिः > वाय उक्थेभिः। लेकिन वायो आयाहि = वायव् आयाहि > वायवायाहि। उरूणसौ + असुतृपौ + उदुम्बलौ = उरुणसावसुतृषा उदुम्बलौ। ऐ औ वाले य् व् की भी यही गति होती है।

य् व् के लोप होने पर दो स्वर आमने समाने आ जाते हैं। वेद में तब फिर संधि हो जाती है - वै + असौ वाय् असौ = वा असौ > वासौ। कहीं-कहीं तो अलग लिखकर भी संधि से पढ़ते हैं - ते इन्द्र = तय् इन्द्र त इन्द्र को तेन्द्र पढ़ते हैं।

द्विवचन वाले ई ऊ ए को प्रगृह्य कहते हैं। उनकी सन्धि अगले स्वर से नहीं होती। अमी का ई भी प्रगृह्य है। कुछ एकाक्षर निपात भी प्रगृह्य हैं। दूर से किसी को पुकारने पर अन्तिम स्वर का प्लुत उच्चारण होता है। वह भी प्रगृह्य है। उसकी सन्धि अगले स्वर से नहीं होती है।

व्यञ्जन संधि

वाक्य में केवल निम्नलिखित आठ व्यञ्जन ही शब्दों के अन्त में होते है — क् ट् त् प् ङ् न् म् विसर्ग।

१ क् ट् त् प्

स्वरों, अन्तःस्थों और घोष स्पर्शों के पहले घोष ग् ड् द् ब् हो जाते हैं — अर्वाक् + राधः = अर्वाग्राधः, षट् + उर्वीः = षडुर्वीः (षळुर्वीः), गमत् + वाजेभिः = गमद्वाजेभिः, त्रिष्टुप् + गायत्री = त्रिष्टुब्गायत्री।

अनुनासिक के पहले ङ् ण् न् म् हो जाते हैं - प्रणक् + मर्त्यस्य = प्रणङ्मर्त्यस्य, विराट् + मित्रावरुणयोः = विराण्मित्रावरुणयोः, त्रिककुप् + निवर्तत् = त्रिककुम् निवर्तत्।

ह के पहले घोष ग् ड् द् ब् तो हो ही जाता है, ह भी इनके आगे क्रमशः घ ढ ध भ हो जाता है - सध्यक् + हिता = सध्यग्घिता, अवाट् + हव्यानि = अवाड्ढव्यानि, सीदत् + होता = सीदद्धोता। संस्कृत में वह परिवर्तन वैकल्पिक है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

२ केवल त्

च छ के पहले च् तथा ज झ के पहले ज् हो जाता है - तत् + चक्षुः = तच्चक्षुः, यातयत् + जनः = यातयज्जनः।

ल के पहले ल् हो जाता है - तत् + लयः = तल्लयः।

श के पहले च् होकर श को ही छ बना देत है - रोहित् + श्यावा = रोहिच्छ्यावा, यत् + शक्रवामः = यच्-छक्रवामः।

३ केवल ङ्

श के पहले एक क् घुसा लेता है - प्राङ् + शेते = प्राङ्क्शेते।

४. ह्रस्व स्वर के बाद वाला ङ् न्

स्वर के पहले दुहरा जाता है - अहन् + अहिम् = अहन्नहिम् कीदृङ् + इन्द्रः कीदृङ्ङिन्द्रः।

५. केवल न्

ज के पहले ञ् हो जाता है - तान् + जनान् = ताञ्जनान्।

ल के पहले लँ् हो जाता है - जिगीवान् + लक्षम् = जिगीवालँ् लक्षम्।

च और त के पहले अनुस्वार हो जाता है, पर बीच में क्रमशः श् और स् चला आता है - तान् + च = तांश्च, तान् + तान् = तांस्तान्।

श के पहले ञ् हो जाता है, पर बीच में एक त् के आ जाने से और इसके च् में बदल जाने से श भी छ हो जाता है - जनान् + श्यावाः > जनाञ्च् छ्यावाः = जनाञ्छयावः। अमन्यमानान् + शर्वा = अमन्यमानाञ्छर्वा, अविन्दन् + शिश्रियानम् = अविन्दञ्छिश्रियानम्।

न् और स के बीच में भी एक त् घुस आता है - अहन् + सहसा = अहन्त्सहसा। संस्कृत में यह नियम वैकल्पिक है।

६. स्वर के पहले

आन् आँ बन जाता है - महान् + इन्द्रः = महाँ इन्द्रः, देवान् + एह = देवाँ एह। प्रायः अन्तःस्थ के पहले भी स्ववान् + यातु = स्ववाँ यातु।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

ईन् ऊन् ऋन् क्रमशः ईरँ, ऊँर्, ॠँर् हो जाता है — परिधीन् + अति = परिधीँरति, कवीन् + इच्छामि = कवीँरिच्छामि, अभिशून् + इव = अभिशूँरिव, नॄन् + अभि = नॄँरभि। बाद वाले मंत्रों में ऐसा नहीं होता - एतावान् अस्य महिमा।

७. म्

व्यंजन के पहले अनुस्वार हो जाता है - होतारम् + रत्न धातमम् होतारं रत्नधातमम्। कहीं-कहीं स्वर के पहले लुप्त हो जाता है, और तब स्वर संधि भी हो जाती है - राष्ट्रम् इह = राष्ट्रेह।

८. विसर्ग

च छ के पहले श्, ट ठ के पहले ष्, तथा त थ के पहले स् हो जाता है - देवाः + चकृम = देवाश्चकृम, यः + ते = यस्ते। कभी-कभी प के पहले भी स् हो जाता है - सहसः पुत्रम् = सहसस्पुत्रम्। लेकिन स के पहले विसर्ग ही रह जाता है - पर्जन्यः स्तनयन्।

यदि अ आ से भिन्न स्वर के बाद है, तो घोष वर्ण के पहले र् हो जाता है - अग्निः + होता = अग्निर्होता, परिभूः + असि = परिभूरसि, पूर्वेभिः ऋषिभिः = पूर्वेभिर्ऋषिभिः।

आः का विसर्ग घोष वर्ण के पहले लुप्त हो जाता है = सुताः + इमे = सुता इमे।

अः का विसर्ग अ छोड़कर अन्य स्वर के पहले लुप्त हो जाता है - ख्यः + आ = ख्य आ।

अः घोष व्यंजनों के पहले ओ हो जाता है - देवः + देवेभिः = दवो देवेभिः। अ के पहले भी ओ हो जाता है, लेकिन तब संहिताकारों ने अ को ही हटा दिया है - नः + अति को नोऽति लिखते हैं, लेकिन पढ़ते है नो अति ही।

प्रातः पितः आदि में विसर्ग वास्तव में र् है। घोष वर्णो के पहले यह र् ही रहता है - प्रातः + अग्नि = प्रातरग्निः।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

र् अगले र के कारण लुप्त हो जाता है और उसका पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है- पुनः + रूपाणि = पुना रूपाणि।

सः और एषः का विसर्ग सर्वत्र लुप्त हो जाता है। वाक्य के अन्त में ज्यों का त्यों रहता है, लेकिन अ के पहले सो एषो होकर अ को ही खा जाता है - स वनानि, एष ताम्, चक्र एषः। मन्त्रपाठ में सो एषो के बाद वाला लुप्त अ उच्चरित हो ही जाता है - सोऽपः सो अपः, एषोऽसुरः = एषो असुरः।

वेद में विसर्ग रहित स की सन्धि भी हो जाती है - स अस्मै = सास्मै, स इद् = सेद्। संस्कृत में भी ऐसे कुछ उदाहरण हैं - सैष दाशरथी रामः।

कभी-कभी सः का विसर्ग रह भी जाता है- सः पलिक्नीः, सस्तव।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

कारक

(१३६) शब्दों के वाक्य में प्रयोग के कुछ सामान्य नियम हैं। वाक्य का स्वरूप है - कर्ता + क्रिया। इसलिये कहते भी हैं - एकतिङ् वाक्यम् । क्रिया यदि सकर्मक है तो बीच में एक कर्म भी आ बैठता है। आवश्यकतानुसार, अन्य कारक भी साथ लग जाते हैं - विशः क्षत्रियाय बलि हरन्ति (किसान राजा को कर देते हैं)। अपने महत्त्व के अनुसार कोई भी शब्द वाक्य के आदि में आजाता है और कर्ता को आगे धकेल देता है - प्रयाजैर्वै देवा स्वर्ग लोकमायन्। कभी क्रिया से ही वाक्य आरंभ हो जाता है — यान्ति वा आप एत्यादित्य एति चन्द्रमा यन्ति नक्षत्राणि।

उपसर्ग क्रिया के पहले रहता है। वेद में तो आगे पीछे कहीं भी रह सकता है, कुछ हटकर भी- देव आयाति। जयेम सं युधि। आ सायकं मघवा दत्त।

वचन के वारे में कोई विशेष नियम नहीं है, पर पूरी जाति का बोध कराने के लिये एक वचन का भी प्रयोग हो सकता है, बहुवचन का भी द्विवचन प्रायः स्त्री-पुरुष के जोड़े के लिये आता है- पितरौ = पिता माता, पुत्रौ = बेटा बेटी। द्यावा = द्यावा पृथिवी, मित्रा = मित्रा वरुणा, द्यावः = स्वर्ग, अन्तरिक्ष और पृथ्वी।

जहाँ एक ही क्रिया अनेक पुरुषों से जुड़ी होती है वहाँ उत्तम, मध्यम और प्रथम पुरुष की वरीयता का क्रम होना चाहिये - अहं च त्वं च सं युज्याव। यूयं वयं चाश्याम। अपवाद भी है।

उद्देश्य और विधेय के विशेषण अपने-अपने विशेष्य के अनुसार चलते हैं - ये तुषाः सा त्वक्। संस्कृत में भी इसी तरह है - शैत्यं हि यत्सा प्रकृतिर्जलस्य।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

वेद में त्वम् ही सबके लिये प्रयुक्त होता है राजा नौकर, देवता इत्यादि। लेकिन जब समाज में ऊँचे-नीचे का भाव उभरने लगा तो ऊँचे शब्द की खोज शुरु हुई। शतपथ ब्राह्मण में पहली बार भवन् को सबल रूप देकर भवान् (आप) का सूत्रपात हुआ। इसके पहले अत्र तत्र जोड़कर इसे और ऊपर उठाया। भवान् का संबोधन रूप भवस् सिकुड़कर भोः हो गया।

प्रथम पुरुष के सर्वनामों में अयम् निकटवर्ती है, असौ काफी दूर - अयमग्निरसौ सूर्यः। कहते हैं, एषः अयम् से भी निकट है, सः परोक्ष है।

कारक तो वास्तव में दो ही है - कर्ता और कर्म। कर्ता = करने वाला, कर्म=किया जाने वाला। लेकिन ये ही भाव अनेक रूप में प्रकट हुए हैं। संस्कृत में आठ कारक मानते हैं। सभी कारकों में कर्ता के साथ कोई शर्त नहीं है (स्वतंत्रः कर्ता)। अन्य कारकों के साथ तो शर्त लगा हुआ है - कर्तुरीप्सित तमं कर्म, साधकतमं कारणम्, कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्, ध्रुवमपायेऽपादानम्, आधारोऽधिकरणम्। संबंध नाम से कोई कारक तो नहीं है, पर संबंध दिखाने वाले रूप तो हैं ही।

प्रथमा आदि विभक्तियाँ कर्ता आदि कारकों से जुड़ी हुई तो हैं ही, अन्य शब्द भी विभक्तियों के कारण हो सकते हैं। उन्हें उपपद कहते हैं।

(१३७) कर्ता

कर्तृवाच्य में कर्ता में प्रथमा विभक्ति होती है - अग्निर्जायते। वाक्य के विधेय भाग में भी प्रथमा विभक्ति वाला पद हो सकता है पर वह क्रिया के साथ छेड़-छाड़ नहीं करता - त्वं हि रत्नधा असि। शिवासः सन्तो अशिवा अभूवन्।

कर्म वाच्य में तो कर्म ही प्रथमा विभक्ति धारण करता है - त्वमुच्य से पिता।

कभी तो कर्ता की जगह संबोधन का प्रयोग कर देते हैं, लेकिन क्रिया द्विवचन की होती है— इन्द्रश्च सोमं पिबतं बृहस्पते = इन्द्रश्च बृहस्पतिश्च सोमं पिबताम् (युवां सोमं पिबतम्)।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(१३८) कर्म

कर्तृवाच्य में सकर्मक क्रिया का कर्म द्वितीया विभक्ति लेता है - अग्निमीळे पुरोहितम्। ह्वयामि देवं सवितारम्।

अकर्मक क्रिया का लक्ष्य भी द्वितीया विभक्ति लेता है — यमं ह यज्ञो गच्छति। इन्द्रं स्तोमाश्चरन्ति सभामेति कितवः।

देश और काल की अवधि में द्वितीया विभक्ति लगती है - शतं जीव शरदो वर्धमानः। स संवत्सरमतिष्ठत्। स भूमिं विश्वतो वृत्वा अत्यतिष्ठद् दशांगुलम्। पतसि योजना पुरु। सर्वानृतून् वर्षति।

कुछ द्वितीयान्त पद तो क्रियात्मक विशेषण हैं - नक्तम् (रात को), कामम् (इच्छानुसार), नाम (नाम से), चिरम् (देरतक), क्षिप्रम् (जल्दी), अनुकामम् (इच्छानुसार), यावज्जीवम् (जीवन भर)।

सन्नन्त क्रिया से बने शब्दों के साथ द्वितीया विभक्ति वाले शब्दों का प्रयोग होता है - पाप्मानमपजिघांसुः = पाप को दूर करने वाला। वेद में तो अन्य शब्दों के साथ भी-यं यज्ञं परिभूरसि, वत्सांश्च घातुको वृकः।

कुछ कर्म प्रवचनीय कहे जाने वाले उपसर्गों तथा अन्यान्य अव्यओं के साथ भी द्वितीयान्त पदों का प्रयोग होता है - अभि, प्रति, तिरस्, अन्तरा, अभितः, उपरि, विना, इत्यादि।

जैसे कर्ता के साथ विधेय भाग में प्रथमान्त पद होते हैं वैसे कर्म के साथ भी द्वितीयान्त पद होते हैं- श्वानं वस्तो बोधयितारमब्रवीत्। अग्निं मन्ये पितरम्। अग्निं होतारं प्रवृणे।

कभी तो ऐसा लगता है कि दो वाक्य मिलकर एक हो गये हैं, लेकिन दोनों कर्म ज्यों के त्यों चले आये हैं - त्वां पृच्छामि + परमन्तं पृथिव्याः पृच्छामि = पृच्छामि त्वां परमन्तं पृथिव्याः। अपो याचामि + भंषजं याचामि = अपो याचामि भेषजम्। संस्कृत में दूसरे कर्म को अकथित कहते हैं।

सामान्य क्रिया का कर्ता प्रेरणार्थक का कर्म बन जाता है - यजमानो वक्ति - यजमानं वाचयति, सपत्नी गच्छति > सपत्नीं गमयामसि। यजमानः सुवर्गं लोकं गच्छति > यजमानं सुवर्गं लोकं गमयति।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

ब्राह्मण साहित्य में कुछ क्रियाओं के साथ प्रथमा विभक्ति के साथ तृतीया विभक्ति आने लगती है - वरुणस्ता अग्रहीत् > वरुणेन ता अग्राहयत्।

संस्कृत में जानना, खाना, लिखना, पढ़ना के प्रेरणार्थक रूपों के साथ द्वितीया विभक्ति लगती है, अन्य के साथ तृतीया - पुत्रो वेदं पठति पिता पुत्रं वेदं पाठयति, लेकिन शिष्य ओदनं पचति गुरुः शिष्येणौदनं पाचयति।

(१३९) करण

क्रिया के साधन में तृतीया विभक्ति लगती है - अहन् वृत्रमिन्द्रो वज्रेण। लेकिन साधन के साथ अन्यान्य भाव भी सम्मिलित हो जाते हैं — वयमिन्द्रेण सनुयाम वाजम्। 'साथ' का भाव भी व्यक्त होता है - देवो देवेभिरागमत्। 'से' का भाव तो प्रसिद्ध ही है - दिवा यान्ति मरुतो भूम्याग्निरयं वातो अन्तरिक्षेण याति।

जहाँ द्वितीयान्त का अनुवाद 'भर' से होता है, वहाँ तृतीयान्त का अनुवाद 'भर में' से-मासम् = महीने भर, मासेन = महीने भर में।

तृतीयान्त का प्रयोग किसी अन्य शब्द के कारण भी होता है - तेन युध्यति = उससे लड़ता है। पशुना चरति = पशु के साथ चलता है। किमृचा करिष्यति = ऋचा से क्या करेगा? सह, साकम् आदि के साथ तृतीया का प्रयोग तो संस्कृत तक चला आया है।

(१४०) सम्प्रदान

सम्प्रदान का मुख्य अर्थ है 'के लिये'। धा दा क्रिया के साथ इसका विशेष सहयोग है - दधाति रत्नं विधते = पुजारी को रत्न देता है। अग्निभ्यः पशुमालभते = अग्नि के लिये पशु को मारता है।

बहुत सी अन्य क्रियायें चतुर्थी से जुड़ी हैं - श्रदस्मै धत्त = इस पर श्रद्धा रखो। देवेभ्यो हव्यं वहति = देवताओं को हवि ले जाता है। विशः क्षत्रियाय बलिं हरति = किसान राजा को कर देता है। अथ को मह्यं भागो भविष्यति।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

नमः स्वस्ति स्वाहा स्वधा आदि के साथ चतुर्थी तो विख्यात ही है। मदाय सोमः वालं भक्षाय। कहीं द्वितीया की जगह चतुर्थी-वृत्राय (= वृत्रं) हन्तवे।

(१४१) अपादान

अपादान के रूप 'से' के प्रतिनिधि हैं - असतः सदजायत = असत् से सत् हुआ। भुज्युं समुद्रादूहथुः = भुज्यु को समुद्र से ले आये। शुनःशेपं यूपादमुंचः = शुनः शेप को खूँटे से छुड़ाया। यजुस्तस्मादजायत = उससे यजुस् पैदा हुआ।

डरना, बचाना आदि क्रिया पंचमी से जुड़ी हुई है - इन्द्रस्य वज्राद्बिभेत् = इन्द्र के वज्र से डरा। तस्मात् त्रायस्व = उससे बचाओ।

तुलना में इसी का प्रयोग करते हैं - विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः = इन्द्र सब से बड़ा है। ब्रह्म हि पूर्वं क्षत्रात् = ब्रह्म क्षत्र से पहले है।

(१४२) संबन्ध

षष्ठी विभक्ति का हिन्दी प्रतिनिधि 'का' है। यह स्वामित्व या अधिकार बताता है - वेः पर्णम् = चिड़िया का पंख। देवानां दूतः = देवों का दूत। देवानां सख्यम् = देवताओं की दोस्ती।

किसी विशेषण के साथ तो केवल संबन्ध दीखता है - रुद्रो वै क्रूरो देवानाम् = रुद्र देवताओं में सबसे चमकीला है। मित्रो वै शिवो देवानाम् = देवताओं में मित्र सबसे सौम्य है।

वाक्य की ऊपरी सतह पर जहाँ षष्ठी विभक्ति है, नीचली सतह पर वहाँ कर्ता या कर्म होता है -

उषा व्युच्छति > उषसो व्युष्टिः

वाजिनं युनक्ति > वाजिनो योगः

कहीं-कहीं तो सीधे क्रियाओं से ही षष्ठी का संबन्ध होता है - अस्माकमस्तु केवलः। तस्य शतं जाया बभूवुः। राजन्तमध्वराणाम्।

वास्तव में षष्ठी विभक्ति किसी परसर्ग का प्रतिनिधि है - मनोर्ह वा

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

ऋषभ आस = कहते हैं, मनु के पास एक बैल था। संवत्सरस्य द्विः = साल भर में दो बार।

(१४३) अधिकरण

'में, पर' के भाव को व्यक्त करने के लिये सप्तमी विभक्ति लगती है - दिवि = स्वर्ग में, पर्वते = पहाड़ पर, युधि = युद्ध में, इत्यादि। अस्य सुमतौ स्याम। वयं स्याम वरुणे अनागाः = हम वरुण के प्रति अपराधी न हों। उषसि = सुबह में, मासि मासि = हर महीने। स इद्देवेषु गच्छति = वही देवताओं के पास जाता है। सप्तमी का भाव तो उपसर्ग से भी व्यक्त हो जाता है - सीदत आ बर्हिः = कुश पर बैठो।

विश्वमधागायुधमिद्धे अग्नौ = आग के प्रज्वलित होने पर सब आयुध जल गये। यन्मरुतो मदथ सूर्ये उदिते = हे मरुत! जब सूर्य के उगने पर खुश होते हो। यद् हते कुर्यात्तत्कुरुत = मरने पर जो करते हैं वह करो। तस्यालब्धस्य सावागपचक्राम = उसके मारे जाने पर वह वाक् चली गयी।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

समास

(१४४) दो शब्दों के मिलने को समास कहते हैं। वेद में समास की पहचान है कि पूर्वर्ती पद अपनी विभक्ति खो देता है और दो पदों का उदात्त किसी एक पर चला आता है। इन दोनों नियमों के अपवाद भी हैं।

समास मुख्य रूप से दो ही हैं - द्वन्द्व और तत्पुरुष। पर तत्पुरुष में ही यदि दोनों पद एक विभक्ति वाले हैं, एक विशेषण है और अगला विशेष्य तो वे कर्मधारय कहलाते हैं। यदि कर्मधारय का ही पहला पद संख्या है तो वह द्विगु कहलाता है। वही कर्मधारय यदि किसी विशेष्य का विशेषण बन जाता है तो वह बहुव्रीहि कहलाता है। कर्मधारय ही अपने पूर्वपद के अनुसार पुनः अनेक नाम वाला हो जाता है, जिसका उल्लेख आगे करेंगे। कुछ समास वाक्य में किसी पद के दुहराने से होते हैं, जिसमें उदात्त किसी एक पर आ जाता है। कभी किसी दो पदों के आपस में सट जाने से समास बन जाते हैं।

सामान्यतः द्वन्द्व और तत्पुरुष का अन्तिम पद अपना लिंग कायम रखता है। ऐसा नहीं होने पर प्रायः पूरे समास पर नपुंसक लिंग की छाया आ जाती है। समास का वचन उसके अर्थ के अनुरूप होता है।

(१४५) द्वन्द्व

'और' द्वारा जुड़े हुए पद द्वन्द्व कहलाते हैं (चार्थे द्वन्द्वः)।

वेद में, समस्त होने पर भी प्रायः दोनों पद विभक्ति धारण करते हैं। इनके दोनों पद पर उदात्त भी होता है। ये देवता द्वन्द्व कहलाते हैं- मित्रा वरुण, मातरा-पितरा, द्यावा पृथिवी।

ऋग्वेद में तो दोनों पद अलग-अलग भी रहते हैं - नक्ता............उषासा।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

अन्य कारकों में भी ऐसे पद अपनी अलग-अलग विभक्ति रखते हैं- मित्रयोर्वरुणयो:। लेकिन बाद में विभक्ति अन्तिम पद पर आने लगी-मित्रा वरुणयो:, मित्रा-वरुणाभ्याम्। फिर उदात्त भी समास के अन्तिम अक्षर पर आ बैठा - सूर्या - चन्द्रमसा। अन्त में, पूर्वपद से विभक्ति भी हट गयी - इन्द्रवायू, दक्ष-क्रतू।

कुछ द्वन्द्व बहुवचन रूप वाले हैं - अहोरात्राणि (संस्कृत में अहोरात्र:), अजावय:, भद्रपापा:। बाद में तो एकवचन वाले रूप आने लगे जो नपुंसक होते थे - इष्टापूर्तम्, कृताकृतम्, केशश्मश्रु, भद्रपापम्।

अन्त में एक के द्विवचन रूप से दो या जोड़े का बोध होने लगा - द्यावा = द्यावापृथिवी, पितरा = मातापितरा।

(१४६) तत्पुरुष

तत्पुरुष का पहला पद प्रथमा विभक्ति छोड़कर अन्य विभक्ति वाला होता है - कष्टं श्रित: = कष्टश्रित:, अग्निना दग्ध: = अग्नि दग्ध:, राज्ञ: पुत्र: राजपुत्र:।

वेद में, अन्तिम पद प्राय: स्वतंत्र रूप से प्रयुक्त नहीं होते - हविरद्, गोघ्न: इत्यादि।

कुछ समास में तो पूर्वपद की विभक्ति लुप्त नहीं होती - धनंजय, वाचा स्तेन:, दस्यवे वृक:, दिवीजा, ब्रह्मणस्पति, दिवियज्, अप्सु सद्। ये समास अलुक् कहलाते हैं।

(१४७) कर्मधारय

विशेषण पूर्वपद वाला कर्मधारय (कृष्ण: काक: = कृष्णकाक:) संहिता में बहुत कम हैं। जैसे - कृष्णशकुनि:, चन्द्र-मा:, महाग्राम:, पूर्वाह्ण:।

कुछ पूर्वपद विशेषण तो नहीं हैं, लेकिन उत्तरपद से इनकी तुलना हो सकती है- पुरुष-मृग: (पुरुष: मृग इव)। लोक में यह उपमित कहलाता है।

उपमान और उपमेय का समास तो चल पड़ा था, पर उपमान और सामान्य वचन (घनश्याम) का समास शुरु नहीं हुआ था।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

द्विगु समास वेद में इने गिने हैं - दशांगुल, इत्यादि।

बहुव्रीहि

कर्मधारय जब दूसरे किसी शब्द का विशेषण बन जाते हैं तो वे बहुव्रीहि कहलाते हैं - बहुः व्रीहिः (कर्मधारय) : बहुः व्रीहिः यत्र स बहुव्रीहिः (ग्राम)। इन्द्रस्य शत्रुः = इन्द्र-शत्रुः (तत्पुरुष)। यहाँ उदात्त श पर है। इन्द्रः शत्रुः यस्य स इन्द्रशत्रुः (वृत्रः) — उदात्त इ पर है। यह बहुव्रीहि है। राज्ञः पुत्रः = राजपुत्रः (तत्पुरुष)। राजा पुत्रःयस्य स राजपुत्रः (बहुव्रीहि)। बहुव्रीहि समास स्वयं विशेषण बन जाता है।

कुछ शब्दों का अन्तिम स्वर बदल जाता है — सखि लेकिन कवा-सख (गरीब दोस्त वाला), गन्ध, लेकिन धूम-गन्धिः (धूएँ की गन्ध वाला)।

कुछ बहुव्रीहि उपसर्ग पूर्वपद होते हैं - अतिरात्र (रात भर चलने वाला), आ-पथि (रास्ते पर पड़ा हुआ)। अनुकाम (इच्छानुसार होने वाला)।

कुछ शतृपूर्वपद कर्म धारय हैं - धारयत्कवि, भरद्वाज, जमदग्नि, (= गमदग्नि)। संस्कृत में जयद्रथ आदि।

कुछ समास तो दो पदों के आपस में सट जाने से बने हैं - ये यजामहे, अहमुत्तरः, मम सत्य, मां पश्य, अहं पूर्व इत्यादि।

कुछ समास में शब्द दुहराये हुए है। उन्हें समास मानने का एक कारण है कि अगला पद अनुदात्त हो जाता है - दिवे दिवे, अहरहः, गृहे-गृहे। पद पाठ में इन्हें अवग्रह से अलग करते हैं। एकाध वार तो क्रिया भी दुहरा जाती है - पिब-पिब। प्रेहि-प्रेहि में दोनों पर उदात्त है, क्योंकि इसे समास नहीं माना है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लकारार्थ

(१५०) संस्कृत में वर्तमान काल के लिये लट् ही है। पर यह इतना व्यापक है कि एक ओर भूत को छूता है, दूसरी ओर भविष्य को (वर्तमान सामीप्ये वर्तमानवद्वा)। कदागतः? अयमागच्छामि (कब आये? आ ही रहा दूँ। अभी अभी आया हूँ)। कदा गमिष्यसि? एष गच्छामि (जा ही रहा हूँ। अभी-अभी जाऊँगा)। इसलिये लट् प्रायः वैसी घटना को बताता है जो पहले शुरु हुआ और अभी भी चल रहा है, आगे भी चलेगा। संस्कृत तक आते-आते तो लट् + स्म = लङ्, लट् + पुरा, यावत् = लृट्।

वेद में तो लट् कभी-कभी लृट् का काम करता है - अहमपि हन्मीति होवाच = मैं भी मारूँगा- ऐसा कहा। कहीं लङ् का काम करता है - दानुः शये सहवत्सा न धेनुः = दानव वैसे सो रहा था जैसे बछड़े के साथ गाय। त्वष्टा यद् वज्रमवर्तयद् धत्त इन्द्रः = जब त्वष्टा ने वज्र को घुमाया तो इन्द्र ने उसे पकड़ लिया। ऐसा प्रयोग लोक में भी है- हिरण्यको बिले स्वपिति = हिरण्यक बिल में सोता था। संस्कृत में लट् लोट् का भी काम करता है - किं करोमि क्व गच्छामि = क्या करूँ? कहाँ जाऊँ। किमात्मनिर्वादकथामुपेक्षे जायामदोषामुत संत्यजामि।

(१५१) वेद में भूत के लिये चार लकार हैं - लङ्, लुङ्, लिट् तथा लिट्+लङ्।

लङ् तो कहानी का भूतकाल है। ऐसा लगता है कि वर्तमान से इसका कोई संबन्ध ही नहीं है। इसीलिये पाणिनि भी बताते हैं कि इसका संबन्ध आज से नहीं है (अनद्यतने लङ्) - अहन्नहिम्। प्र वक्षणा अभिनत्पर्वतानाम् (वृत्र को मारा। पहाड़ का पेट फाड़ दिया)। न वै त्वमकरोर्यदब्रवम् (जो मैंने कहा वह तुमने नहीं किया)।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

लुङ् को पाणिनि सामान्य भूतकाल मानते हैं (भूते)। इसका संबन्ध वर्तमान से है। यह अपूर्ण भूत है। वह गया है, चला है, खाया है। आसन्न भूत भी कह सकते हैं - प्रति दिवो अदर्शि दुहिता = स्वर्ग की बेटी दिखायी पड़ी है। यस्माद् दुःस्वप्नाद् अभैष्म अप तदुछतु = जिस बुरे सपने का डर है, उसे दूर करे। ज्योग्वा इयमुर्वशी मनुष्येष्ववात्सीत् = मनुष्यों के बीच यह उर्वशी बहुत दिनों तक रह गयी है। लङ् से इसका अन्तर कहीं-कहीं साफ दिखायी देता है- यज्ञो देवेभ्य उदक्रामत (लङ्) = यज्ञ देवताओं के पास से चला गया। ते देवा अब्रुवन् - यज्ञो न उदक्रमीत् (लुङ्) = वे देवता गण बोले - यज्ञ हमारे पास से चला गया है। तां यदपृच्छन् त्साब्रवीत् - अद्य अमृत = उससे जब पूछा, तो वह बोली - आज मरी है। तं देवा अब्रुवन् - महान् वा अयमभूद् यो वृत्रमवधीद् इति = उससे देवताओं ने कहा - यह महान् है जिसने वृत्र को मारा है। संक्षेप में - लङ् = गया, लुङ् = गया है।

लिट् वैसे भूतकाल को बताता है जो पहले कभी शुरु हुआ और अभी भी चल रहा है, या अभी-अभी खत्म हुआ है। इसलिये कभी तो यह वर्तमान है (जाता है, जा रहा है), लेकिन कभी यह अपूर्ण या आसन्न भूत है (गया है) - क्वेदानीं सूर्यः। कश्चिकेत = अभी सूर्य कहाँ है? कौन जानता है? को बिभाय = कौन डरता है? वने वने शिश्रिये = हर पेड़ पर बैठता है। तनूषु दधिरे = वे पहनते हैं। यः शश्वतो जघान = जो सबों को मारता है। अपां नपातं परि तस्थुरापः = अपां नपात् के चारों ओर जल है।

कुछ लिट् के रूप अपूर्णभूत हैं - यत्सीमागश्चकृमा तत्सुमृळतु = जो पाप हमने किये हैं उसे माँफ करें। उवास उषाः = उषा ने प्रकाश फैलाया है। किमाग आस वरुण=हे वरुण, क्या पाप हुआ है?

कभी तो यह भूत में ही सिमट कर रह जाता है और वर्तमान की ओर झांकता भी नहीं - इन्द्रश्च यद्युयुधाते अहिश्च............मघवा विजिग्ये = जब इन्द्र और वृत्र लड़ रहे थे ...., तो इन्द्र जीत गये। पाणिनि ने जो 'परोक्षे लिट्' कहा, उसके आधार ऐसे ही वाक्य हो सकते हैं। उनके इस निर्देश के कारण लौकिक संस्कृत में लिट् का प्रयोग प्रथम पुरुष में सिमट कर रह गया।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

ब्राह्मण साहित्य में तो लङ् और लुङ् आपस में घुल-मिल जाते हैं। लौकिक संस्कृत में लङ्, लुङ् और लिट् सामान्य रूप से भूतकाल हो जाते हैं। कवियों ने भेद कायम रखने की कभी कोशिश नहीं की और अपनी सुविधा के अनुसार उनका प्रयोग करते रहे। यह सच है कि लिट् का प्रयोग उत्तम और मध्यम पुरुष में बन्द हो गया।

लिट् + लङ् तो विशुद्ध भूत काल है। इसे पूर्णभूत (गया था, चला था, खग्या था) कह सकते हैं (चला था और चलना बहुत पहले समाप्त भी हो गया) यह लगभग लङ् और लुङ् के भी समान है और भेद बताना कठिन है। अत्रा समुद्र आ गूळहमा सूर्यमजभर्तन = तुम समुद्र में छिपे सूर्य को ले आये। हिरण्ययीममतिं यामशिश्रेत् = जिस स्वर्णमयी अमति को फैलाया।

गमयां चकार जैसे लिट् का प्रयोग तो अथर्ववेद में शुरू हो गया था। पर इसका पूरा विकास नहीं हो पाया। लौकिक संस्कृत कवियों ने इसे अपनाने की कोशिश की, पर यह लोकप्रिय नहीं हो पाया।

(१५२) लृट्

वेद में लृट् का आरंभ ही हुआ था। भविष्य का भाव कभी लट् से प्रकट हो जाता था, कभी लेट् से। इसलिये भाषा के इतिहास में बहुत दिनों तक इसकी जरूरत ही न पड़ी।

इसके रूप निकले भी कहाँ से?-स्-और इष् वाले लुङ् के गर्भ से इसकी उत्पत्ति हुई। स् और इष् को-य से आगे बढ़ाकर और लट् की विभक्ति जोड़कर लृट् के रूप बने।

वेद में थोड़े ही उदाहरण हैं - तस्य विभागं वक्ष्यामः। स्तविष्यामि त्वामहम्। किंस्विद् वक्ष्यामि किमु नू मनिष्ये।

लृट् का एकाध प्रयोग तो आज्ञार्थक भी है। यही प्रयोग कालिदास ने भी दिखाया है - मार्गं तावच्छृणु ....सन्देशं तदनु श्रोष्यसि।

चुंकि लृट् का जन्म लुङ् से हुआ है इसलिये लृट् से ऐतिहासिक घटना का भी उल्लेख किया जाता है। पाणिनि ने इसकी ओर इशारा भी

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

किया है (अभिज्ञावचने लृट्)। पर गौरांग महाप्रभु पार्जिटर साहब ने इसे गलत समझा। पुराणों में राजाओं की वंशावली में लृट् का प्रयोग देखकर इसे 'पवित्र धोखेवाजी' बतायी। वास्तव में, चन्द्रगुप्तो भविष्यति = चन्द्रगुप्त हुआ। (यह कहने का पौराणिक ढंग था)। संस्कृत के और उदाहरण हैं - स्मरसि कृष्ण गोकुले वत्स्यामः (कृष्ण! याद है न कि हमलोग गोकुल में रहते थे)। स्मरसि। भवानमुं हनिष्यति (याद है न कि आपने उसे मारा था)।

(१५३) लुट्

लुट् का प्रयोग वेद में तो नहीं है, ब्राह्मणों में है। वहाँ भी इसका प्रयोग अभी शुरू ही हुआ था - तन्म एकां रात्रिमन्ते शयितासे। जात इ तेऽयं तर्हि पुत्रो भविता = तब एक रात मेरे पास सोओगे। तब यह पुत्र होगा।

यह लकार भी सुदूर भविष्य के लिये होने लगा। 'आज' के साथ इसका संबन्ध नहीं है। इसलिये पाणिनि भी कहते हैं - अनद्यतने लुट्। 'अद्य सभा भविता' कहना गलत है। ब्राह्मण ग्रन्थों में बहुत से आर्ष रूप हैं - श्वो व्रष्टा - इति ब्रूयात् (कल बरसेगा - ऐसा कहे)। यर्हि वाव वो मया अर्थो भविता तर्ह्येव वोऽहं पुनरागन्तास्मि = जब ही तुझे मेरी जरूरत होगी तब मैं तुम्हारे पास आऊँगा। सैवेयमद्यापि प्रतिष्ठा सो एवाप्यतोऽधि भविता = आज यह प्रतिष्ठा है और यही आगे भी होगा। गीता में भी कुछ अच्छे प्रयोग है - नायं भूत्वा भविता वा न भूयः = होकर यह आगे भी कभी नहीं होगा। भवितासि ततः कृती = तभी सफल होगे। भविता और असि को अलग नहीं रखा जाता पर कालिदास ने ऐसा किया है- त्वमसि भविता। संस्कृत में भी लुट् के प्रयोग बहुत लोकप्रिय नहीं हैं।

(१५४) अर्थ

अब अर्थों पर विचार करना चाहिये। अर्थ चार हैं - लेट् लोट् लिङ् और आगम रहित आज्ञार्थक भूत।

पहली नजर में लोट् आज्ञार्थक है, लिङ् इच्छा व्यक्त करता है, और लेट् इन दोनों के बीच में है। लेट् में न लोट् वाली कठोरता है न लिङ्

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

वाली विनयशीलता। लोट् की आज्ञा को मानना ही पड़ेगा, पर लिङ् की इच्छा ठुकरा दी जा सकती है। लेट् का संबन्ध ऐसी क्रियाओं से है जिस पर कर्ता का वश चल सकता है। लेकिन फिर भी वास्तविकता यही है कि लोट् केवल आज्ञा ही नहीं है। यह इच्छा प्रार्थना आदि की ओर खिसक आता है। लिङ् की इच्छा प्रबल हो जाती है और यह विनम्र आज्ञा तक पहुँच सकती है।

रूप के विचार से देखा जाये तो लोट् बहुत से रूपों में आगमरहित लङ् से भिन्न नहीं है। पाणिनि भी कहते हैं - लोटो लङ्वत्। हम जानते हैं कि आगमरहित लङ् और लुङ् आज्ञार्थक होता है। अतः भू धातु का पर० भवतु भवन्तु और भव ही शुद्ध लोट् रूप है, क्योंकि भवताम् भवतम् और भवत तो आगमरहित आज्ञार्थक लङ् है। उत्तमपु० में तो लोट् के अपने रूप हैं नहीं। वे लेट् के हैं।

संस्कृत में तो कोई परेशानी नहीं, क्योंकि आगमरहित आज्ञार्थक लङ् सदा मा के साथ रहते हैं। पर वेद में ऐसा कोई तत्त्व नहीं जो इन्हें अलग-अलग बता सके। अभिप्राय से ही पता चल सकता है कि कहाँ ये लोट् के रूप हैं और कहाँ लङ् के।

वास्तव में, भाषा के इतिहास में आगम रहित आज्ञार्थक लङ्, लुङ् पहले उभरा था, अ आगम को हटा कर, बाद में लेट् उभरा, उसके अन्तिम अक्षर पर दीर्घ स्वर लाकर। लोट् तो बाद में आया और लिङ् तथा आशीर्लिङ् सबसे अन्त में।

लिङ् के उभरते ही लेट् के साय उसकी प्रतियोगिता शुरू हुई। ऋग्वेद में तो लेट् और लिङ् दायें-वायें चलते हैं, यद्यपि लिङ् की हालत कमजोर है। लेकिन बाद में लिङ् लेट् पर हावी होने लगता है और संस्कृत के द्वार तक आते-आते उसे उखाड़ फेंकता है। लेट् अपने उत्तम पु० वाले रूपों को लोट् को सोंप कर चुपचाप विदा हो जाता है।

इस छोटी सी भूमिका के बाद हम सब अर्थों पर अलग-अलग विचार करेंगे। इनके अर्थ विभिन्न पुरुषों से संयोग पर निर्भर करते हैं।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

(१५५) लोट्

लोट् मध्यमपु० में ही आज्ञार्थक है — अहेळमानो बोधि = नाराज न हो। देवाँ इहावह = देवताओं को यहाँ लाओ। अस्य शीर्षाणि छिन्धि = इसके सिर काटो। प्रथम पु० में तो प्रार्थना इच्छा व्यक्त होती है - प्रवामश्नोतु सुष्टुतिः = स्तुति तुम तक पहुँचे। हन्त एको नो वेतु = आओ, हम में से कोई पावे। उत्तमपु० तो इसका अपना है नहीं।

ऋग्वेद में कुछ लट् के रूप लोट् अर्थ वाले लगते हैं — देवाँ आ वक्षि यक्षि च = देवताओं को बुलाओ और पूजो। पर्षि नः पारमंहसः स्वस्ति = हमें सकुशल दुख के उस पर ले चलो।

वास्तव में ये लट् के रूप नहीं हैं। ये लेट् के रूप हैं, लेकिन विभक्ति के पहले अट् आगम नहीं लगा हुआ है (असि - सि) - पृ पर्षि वह् वक्षि यज् यक्षि। शब्दरूप में भी विभक्ति ६ अस् की जगह केवल स् रहता है - दम् + स् = दन् (पतिर्दन् = दम्पतिः)।

(१५६) आगम रहित आज्ञार्थक भूत

उत्तमपु० में तो इन रूपों से कर्ता का इरादा जाहिर होता है। इनके साथ ऐसी क्रियायें हैं जिनका सम्पादन कर्ता के वश में है। विष्णोर्नुकं वीर्याणि प्रवोचम् = इरादा है कि विष्णु की वीरता का गुणगान करूँ। तेन जेष्म धनं धनम् = उससे धन ही धन जीतें।

मध्यम पु० आज्ञार्थक है- पूषन्निह क्रतुं विदः = पूषन् यहाँ बुद्धि दो।

प्रथम पुरुष में आग्रह या प्रार्थना है - अग्निर्जुषत नो गिरः = अग्नि हमारी बात माने। इमा हव्या जुषन्त नः = हमारी हवि स्वीकार करें।

ब्राह्मण साहित्य से इन आज्ञार्थक रूपों के साथ मा आने लगता है और सभी आज्ञायें निषेधार्थक होने लगती हैं - मा वध्यध्वम् = मत मारो। मा बिभीत = न डरे। इन्हीं प्रयोगों को देखकर पाणिनि ने कहा - न माङ्योगे। संस्कृत में तो एकबार है - मा त्वमगमः।

(१५७) लेट्

लौकिक संस्कृत में लोट् का उत्तम पु० वाला रूप वैदिक लेट् की देन है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

उत्तमपु० में कुछ खास ही धातु, जैसे हन् कृ सु ब्रू इत्यादि - लेट् से संबद्ध हैं। कुछ अन्य धातु जैसे जि, तृ, सह, अश्, नश्, विद् शक् इत्यादि - लिङ् से संबद्ध हैं। पहले पर कर्ता का वश चल सकता है, दूसरे पर नहीं। उत्तम पु० में कर्ता का वश चल सकता है, दूसरे पर नहीं। उत्तम पु० कर्ता का इरादा जाहिर है- स्वस्तये वायुमुप ब्रवामहे = कल्याण के लिये वायु से प्रार्थना करने का इरादा है। प्र नु वोचा सुतेषु वाम् = सवन के समय मैं कहूँगा। दक्षिणतो भवा मे - अधा वृत्रा जंघनाव भूरि = हमारे दाहिने रहो। तभी सब दुश्मनों को मारेंगे। जेषाम इन्द्र त्वया युजा = हे इन्द्र, तुम्हारे साथ रहकर हम जीतें। वरं वृणै = वर माँगूँ। सोमं राजानं हनाम = सोम राजा को मारें।

मध्यपु० में आग्रह है - हनो वृत्रं जया अपः = वृत्र को मारो। पानी जीतो। अग्ने श्रृणुहि। देवेभ्यो ब्रवसि = देवताओं को कहो न। पिबाथो अस्मे मधूनि = हमारे साथ तुम दोनों मधु पियो।

प्रथमपु० में इच्छा मात्र है - इमं नः श्रृणवद्धवम् = हमारी पुकार सुने। उरुं न इन्द्रः कृणवदु लोकम् = इन्द्र हमारे लिये विशाल स्थान बनावे। स देवाँ एह वक्षति = वह देवताओं को यहाँ लावे। अग्निमीळे, स उ श्रवत् = अग्नि की स्तुति करता हूँ। वह सुने।

(१५८) लिङ्

लिङ् मुख्य रूप से इच्छा व्यक्त करता है, और वेद में, खासकर ऋग्वेद में तो यह लेट् के साथ हाथ में हाथ मिलाकर चलता है, यद्यपि इसका प्रयोग लेट् की तुलना में बहुत कम है।

उत्तमपु० में तो प्रबल इच्छा व्यक्त होती है - उषस्तमश्यां यशसं रयिम् = हे उषा, मैं यशस्वी धन पाऊँ। विधेम ते स्तोमैः = हम स्तोत्रों से तेरी पूजा करें। वयं स्याम पतयो रयीणाम् = हम धन के पति हों। ओ चित् सखायं सख्या ववृत्याम् = अरे दोस्ती के लिये दोस्त की ओर मुड़ें।

मध्यमपु० के रूपों का कम प्रयोग हुआ है। वहाँ भी केवल प्रार्थना है - आ नो मित्रा वरुण होत्राय ववृत्याः = मित्र और वरुण को हमारे होत्र के लिये लाओ। त्या मे हवमाजगम्यातम् = मेरी पुकार पर आओ।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

प्रथम पु० में तो संभावना व्यक्त होती है - मीढ्वाँ अस्माकं बभूयात् = हम पर दयालु होवे। धीरे-धीरे लिङ् का प्रयोग बढता है और लेट् का घटता है — कस्मै देवाय हविषा विधेम = किस देवता की पूजा हवि से करें। न रिष्येम कदाचन = कभी हमारी हानि न होवे। ब्राह्मण साहित्य में 'सकना' अर्थ जुट गया था। गच्छेत्-जा सकता है।

संस्कृत में आकर तो लिङ् और लोट् इस तरह घुलमिल गये कि एक लिये दूसरे का प्रयोग होने लगा।

(१५९) आशीर्लिङ्

यह मुख्य रूप से ऋग्वेद और अथर्ववेद तक सीमित है तथा इच्छा और प्रार्थना से जुड़ा हुआ है। इसमें गिरगिराने का भाव निहित है, परवशता है, और शायद इसीलिये लिङ् के पहले आशिष् जोड़ा गया है। यो नो द्वेष्ट्यधरः स पदीष्ट = जो हमसे द्वेषकरता है वह नीचे गिरे।

ब्राह्मण में भी इसका प्रयोग ज्यादा नहीं हुआ है, और लौकिक साहित्य में तो नाममात्र का।

(१६०) लृङ्

यह 'यदि - तो' का भाव व्यक्त करता है। संपूर्ण वेद में एक ही वार इसका प्रयोग हुआ है। शुरु में तो एक ओर वर्तमान या भूत और दूसरी ओर लृङ् था। बाद में दोनों ओर लृङ् रहने लगा - वृष्टिरभविष्यच्चेत्सुधान्यम भविष्यत्। अन्त में एक ओर लिङ् और दूसरी ओर लृङ् रहने लगा - यदि न दण्डयेत् - शूले मत्स्यानिवापक्ष्यन् निर्बलान् बलवत्तराः। इसी तरह उसकी सन्ध्या हो गयी।

(१६१) क्रियात्मक विशेषण और अव्यय

वैदिक भाषा के इतिहास में क्रियात्मक विशेषण और अव्यय का प्रयोग बहुत बाद में शुरू हुआ। वास्तव में इनका विकास दो वाक्यों के जोड़ने से हुआ। संक्षेप में उन पर विचार कर लें।

शतृ शानच्

विश्वमन्यः परिचष्टे + एति = विश्वमन्यः परिचक्षाण एति। (दूसरा सबों

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

को देखता हुआ चलता है)। विचाकशीति चन्द्रमा नक्तम् + एति = विचाकशच्चन्द्रमा नक्तमेति (रात को चन्द्रमा चमकता हुआ चलता है)।

क्सु कानच्

वेद में ये दुर्लभ हैं।

निष्ठा

ये क्रियात्मक विशेषण क्रिया का ही काम करते हैं - ततं मे अपस्तदु तायते पुनः (मेरा काम तो हो गया, फिर किया जा रहा है)।

कृत्य

सखा सखिभ्य ईड्यः (दोस्त दोस्त की प्रशंसा करे)। तस्मै देयम् (उसे देना चाहिये)। रिपवो हन्त्वासः (शत्रुओं को मार देना चाहिये)। न ब्राह्मणो हिंसितव्यः (ब्राह्मणों को न मारना चाहिये)।

त्वा ल्यप्

तमोऽगूहत् + उषा अबोधि = गूढ्वी तमोऽज्योतिषा उषा अबोधि (अन्धकार को ढक कर प्रकाश के साथ उषा जगी)। यो अभ्येति + शत्रुं हन्ति = यो हन्ति शत्रुमभीत्य। जो सामने आकर शत्रु को मारता है। निषीद + पिव = पिवा निषद्य (बैठकर पियो)।

तुमुन्

क उपगात् + को विद्वांसमेतत्प्रक्ष्यति = को विद्वांसमुपगात् प्रष्टुमेतत्। भूयो दास्यसि + अर्हसि = भूयो दातुमर्हसि (तुम फिर दे सकते हो)। ता वां वास्तून्युश्मसि गमध्यै (हम तुम्हारे उन-उन स्थानों को जाना चाहते हैं)। आ यातं पाराय गन्तवे। (उस पर जाने के लिये दोनों आओ)। कवीं रिच्छामि संदृशे (कवियों को देखना चाहता हूँ)। अग्निं द्वेषो योतवै नो गृणीमसि = अपने द्वेष को दूर करने के लिये अग्नि की स्तुति करता हूँ।

बनावटी क्रियायें

वेद में प्रेरणार्थक क्रिया, नाधातु, सन्नन्त और यङन्त-यङ्लुगन्त सभी हैं। संस्कृत के जानकार उन्हें अच्छी तरह समझ सकते हैं। उनपर विशेष प्रकाश डालना अभीष्ट नहीं।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

उदात्तादिस्वर

(१६२) वैदिक मंत्रों के पाठ में आवाज (स्वर) कभी ऊँची हो जाती है, कभी नीची। ये स्वर (आवाज) तीन तरह के हैं - उदात्त (ऊपर उठा हुआ), अनुदात्त (नीचे गिरा हुआ) तथा स्वरित (बीच का)। सारी वैदिक संहितायें तथा तैत्तिरीय और शतपथ ब्राह्मण स्वरचिह्न से युक्त हैं। तैत्तिरीयारण्यक और बृहदारण्यकोपनिषद् भी स्वरचिह्न से युक्त है।

ऋग्वेद, अथर्ववेद, वाजसनेयिसंहिता तथा तैत्तिरीय संहिता में स्वरचिह्न का एक ढंग है। मैत्रायणी और काठक संहिता में दूसरा ढंग है। शतपथ ब्राह्मण में तीसरा ढंग है। सामवेद का ढंग सबसे अनोखा है।

ऋग्वेद में उदात्त के लिये कोई चिह्न नहीं है। अनुदात्त के लिये अक्षर के नीचे एक लकीर है, और स्वरित के लिये अक्षर के ऊपर एक रेखा - दे॒वस्य॑ में व पर उदात्त है। अ॒ग्निना॑ में ग्नि पर उदात्त है।

उदात्त के बाद स्वरित का चिह्न देकर अगले अनुदात्त पर चिह्न नहीं डालते — भव॑ति में भ पर उदात्त है। लेकिन व पर स्वरित चिह्न देकर ति पर अनुदात्त का चिह्न नहीं देते।

यदि उस अनुदात्त के बाद उदात्त आ जाये तो अनुदात्त पर चिह्न पड़ जायेगा- भव॑ति॒ सः।

वाक्य या पाद के आदि में यदि कई अनुदात्त हों और उनके बाद उदात्त आ जाये तो सभी अनुदात्तों को चिह्नित करते हैं - वै॒श्वा॒न॒रम्।

स्वरित के बाद अनुदात्त पर तब तक चिह्न नहीं लगता जब तक आगे उदात्त नहीं आ जाता - इ॒मं मे॑ गंगे यमुने सरस्वति॒ शुतु॑द्रि।

स्वरचिह्न का यह नियम पाद के अन्दर नहीं, श्लोकार्ध के अन्दर है।

CC-0. Shri Vipin Kumar Col. Deoband. In Public Domain.

Digitized by Madhuban Trust, Delhi

स्वरित का दो भेद हैं। जो स्वरित उदात्त के बाद अनायास आ जाता है उसे अनित्य कहते हैं - भर्वति का स्वरित अनित्य है।

जो स्वरित उदात्त और अनुदात्त के योग से बनता है उसे नित्य कहते है - क्व।

जब नित्य स्वरित के बाद उदात्त आता है तो ह्रस्व स्वर के बाद १ और दीर्घ स्वर के बाद ३ डालकर उस पर अनुदात्त और स्वरित दोनों चिह्न डाल देते हैं - अ॒प्सु - अ॒न्तः = अ॒प्स्व१॒न्तः, रा॒यो - अ॒वनि = रा॒यो ३॒ऽवनिः।

